कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी 03:23 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 340, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90 16

पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज 15

## सभी जिलों में नियुक्त होंगे औषधि नियंत्रक अधिकारी

- उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 77 पदों का दिया प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की औषधि नियंत्रण शाखा में जल्द ही जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी का पद गठित होगा। जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी विभाग की औषधि शाखा का प्रभारी होगा। जो जिले में तैनात औषधि निरीक्षकों (ड्रग इंस्पेक्टरों) के कार्यों की मॉनिटरिंग करेगा और मंडल स्तर पर तैनात सहायक आयुक्त औषधि को रिपोर्ट करेगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिला स्तर पर जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों के नए पद के सृजन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसमें 77 नए पद गठित करने की मांग की गई है।औषधि नियंत्रक अधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश के 75 जिलों में व दो जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों की तैनाती मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। तैनाती सीधे न होकर ड्रग इंस्पेक्टरों के प्रमोशन से करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में प्रदेश में ड्रग इंस्पेक्टर के 198 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 109 ड्रग इंस्पेक्टर तैनात हैं।

## ग्राम पंचायतों को बनाएं स्मार्ट, जाति-निवास-आय प्रमाण पत्र वहीं बने

### मुख्यमंत्री ने दिया स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी सुझाव, सरकारी सेवा में चयनित 1950 युवाओं को लोकभवन में दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ग्राम पंचायतों को भी स्मार्ट बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने तमाम सुझाव देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में जनसहभागिता से साफ-सफाई की व्यवस्था हो। लोगों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र वहीं पर मिले। महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। इससे सुरक्षा भी होगी तो रात में लाइट भी जलेगी। सेंसर या किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं कि समय पर ऑन-ऑफ हों। गांवों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाएं। केंद्र सरकार के स्तर पर कोई प्रतियोगिता हो तो हमारी ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कार मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय अतिरिक्त आय के भी माध्यम बन सकते हैं। वहां कम्युनिटी सेंटर बन सकता है, सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकते हैं। यूजर चार्ज के आधार पर सुविधा दीजिए। इससे गांव के पास भवन भी होगा। फेयर प्राइस शॉप ग्राम सचिवालय के पास मॉडल के रूप में बन रही है। केवल सरकारी राशन ही नहीं, अन्य सामान भी वितरित कीजिए। इसका किराया ग्राम पंचायत में जमा होगा। यह भी ग्राम पंचायत के अतिरिक्त इनकम का माध्यम बन सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग, अपर मुख्य सचिव (पंचायती राज) नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव (समाज कल्याण) डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव (नियुक्ति व कार्मिक) एम. देवराज, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रभारी अध्यक्ष ओएन सिंह आदि मौजूद रहे।



लोकभवन में नव चयनितों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मंत्रिगण ओम प्रकाश राजभर, असीम अरुण, संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

### राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** राज्य कर्मियों को दिवाली से पहले वेतन, बोनस और अब महंगाई भत्ता भी दिए जाने की घोषणा शासन ने की है। राज्य के 17 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी की बढ़ोतरी का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत हो गया। बढ़ा हुआ डीए दिवाली के पहले 30 अक्टूबर को सैलेरी के साथ मिल जाएगा। डीए वृद्धि का लाभ जुलाई 2024 से मिलेगा। इस बार दीपावली से पहले कर्मचारियों को वेतन, बोनस और महंगाई भत्ता तीनों मिलेंगे।




## एक नजर

### पांच साल में 50 और हवाई अड्डे विकसित करेंगे

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच साल में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे विकसित करने का है। कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। नागर विमानन मंत्री ने दिल्ली में एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया मुख्यालय पर प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही।

### शर्मा को एनआईओएस अध्यक्ष पद से हटाया

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की अध्यक्ष पद से हटा दिया है। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली पुलिस ने सरोज शर्मा के खिलाफ उनके ड्राइवर की आत्महत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया था। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, शर्मा को उनके मूल विभाग गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में वापस भेज दिया गया है।

## एयर इंडिया सहित 70 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

### धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानें की गईं डायवर्ट, कई की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

- विमानों की गहन छानबीन के बाद फर्जी निकलीं धमकियां
- पिछले 11 दिनों के भीतर 250 विमानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों की 70 से अधिक उड़ानों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया जबकि अन्य की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद गहन जांच की गई, छानबीन के बाद ये धमकियां फर्जी निकलीं।

पिछले 11 दिन में लगभग 250 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने वाली थीं। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अकासा एयर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर रख रहा है। वह सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। हम स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। नागर विमानन मंत्रालय, उड़ानों को मिल रही झूठी धमकियों की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डाला जा सकता है। इस सूची का मकसद उपद्रवी यात्रियों की पहचान करना और उन्हें विमान में चढ़ने से प्रतिबंधित करना है।



### आगरा एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के खेरिया एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने इस सूचना के साथ थाना शाहगंज में मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया कि विगत चार अक्टूबर को सीआईएसएफ की आगरा एयरपोर्ट इकाई की ऑफिशियल मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश भेजा गया। जानकारी गृह मंत्रालय को देने के बाद सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बुधवार देर रात थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया। सीआईएसएफ के अधिकारिक ईमेल पर चार अक्टूबर दोपहर 1.16 बजे ये धमकी भरा मेल मिला। धमकी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया।

### भुवनेश्वर-झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर आई धमकी भरी कॉल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और झारसुगुड़ा में वीर सुरेंद्र साई हवाई अड्डे पर गुरुवार को बम की धमकी की कॉल मिलने पर हाईअलर्ट के साथ ही बम और डॉग स्क्वॉड को तुरंत तैनात किया गया। बीपीआईए के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने बताया कि दोनों हवाई अड्डों और बेंगलुरु से पहुंची एयर आकाश की फ्लाइट की जांच में कोई बम नहीं मिला। धमकी 'एक्स' पर एक पोस्ट से मिली, जिसमें कहा गया था कि बेंगलुरु-भुवनेश्वर एयर आकाश की फ्लाइट में बम है। बेंगलुरु-झारसुगुड़ा इंडिगो विमान के बारे में बम की धमकी वाली कॉल मिलने के बाद झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की गई।

## छठ और दिवाली पर चलाई जाएंगी 7 हजार स्पेशल ट्रेनें

### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस फैसले को दी गई मंजूरी

- दो बड़ी रेल परियोजनाओं को भी मंत्रिमंडल की मिली स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष (स्पेशल) ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलाई थीं, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है। सरकार ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी 6798 करोड़ रुपये की लागत वाली दो रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर कुल 6,798 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बिहार में नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के 256 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण और अमरावती होते एर्रुपलेम और नाम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर की नई लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इन दोनों परियोजनाओं से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और बिहार को लाभ होगा। कहा गया कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क सुविधा मजबूत होगी। नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नाम्बुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। सरकार के अनुसार, तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों से गुजरने वाली वाली ये दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की बढ़ोतरी करेंगी।



### अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। इस कोष से क्षेत्र की लगभग 40 स्टार्टअप इकाइयों को सहायता मिलने की उम्मीद है और इससे निजी अंतरिक्ष उद्योग की वृद्धि में तेजी आएगी। सरकार ने कहा कि इससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलेगी।

## बच्चों के विवाद में वृद्धा की लाठी डंडे से पीटकर हत्या, दो गिरफ्तार

- दबंगों ने घर में घुसकर दादी-पोते को पीटा, पोता भी घायल

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** बच्चों के बीच मामूली विवाद में पड़ोसियों ने घर में घुसकर वृद्धा की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरनपुर के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया की रहने वाली गंगादेवी (60) पत्नी जयलाल का पौत्र अंकित बुधवार को घर के बाहर था। अंकित और पड़ोस में रहने वाले राजू राठौर के बीच विवाद हो गया। बच्चों के बीच विवाद उस वक्त शांत करा दिया गया। रात को राजू राठौर और रामकृष्ण लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। गंगादेवी ने विरोध किया तो दोनों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। पौत्र अंकित ने बचाना चाहा तो हमलावरों ने उसकी भी पिटाई कर दी और धमकाते हुए भाग गए। परिवार वाले गंगादेवी को सीएचसी ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज ले जाते वक्त गंगादेवी की मौत हो गई। मृतका के बेटे रवि पासवान की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ विशाल चौधरी ने बताया कि मोहल्ला हबीबगंज में बुधवार रात दो पक्षों में झगड़े में घायल एक महिला की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस कार्रवाई कर रही है।



गंगादेवी

## आतंकी हमला, सेना के दो जवान शहीद

- गुलमर्ग में सैन्य वाहन पर हुए हमले में सेना के दो कुलियों की भी गई जान

श्रीनगर, एजेंसी

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग से छह किलोमीटर दूर सेना के एक वाहन पर गुरुवार को हुए आतंकी हमले में दो जवान शहीद हो गए जबकि बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की मौत हो गई। एक सैनिक और एक कुली घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने शाम के समय बूटापथरी इलाके में सेना के वाहन पर तब गोलीबारी की जब वह अफरावत रेंज में नागिन चौकी की ओर जा रहा था।

हमले में दो जवान शहीद हो गए जबकि सेना के साथ काम करने वाले दो कुली मारे गए और एक अन्य कुली तथा एक सैनिक घायल हो गए। इलाके में अतिरिक्त सैनिकों को भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में सवार जवानों ने हमला होने पर जवाबी गोलीबारी की। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय सेना और आतंकवादियों के बीच बूटापथरी, बारामूला में संक्षिप्त मुठभेड़ हुई। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तरी कश्मीर के बूटापथरी क्षेत्र में सेना के वाहनों पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कश्मीर में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। मैं इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं।



### आतंकवादियों ने बिजनौर के युवक को गोली मारी, घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में गोली मार दी। कुमार को गोली हाथ में लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिछले एक हफ्ते में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## न्यायमूर्ति संजीव खन्ना नए प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

- 11 नवंबर को लेंगे शपथ, वर्तमान सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को हो रहे पद मुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना गुरुवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किए गए। वह 11 नवंबर को शपथ लेंगे। इससे एक दिन पहले वर्तमान प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ 65 वर्ष की उम्र पूरी करने पर पद मुक्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आठ नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल छह महीने से कुछ अधिक होगा और वह 13 मई, 2025 को पदमुक्त होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधान न्यायाधीश से परामर्श के बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को देश के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल 11 नवंबर, 2024 से प्रभावी होगा।



## एडीएम की संदिग्ध हालात में मौत

- पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लिया मौके पर जायजा

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर में तैनात फर्रूखाबाद के रहने वाले अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था की गुरुवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव नगर कोतवाली क्षेत्र में सुरसरि कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में मिला है।

बेडरूम से लेकर कमरों में खून बिखरा हुआ था। मामले की खबर पर मंडलायुक्त-आईजी समेत अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयाघात के चलते मौत की बात सामने आई है और मृतक का लीवर, फेफड़ा डैमेज तथा भोजन नली में खून मिला है। फर्रूखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव मझना निवासी सुरजीत सिंह (58) पुत्र स्व. हृदयराम यहां रामजन्मभूमि परिसर में अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था के पद पर तैनात थे। लगभग एक साल पूर्व गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए एडीएम नगर कोतवाली के सिविल लाइंस क्षेत्र में एसएसपी आवास के पीछे स्थित सुरसरि कॉलोनी के टाइप फोर के आवास संख्या 6 में अकेले रहते थे। रोज की तरह गुरुवार सुबह 10.30 बजे आवस पर काम करने वाली पूराकलंदर थाना क्षेत्र के खानपुर मसौधा निवासी महिला किरन (44) पत्नी विनोद कुमार गौड़ उनके आवास पर पहुंची तो दरवाजा खुला हुआ था। एडीएम बाहरी कमरे में पीठ के बल पड़े मिले और बेडरूम से लेकर अगले कमरे तक खून बिखरा मिला। नौकरानी की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड गिरिजा दयाल गोस्वामी ने मामले की जानकारी पुलिस और आला अधिकारियों को दी। जिसके बाद उनके परिवार को सूचना दी गई।



## भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए घोषित किए 8 प्रत्याशी

### बहुजन समाज पार्टी ने आठ सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से रामवीर सिंह पर भाजपा ने लगाया दांव

- सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के बहनोई को भाजपा ने करहल से लड़ाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने भी आठ और सपा ने दो और उम्मीदवार के नाम घोषित किए हैं। इसके पहले सपा सात प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। भाजपा ने करहल सीट से अनुजेश यादव को चुनाव में उतारा तो वहीं कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी लड़ेंगे। गाजियाबाद से महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया गया है। पार्टी ने कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, खैर (अजा) सीट से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर (प्रयागराज) से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवा सीट से सुचिस्मिता मौर्या को टिकट दिया है।

कटेहरी से धर्मराज निषाद तीन बार बसपा से विधायक और बसपा सरकार में मंत्री भी रहे हैं। वह वर्ष 2022 से पहले भाजपा में आए, चुनाव लड़े और हार गए थे। भाजपा ने इन्हें फिर मौका दिया है। मझवा से सुचिस्मता मौर्य भाजपा से विधायक रही हैं। वर्ष 2022 में सीट निषाद पार्टी को दे दी गई थी। इस बार भाजपा मौर्य को लड़ा रही है। अलीगढ़ की खैर सीट से सुरेंद्र दिलेर, पूर्व भाजपा सांसद राजवीर दिलेर के बेटे हैं। भाजपा ने करहल से आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। अनुजेश सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की भतीजी संध्या यादव के पति हैं।

### बसपा आज घोषित करेगी खैर सीट से उम्मीदवार

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को बसपा अलीगढ़ की खैर सीट से प्रत्याशी घोषित करेगी। बसपा की ओर से आठ प्रत्याशियों की घोषित सूची के अनुसार कटेहरी से अमित वर्मा, फूलपुर से जितेंद्र कुमार सिंह, मीरापुर से शाहनजर, सीसामऊ से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, करहल से डॉ अवनीश शाक्य, कुंदरकी से रफलउल्ला, गाजियाबाद से परमानंद गर्ग व मझवां से दीपक तिवारी शामिल हैं।

### सपा ने गाजियाबाद व खैर सीट पर घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ।** कांग्रेस के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजियाबाद से सिंह राज जाटव और खैर में डॉ.चारू कैन को प्रत्याशी बनाया है।

### रालोद ने मीरापुर सीट से मिथलेश पाल को उतारा

राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में मीरापुर सीट पर मिथलेश पाल को उतारा है। यह सीट रालोद को एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा द्वारा मिली है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में मीरापुर सीट जीतेंगे, सभी नौ सीटों पर एनडीए गठबंधन जीतेगा।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल बाइक चालक की मौत

निगोही, अमृत विचार : न्यू चर्च कॉलोनी निवासी अनिल कुमार(40) संविदा सफाई कर्मचारी है। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अनिल(40) गांव टिकरी स्थित रेलवे अंडरपास में झाड़ू लगा रहा था। तभी सुमित(29) निवासी गांव टिकरी ने अपनी बाइक से संविदा कर्मचारी को टक्कर मार दी। इस हादसे में अनिल व सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया था। जिसमें बाइक चालक सुमित की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घायल संविदा कर्मचारी को बरेली के लिए रेफर किया गया है।

### युवक की अस्पताल में मौत, शिनाख्त नहीं

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि 19 अक्टूबर की शाम एक युवक बरेली मोड़ के किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। बुधवार की शाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की उम्र 35 साल है। पुलिस ने बताया कि बरेली मोड़ पर भीख मांगा करता था और बीमार रहता था। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन की मौत

## कांट के जमौर पुलिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर पलटा टेंपो, चार लोग घायल

- निगोही क्षेत्र में सतवां खुर्द के पास तेज रफ्तार कार ने महिला को मारी टक्कर
- खुदागंज में वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार कंपाइन चालक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। कांट में जमौर रोड पर अज्ञात वाहन टेंपो को टक्कर मार दी, जिसमें टेंपो सवार एक मजदूर की जान जान चली गई, जबकि टेंपो में सवार चार लोग घायल हो गए। वहीं निगोही क्षेत्र में शाहजहांपुर रोड पर सतवां खुर्द गांव में तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। उधर, खुदागंज क्षेत्र में गाजोपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार कंपाइन चालक की मौत हो गई। वह धान कटाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका किरन के परिजन। ● अमृत विचार



मृतक सोनू।



मृतक शत्रुघन।

सेहरामऊ दक्षिणी। थाना क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी शत्रुघन(45), शेरबहादुर, दिनेश, रजनीश, चिक्की जमौर में स्थित एफसीआई गोदाम में मजदूरी करते हैं। बुधवार की शाम पांचों मजदूरी करके जमौर से टैंपों से चांदापुर गांव आ रहे थे। कांट रोड पर जमौर पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने टैंपो को साइड से टक्कर मार दी, जिससे टेंपो सड़क के किनारे पलट गया। टेंपों में सवार लोगों में चीख पुकार मचने लगी है। राहगीरों ने टेंपो को सीधा किया। सूचना पर कांट पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां इलाज के दौरान मजदूर शत्रुघन की मौत हो गई।अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।मृतक की पत्नी का नाम करिश्मा और चार बच्चे हैं। उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

निगोही। थाना क्षेत्र के गांव मघवामई निवासी किरन(60) बुधवार दोपहर 12 बजे सतवां गांव में स्थित जनसेवा केंद्र पर पेंशन का फार्म भरने के लिए जा रही थी। केंद्र के बाहर कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोगों ने चालक को पकड़ लिया। चालक घायल महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा और भर्ती कराके भाग गया। घायल महिला के परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। शाम को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के पति की पहले मौत हो चुकी है। उसके दो बेटे हैं। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

खुदागंज। क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी सोनू सिंह(45) अपनी कंपाइन से फतेहपुर में फसल की कटाई कर रहा था। वह रोजाना रात में साढ़े दस बजे तक घर पहुंच जाता था लेकिन बुधवार रात घर नहीं पहुंचा, तब भाई दिलबाग सिंह ने रात दो बजे उसके मोबाइल पर काल की, तो घंटी बजती रही, लेकिन फोन नहीं उठा। वह सुबह चार बजे भाई की तलाश में निकला। गाजोपुर गांव के पास सोनू सिंह मृत अवस्था में पड़ा था। उसकी बाइक सड़क के किनारे पड़ी थी और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके सिर में चोट के निशान थे। उसका मोबाइल पास में पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे के बाद रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा सोनू

कंपाइन चालक सोनू रात साढ़े दस बजे तक जब घर नहीं पहुंचा, तब परिजनों को चिंता हुई। आधा घंटा इस सोच में कट गया कि हो सकता है कि कोई कारण की वजह से देरी हो गई होगी, सोनू आता ही होगा लेकिन जब वह रात 11 बजे तक नहीं आया तब फिर उसके मोबाइल पर भाई दिलबाग सिंह ने कॉल की, मोबाइल पर रिंग जाती रही लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई, तब फिर मन में घबराहट होने लगी। हादसे के बाद पूरी रात वह गजोपुर गांव के पास सड़क किनारे पड़ा रहा। जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पत्नी का नाम रजविंदर कौर है, उसके दो बेटे हैं। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना गया।

# मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति और सामान गायब करने का आरोप

- अनुयायियों ने डीएम को पत्र भेज की सामान वापस दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : साईं बाबा के अनुयायियों ने केरूगंज क्षेत्र स्थित एक मंदिर के महंत पर साईं बाबा की मूर्ति गायब करने और बाबा की पोशाकें, श्रृंगार और पूजन सामग्री नहीं देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में साईं भक्तों ने डीएम को पत्र भेजकर प्रकरण की जांच कराकर सामग्री वापस दिलाने की मांग की है।

दीवान जोगराज निवासी जगदीश जौहरी ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि जुलाई 2012 में साईं बाबा के भक्तों ने मंदिर महंत की सहमति से मूर्ति की स्थापना कराई थी, इसके बाद से गुरु पूर्णिमा पर साईं पालकी यात्रा भी निकाली जाने लगी। हर माह में भजन संध्या का आयोजन भी होता आ रहा है, लेकिन इस वर्ष महंत ने पालकी शोभायात्रा में आपत्ति कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि महंत ने 12 अक्टूबर को बिना किसी सूचना के साईं नाथ की मूर्ति हटा दी गई। पत्थर की एक मूर्ति नदी में पुल के नीचे बच्चों को मिली, लेकिन अष्ठधातु की मूर्ति का कोई पता नहीं है।

आरोप है कि मंदिर महंत अब साईं बाबा के सामान के रूप में स्टील अलमारी, बाबा के कपडों से भरा संदूक, चांदी के दो छत्र और दो मुकुट सोने के दो लॉकेट, चांदी की चेन आदि वापस नहीं कर रहे हैं, जिसे वापस दिलाया जाए।

मांग करने वालों में राम भरोसे राठौर, मंसूरी जौहरी, सोनू मौर्या, पंकज, शिवानी राजपूत, स्वीटी अग्रवाल, अंजली कुमरा, रवि कुमरा, चंद्र मोहन सक्सेना, पीयूष, हरिश्चंद्र गुप्ता, संजीव वर्मा, हर्षित रस्तोगी, संजीव आदि शामिल हैं।

### जेवर व नगदी चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद के मोहल्ला अगदनगर निवासी डॉली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह और उसके रिश्तेदार प्रमोद शर्मा की पत्नी ममता शर्मा व उसका पुत्र रोहन शर्मा एक ही मकान में रहते है। 15 दिन पूर्व वह परिवार के साथ दिल्ली गयी थी। घर पर रिश्तेदार मौजूद थे। 16 मई को शाम साढ़े पांच बजे वह दिल्ली से घर पर आई। उसने देखा कि उसके कमरे के दरवाजे खुले हुए थे। ममता व उसका पुत्र घर पर नहीं थे। घर में अलमारी में रखा जेवर व नगदी गायब था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बिहार के किसानों ने सीखे खेती के गुर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : गन्ना शोध परिषद में बिहार के 40 किसानों के तृतीय दल का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। इस दौरान शोध परिषद के निदेशक वीके शुक्ल ने वर्चुअली माध्यम से लखनऊ से जुड़कर सभी किसानों से फीडबैक लेकर उस पर प्रसन्नता व्यक्त की।

हसनपुर चीनी मिल के जयप्रकाश चैधरी, जनपद बेगुसराय के धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान प्रसार अधिकारी डॉ. संजीव पाठक ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर 25 वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिया गया। प्रशिक्षण पश्चात कृषकों की परीक्षा ली गई, जिसमें कृषक संतोष कुमार को प्रथम, अभय सिंह को द्वितीय एवं मोहन कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कृषक दल का नेतृत्व कर रहे उप कृषि निदेशक कार्यालय, ईख विकास पूसा के विनय पासवान ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से हम सभी लोग पूर्ण संतुष्ट है और बिहार से अन्य किसानों को भी संस्थान में प्रशिक्षण कराने लाएंगे। प्रभारी अधिकारी डॉ. शिवपाल सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान लेखाधिकारी उमेश चंद्र, वैज्ञानिक डॉ. अजय तिवारी, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. एनएन सक्सेना, डॉ. जीएन गुप्ता, डॉ. अर्चना, सोनिया यादव, एम.पी. केसारी आदि उपस्थित रहें।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद बिहार के किसान, वैज्ञानिक व अधिकारी।

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, विभिन्न विषयों पर 25 वैज्ञानिकों ने व्याख्यान दिया

# घर में घुसकर युवक को पीटा, दरांती से किया घायल

बंडा, अमृत विचार : पाइप काटने का विरोध करने पर एक व्यक्ति ने घर में घुसकर युवक की लात घूंसों से पिटाई कर दी, साथ ही दरांती हाथ में मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बा बंडा के मोहल्ला देवीस्थान निवासी मोहित पांडेय ने बताया कि उसके मोहल्ला के दिनेश सिंह आए दिन गाली गलौज करता रहता है। बुधवार शाम करीब 6 बजे उसके घरेलू पानी के निकास के लिए पाइप पड़ा हुआ था, जिसको आरोपी दिनेश ने दराती से काट दिया, जब उसने विरोध किया तो आरोपी घर में घुस आया और उसे लात-घूंसों से जमकर मारा पीटा, साथ ही हाथ में दरांती मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए चला गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बाइक चोर किए गिरफ्तार, दो बाइकें बरामद

संवाददाता, बंडा

अमृत विचार : पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह से कुछ लोगों को दो दिन पहले हिरासत में लिया था ,पूछताछ के दौरान दो युवकों के पास से चोरी की गईं दो बाइक बरामद की है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

बंडा पुलिस को गुरुवार को मुखबिर ने सूचना दी कि बंडा पूरनपुर मार्ग पर गांव ददिउरी मोड़ पर दो संदिग्ध युवक खड़े हैं जो चोरी की फिराक में हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन दोनों युवकों ने अपना नाम व बता बंडा के गांव भौरखेड़ा जिगनिया व हाल पता कस्बा बंडा के मोहल्ला रामनगर निवासी शिवकुमार बताया । वहीं दूसरे युवक ने कस्बा के मोहल्ला गुरुनानक कॉलोनी निवासी कल्लू उर्फ सोनपाल बताया । पुलिस ने दोनों के पास से दो चोरी की बाइक बरामद की हैं । पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने बताया कि मिलकर बाइक चोरी करते हैं और सस्ते दामों में अंजान आदमियों के हाथ बेच देते हैं। हाल में ही यह दोनों बाइक चोरी की थीं, जिनको हम बेचने के लिए जा रहे थे। तब तक पुलिस ने पकड़ लिया।पुलिस ने दोनों को जेल भेजा है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- युवकों ने पूछताछ में कबूला जुर्म न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा

# दो तस्कर गिरफ्तार, अफीम बरामद

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

अमृत विचार : एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 600 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये है।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय को बुधवार की शाम सूचना मिली कि निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए तस्कर हारुन निवासी बंगशान थाना जलालाबाद व रेहान निवासी बंगशान थाना जलालाबाद है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 600 ग्राम अफीम बरामद की है। अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये बतायी जा रही है। पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया। दोनों अभियुक्तों पर पहले से कई मुकदमें दर्ज हैं।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वह सस्ते में अफीम खरीद लेते है और ढाबों के आस-पास ट्रक चालकों को बेच देते है। टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सिपाही दिनेश, अनिल नागर, शुभम सैनी थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# खाताधारकों के साथ फर्जीवाड़ा कर रहे जनसेवा केंद्र संचालक

- कई खाताधारकों के खाते से धन गायब, चपत लगने पर हुई जानकारी
- एक कंपनी के टीसीएस ने तीन लोगों के 14 हजार रुपये कराए वापस

संवाददाता, अल्हागंज

अमृत विचार : आधा दर्जन जनसेवा केंद्र बैंक खाता खोलकर खाता धारकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर एक कंपनी के कर्मचारियों ने इस मामले की जांच की तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया।

लोगों के अनुसार इन केंद्रों पर जो भी पेंशनधारक बैंक खाते से संबंधित जानकारी लेने आता है, तो संचालक बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट आधार कार्ड के आधार पर उसका खाता बैंक में खोलकर उसमें अपना फोन नंबर फीड करके फोन पे चालू कर लेते हैं, फिर उसमें आई धनराशि को फोन पे करके निकाल लेते हैं। इसकी शिकायतें कस्बे के ही एक कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर के पास आई, उस वक्त मौके पर कंपनी के टीसीएस मौजूद थे। उनके संज्ञान में भी शिकायतें आई, उन्होंने सभी शिकायतों को जांच के वास्ते हेड ऑफिस लखनऊ भेजा। जांच रिपोर्ट सही पाई गई। इस पर कंपनी के टीसीएस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जन सेवा केंद्र संचालक से गांव हलू नगला, लालपुर इमलिया, इसलामगंज के एक-एक खाता धारक को क्रमशः आठ हजार, तीन हजार आठ सौ, दो हजार रुपये वापस कराए। इस इस फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद जन संचालक दुकान बंद करके गायब हो गया है।

### केंद्र गांव के, चल रहे रोडवेज बस स्टैंड के पास

रोडवेज बस स्टेशन के आसपास आधा दर्जन जनसेवा केंद्र हैं, यह सभी लालपुर इमलिया, नगला हलू, जेराहीमपुर, समापुर आदि गांव से संबंधित हैं। नियमानुसार यह सभी जनसेवा केंद्र गांवों में होना चाहिए थे लेकिन यह सभी रोडवेज बस स्टेशन के पास खुले हुए हैं। आधार कार्ड लेनदेन जैसे काम भी धड़ल्ले से कर रहे हैं।

# पीएम कुसुम योजना के नाम पर ठगी का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : कृषि विभाग के पोर्टल पर पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप की बुकिंग कराई गई है। कुछ शातिर ठग किसानों को फोन करके सोलर पंप पहुंचाने के लिए भाड़ा, किसान अंश का पैसा व पैनल का बीमा करने आदि के नाम पर ठगी करने का प्रयास कर रहे है। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने किसानों से सावधान रहने के लिए कहा गया है। डीडी कृषि ने कहा कि किसान सावधानी रखें ताकि परेशानी से बच सकें।

उप कृषि निदेशक कार्यालय ने बताया कि ठग किसानों से कहते हैं कि उन्हें सरकार की ओर से सोलर पैनल मिल गया है। इसे घर तक पहुंचाने के लिए भाड़ा किसान को देना होगा। इसी तरह कुछ किसानों से कहा जा रहा है कि उन्हें सरकार की ओर से दिए गए पैनल का बीमा कराना है। अंश के रुपये जमा कराने की जिम्मेदारी किसानों की है और रुपये जमा करने के लिए किसान को खाता संख्या और आईएफएससी कोड आदि उपलब्ध करा दिया जाता है। डीडी कृषि ने कहा कि संज्ञान में आया है कि वर्तमान समय में जनपद के कुछ किसानों को मोबाइल नंबर 9038906224 से फोन कर किसान अंश की धनराशि गूगल पे व फोन पे आदि पर क्यूआर कोड के माध्यम से जमा करने का संदेश भेजा जा रहा है।

### पड़ताल के बिना किसी के खाते में जमा न करें रुपये

अधिकारी ने बताया कि यह फर्जीवाड़ा है। किसान अलर्ट रहें। झांसे में लेने वालों से सावधान रहें। पूरी जांच पड़ताल के बिना पैसा किसी के खाते में जमा न करें। अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय लोधीपुर शाहजहांपुर और ब्लॉक स्तर पर स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार पर संपर्क कर सकते हैं। सोलर पंप की बुकिंग विभागीय पोर्टल के माध्यम से की जाती है। बुकिंग कंफर्म होने पर अवशेष किसान अंश की धनराशि भी पोर्टल से चालान व ऑनलाइन के माध्यम से जमा की जाती है।

# खाद्य टीम ने 250 किलो खोया कराया नष्ट

- जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : दीपावली व भाईदूज पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई किए जाने को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात पुवायां के मोहल्ला कसभरा मिशन भाजपा एमएलसी सुधीर गुप्ता के आवास के पीछे थोड़ी ही दूर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पुवायां व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग टीम द्वारा छापेमारी की गई। जहां पर मिलावटी खोया का निर्माण हो रहा था। टीम ने 250 किग्रा खोया बना हुआ था एवं 40 बोरी स्किम्ड मिल्क पाउडर की खाली पाई गयी।

2 बोरी स्किम्ड मिल्क पाउडर, जिसमें 44 पैकेट मिले इसके अतिरिक्त 4 पैकेट वनस्पति के पाए गये। खाद्य टीम ने 2 खोए के नमूने, 1 स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं 1 वनस्पति का नमूना भरा गया और लगभग 250 किग्रा खोया नष्ट कराया गया। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 75000 रुपये था। मौके पर हेमा कुरगंजा, पुवायां मिली,उनके पति जंगवीर मौके से फरार हो गए। वहां काम कर रहे अजीत बादशाह नगर, सुजातपुर, सेहरामऊ दक्षिणी,आयुष निवासी कांशीराम नगर पुवायां मिले। उपरोक्त लोग मिलावटी खोया बना रहे थे। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चंद्र शेखर मिश्रा ने खाद्य कारोबार करने वालों से अपील है कि वह शुद्ध एवं गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री का ही निर्माण व बिक्री करें। इस दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी, अनिल प्रताप सिंह , मनोज कुमार, वरुण कुमार , खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।



पकड़ा गया मिलावटी खोया।

### 30 हजार का एक्सपायर माल नष्ट कराया

कटरा जलालाबाद रोड पर अशोक एंड संस के गोदाम पर छापा मारकर 2 नमूने नमकीन एवं 1 नमूना पान मसाला का भरा गया। लगभग 30 हजार का एक्सपायर माल भी नष्ट कराया गया। खुदागंज स्थित बालाजी मिष्ठान भण्डार से शिकायत के आधार पर 1 नमूना जलेबी का भरा गया।

## सार-संक्षेप

### जनसेवा केंद्र के संचालक से पचास हजार रुपये की ठगी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद क्षेत्र में जनसेवा केंद्र संचालक के साथ ठगी का मामला प्रकाश में आया है। फर्रुखाबाद रोड पर अरविंद के नाम से जनसेवा केंद्र है। बुधवार को दो युवक दोपहर को पहुंचे। संचालक अरविंद से कहा कि पचास हजार रुपये निकालने है। संचालक ने रुपये निकालने से मना कर दिया। ठगों ने कहा कि वे आधार कार्ड से राशि नहीं निकाल सकते है, लेकिन वे गूगल -पे के माध्यम से पैसे भेज देंगे। दोनों ठग ने संचालक से कहा कि एक हजार काटकर 49 हजार रुपये दे दें। संचालक ठगों के झांसे में आ गया और पचास हजार रुपये गूगल-पे के माध्यम से ठगों के पास भेज दिए। ठग जनसेवा केंद्र से गए तो संचालक का बैंक अकाउंट फ्रीज हो गया। पीड़ित अरविंद ने थाने पर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान युवक की मौत



पुवायां, अमृत विचार : संदिग्ध हालात में युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के गांव बेहटा सनवात निवासी आनंद पांडेय को परिजनों ने संदिग्ध हालात में बुधवार शाम राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। उसकी देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया मौत की वजह जानने को पोस्टमार्टम कराया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### वृद्ध का शव मिला, शिनाख्त नहीं

पुवायां, अमृत विचार : गुरुवार को एक वृद्ध का शव शाहजहांपुर रोड स्थित सिमरा मोड पर सड़क किनारे पड़ा मिला। जिसकी उम्र 65 वर्ष बताई जा रही है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तैयारी

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कानून व्यवस्था की बैठक, सभी निकाय, बाजारों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था रखने के निर्देश**

# पटाखों की अस्थाई दुकानों के बीच में रहे अंतर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में उन्होंने कहा कि पटाखों की अस्थाई दुकानों के बीच पर्याप्त अंतर रखा जाए। सभी निकाय, बाजारों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था रखी जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जो पोल टूटे हैं, लाइट बाधित है, उन्हें तत्काल ठीक कराते हुए विद्युत व्यवस्था को सुचारू संचालित किया जाए। कहा कि जनपद के सभी आतिशबाजी/पटाखें की अस्थायी दुकान लगाने के बीच में पर्याप्त अंतर रखा जाए। पटाखे की दुकान लगाते समय पुलिस की ड्यूटी भी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गत वर्ष के ही लाइसेंस धारकों को अस्थाई पटाखे लगाने का लाइसेंस जारी किया जाए। जनपद के सभी निकायों व बाजारों में पटाखें की अस्थायी दुकान लगाने के लिए मानक व नियमानुसार प्रशासन व पुलिस द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही लगाए। दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था किया जाय। छठ पूजा के दृष्टिगत सूर्य के अस्ताचल व उदयाचल अवसर पर महिलाओं व बच्चों को पूजा वाले तालाब/सरोवर में डूबने से बचाने के लिए रस्सी, बैरीकेटिंग, गोताखोर, नाविक, आदि तैनात रहेंगे। इस दौरान एसपी राजेश एस, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गौतम, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी संजय कुमार आदि रहे।




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने पटाखे की बिक्री हेतु जगह की चिन्हित

कलान, अमृत विचार : एसडीएम कलान चित्रा निर्वाल ने दीपावली के त्योहार को देखते हुए पटाखों की दुकानों के लिए जगह चिन्हित की। इस दौरान एसडीएम ने दुकानदारों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बाजार में पटाखों की बिक्री कोई दुकानदार न करें। पटाखों को आबादी के बाहर खुले स्थान पर ही बेचें। दुकान पर अग्निशमन यंत्रों के साथ-साथ बालू भरी बाल्टियां और पानी भी रखें। प्रभारी निरीक्षक कलान प्रभाष चंद्र ने कहा कि पटाखे की दुकान अगर बिना लाइसेंस के मिली तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम ने बताया कि पटाखों की बिक्री के लिए दुकानदारों को लाइसेंस बनवाना होगा। बिना लाइसेंस के कोई भी दुकानदार पटाखों की बिक्री नहीं करेगा। पटाखों की दुकानों के लाइसेंस के लिए अभी तक लगभग 15 लोगों ने आवेदन किए हैं, जो अभी जांच प्रक्रिया में है। जांच पूरी होने के बाद उन्हें लाइसेंस दिए जाएंगे।

### डॉक्टरों की लगाई जाए इमरजेंसी ड्यूटी

समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, डीपीआरओ और सभी विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि त्योहारों पर साफ-सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की इमरजेंसी ड्यूटी लगाई जाए।

# एमओआईसी के खिलाफ आशाओं का विधायक आवास पर प्रदर्शन

## ददरौल विधायक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद हुईं शांत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शिकायत करने विधायक आवास पहुंची आशा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक अरविंद सिंह के आवास पर गुरुवार को प्रदर्शन कर एक एमओआईसी पर तमाम आरोप लगाते हुए हटाने की मांग की। विधायक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद आशाएं शांत हुईं।

आशा कार्यकर्ता वेलफेयर एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष कमलजीत कौर ने बताया कि एक सीएचसी प्रभारी आशा कार्यकर्ताओं से ठीक व्यवहार नहीं करते। क्षेत्र में जाने के दौरान भी कई बार अभद्रता से बात करते हैं। बृहस्पतिवार को भी एक आशा कार्यकर्ता से सीएचसी प्रभारी ने अभद्र व्यवहार किया। वे लोग सीएमओ के पास गईं तो उन्होंने कहा कि उनके हाथ बंधे हुए हैं, वह कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने ही ददरौल विधायक अरविंद सिंह के पास जाने के लिए कहा। कहा कि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने संगिनी किरण बाला से अभद्र व्यवहार कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। भरी मीटिंग में बेइज्जत करके भगा दिया। आशा व संगिनी से ड्रेस न पहनने व काम न करने का बहाना करते हुए परेशान किया जाता है। बाद में रुपये लेकर पूरा मामला शांत कर दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य करते समय डॉ. स्टाफ और एएनएम से कोई भी ड्रेस नहीं पहनते हैं। एमओआईसी की ओर से आशा व संगिनी को नोटिस देकर जवाब मांगा जाता है और उसके बदले मोटी धनराशि वसूली जाती है। एमओआईसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निवास भी नहीं करते हैं। जबकि नियमानुसार उन्हें सीएचसी पर ही रहना चाहिए। एक स्टाफ नर्स अपने निवास पर फ्रिज के अंदर महंगे इंजेक्शन रखती है जबकि उनकी प्रसव में ज्यादा जरूरत पड़ती है। आशाओं ने इस संबंध में जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री, महिला आयोग लखनऊ, मिशन निदेशक एनएचएम उत्तर प्रदेश को भी पत्र भेजकर शिकायत की है। इस दौरान कुसुम मिश्रा, अर्चना देवी, सरोजनी, अमरावती, बृजरानी, प्रियंका सिंह, ऊषा देवी, निर्मला, मीरा देवी, सर्वजीत कौर, जमुना देवी, नीलम देवी, भगवान श्री आदि रहे।

### तहसीलदार ने जूस पिलाकर खत्म कराया धरना



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तहसीलदार सदर आशीष कुमार सक्सेना ने चौथे दिन गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंचकर अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन का धरना प्रदर्शन जूस पिलाकर समाप्त करा दिया। उन्होंने 21 अक्टूबर से धरना पर बैठे पुलिस सहयोग संगठन की मांगों को सुनकर उनका समाधान दो से तीन दिन में किए जाने का आश्वासन दिया। मांगों में नाला निर्माण, विद्युत लाइन, जमीन आदि की समस्याएं शामिल थी। धरना स्थल पर मोहम्मद आमिर, महेश चंद्र गुप्ता, कमलेश, बलवीर, अनुज कुमार आदि रहे।

### कमजोर पड़ रहा हमारा मनोबल

आशा व संगिनी का भुगतान अप्रैल से रोक रखा है। जब मांगते हैं तो बोला जाता है कि पहले आप लोग रुपये जमा कर दो, उसके बाद बजट आने पर भुगतान कर दिया जाएगा। ठीक व्यवहार, समय से भुगतान न करने, मीटिंग में बेइज्जती करने की वजह से आशा व संगिनी का मनोबल कमजोर पड़ रहा है। इस वजह से हम लोग ठीक प्रकार से काम नहीं कर पाते हैं इसलिए एमओआईसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हटाया जाए और उचित कार्रवाई भी की जाए।

## एसडीएम के आश्वासन पर माने लोग


धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ व अन्य।

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** हाइवे चौड़ीकरण के दौरान ध्वस्त किए गए नाले का एक माह में निर्माण शुरू कराने का आश्वासन देखकर एसडीएम ने धरने को समाप्त कराया।

ग्राम कपसेड़ा में प्रधान सुनीता देवी के नेतृत्व में तमाम ग्रामीणों के द्वारा रविवार से एनएचएआई के अधिकारियों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ और पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलहर अमित चौरसिया गुरुवार को वार्ता करने पहुंचे तो वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हाइवे चौड़ीकरण के दौरान गांव के किनारे बने दोनों तरफ के नालों को तोड़ दिया गया था। अब तक नालों का निर्माण न होने से गांव का गंदा पानी निकास न होने के कारण सड़कों पर जमा होता है। यह भी बताया कि गांव की स्टेट बैंक से अज्ञात लोगों की ओर से खाता धारकों के खातों से लाखों रुपए आहरित कर लिए गए, जो अब तक वापस नहीं मिले हैं। एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ आश्वस्त किया कि एक माह में गांव के बाहर नाले का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने धन आहरण करने वालों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। धरना समाप्ति की घोषणा करते हुए प्रधान पति वीरेश शर्मा ने कहा कि नाले का निर्माण प्रारंभ न किया तो वह पुनः आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान सुशील मौर्य, प्रसून कुमार, रामचंद्र, मुंशीलाल, अमित मौर्य, शिवराम सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**पुवायां, अमृत विचार :** केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संचित सिंह का गुरुवार को स्वागत किया गया। जिसके बाद संचित सिंह ने नवजीवन मेडिकोज का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य रोहित गुप्ता, अनुज मिश्रा, पुरुषोत्तम गुप्ता, संदीप चावला, नरेश चंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### टक्कर मारकर कार को किया क्षतिग्रस्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पीलीभीत के थाना करेली के गांव कौहारा निवासी आशीष कुमार ने बताया कि उसका भाई प्रवीण कुमार मंगलवार को दिन में दस बजे कार से कचहरी किसी कार्य से जा रहा था। रास्ते में चार पहिया वाहन ने उसके भाई की कार में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। कार क्षतिग्रस्त हो गयी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रातः 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

## वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा दोस्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसके पुत्र की शादी एक साल पहले हुई थी। उसके बेटे का मोहल्ले का दोस्त शिवम है। आरोपी ने उसके पुत्र को किसी तरह गुमराह किया और बेटे से शादी की फर्स्ट नाइट की वीडियो बनवाकर ले ली। आरोपी दोस्त उसके बेटे को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके बेटे को लगातार प्रताड़ित कर रहा है। उसके बेटे ने अपने दोस्त की बात नहीं मानी तो उसके साथ मारपीट की। आरोपी पुत्र से कई बार रुपये ले चुका है। वीडियो वायरल करने के नाम रुपये की मांग कर रहा है। उसके पुत्र ने दोस्त के अत्याचार से परेशान होकर सारी बात बताई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी दोस्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# आज है जगराता माई का...अरे ओ भैया जी जरा ताली बजा लेना

संवाददाता, खुटार


जगराते में हनुमान जी की झांकी। ● अमृत विचार


भजन प्रस्तुत करतीं शर्मा सिस्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांव खमरिया गदियाना में बुधवार रात आर के म्यूजिक ग्रुप के बैनर तले जय मां वैष्णो का सोलहवां विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन हुआ। रातभर कलाकारों ने भजनों को सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

दुर्गा सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव खमरिया गदियाना में हर साल जय मां वैष्णो देवी का विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया जाता है। बुधवार रात हुए सोलहवां महाविशाल दुर्गा जागरण में टी-सीरीज कलाकार आदित्य पंडित, मयंक अग्रवाल और शर्मा सिस्टर ने माता के भजनों का गुणगान किया। शर्मा सिस्टर्स ने गाया आज है जगराता माई का, अरे ओ भैया जी जरा ताली बजा लेना, मेरी मां को मना लेना, शेरावाली मैया के दर पर ज्योति जगी है जरा सर को झुका लेना, चलो बुलावा आया है मेरी मैया ने बुलाया है आदि सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर पंडाल में बैठे श्रोताओं का मन मोह लिया, साथ ही रातभर तालियां बटोरी।

● **गांव खमरिया गदियाना में जय मां वैष्णो का सोलहवां दुर्गा जागरण**

भजन के दौरान बालाजी महाराज, राधा कृष्ण के स्वरूपों में सजकर कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झाकियां प्रस्तुत की। गुरुवार सुबह तारा रानी की कथा के साथ जागरण का समापन हुआ। साथ ही भक्तों को प्रसाद वितरण किया। उधर, बुधवार रातभर माता दुर्गा की प्रतिमा, ज्योति के समक्ष भक्तों ने मत्था टेका और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया है। जागरण आयोजन में दुर्गा सेवा समिति खमरिया गदियाना व समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा है।

### रातभर चला भंडारा दुकानों में की खरीदारी

दुर्गा सेवा समिति की ओर से रातभर भंडारे का आयोजन चलता रहा। जागरण में दूरदराज से भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। साथ ही कमेटी के सदस्यों ने खीर, पूड़ी, सब्जी का प्रसाद भक्तो को परोस कर सेवा की। जागरण पंडाल के आसपास खेल-खिलौने, चाय आदि की तमाम दुकानें लगी। जहां लोगों ने खरीदारी भी की।


माता रानी के जगराते में उमड़े बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भये प्रगट कृपाला दीन दयाला...

संवाददाता, मिर्जापुर


मिर्जापुर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिर्जापुर में चल रही रामलीला में गुरुवार को दूसरे दिन राम जन्म से ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने राम जन्म की कथा का ऐसा मंचन किया, जिसे देख दर्शक ऐसा महसूस कर रहे थे मानो वह खुद दशरथ के महल में सभी को राम जन्म की बधाईयां दे रहे हों।

जैसे ही भगवान राम का जन्म होता है वैसे ही पूरा पंडाल भये प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी आदि शब्दों से गूंजने लगा। राम के नाम के जयकारे गूंजने लगे। गुरु वशिष्ठ द्वारा चारों भाइयों के नामकरण करने की कथा का मनोहारी मंचन किया। इसके बाद गुरु विश्वामित्र द्वारा भगवान राम और लक्ष्मण को शिक्षा दीक्षा को ले जाने की कथा और यज्ञ की रक्षा के लिए ताड़का व सुबाहु के वध की कथा को दर्शाया गया। विश्वामित्र जब यज्ञ करने लगते हैं तब मारीच और सुबाहु अपने साथियों के साथ यज्ञ पर धावा बोलते हैं। इस पर राम उसको एक बाण से सौ योजन पार पहुंचा देते हैं। इसके बाद राक्षस सुबाहु का भी वध कर देते हैं। देवता व ऋषि मुनि भगवान की स्तुति करते हैं और सीता स्वयंवर के लिए जनकपुरी जाते समय रास्ते में भगवान अहिल्या का उद्धार करते हैं। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, रनवीर सिंह, मुकेश सक्सेना, प्रेम सिंह पंजाबी आदि मौजूद रहे।

● **मिर्जापुर में राम जन्म व ताड़का वध लीलाओं का मंचन**

# विद्यार्थियों को दी गईं श्रीमद्भगवद् गीता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


संजय विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवद् गीता वितरित करते शिक्षक।

**अमृत विचार :** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों को धर्म-कर्म से जोड़ने के उद्देश्य से श्रीमद्भगवद् गीता का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत 1300 से अधिक विद्यार्थियों को पवित्र ग्रंथ देकर उसका अध्ययन करने को प्रेरित किया गया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि इस अनूठे प्रयास का मकसद छात्रों में परमात्मा, आत्मा और सृष्टि विधान के ज्ञान को स्पष्ट कर कर्मनिष्ठा विकसित करना है। भगवद्गीता हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों में से एक है। गीता में वर्णित उपदेश श्रीकृष्ण ने महाभारत के समय मोहग्रस्त अर्जुन को दिया था। ज्ञान, कर्म, भक्ति और उपासना के संदेश के अध्ययन से छात्र मन, शरीर और आत्मा की जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना और प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने गीता का महत्व बताते हुए कहा कि गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जो अधिकतर देशों में किसी न किसी मैनेजमेंट कोर्स में अवश्य सम्मिलित किया गया है। यह एक जीवन प्रबंधन का ग्रंथ है। धार्मिक ग्रंथ वितरण में उप प्रधानाचार्य वसंत कुमार त्रिवेदी समेत शिक्षकों का योगदान रहा।

● **संजय विद्या मंदिर में हुआ वितरण महत्व समझाकर अध्ययन के लिए किया प्रेरित**

## नौ वारंटी गिरफ्तार जेल भेजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना के उप निरीक्षक राम सुंदर यादव ने बताया कि पूनम देवी, पूजा देवी व रामवीर निवासी हरिहरपुर, रामवीर, रिंकू, मुकेश निवासी भुड़िया थाना कांट के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। टीम में सिपाही अनिल कुमार, गौरव कुमार, महिला सिपाही सुषमा, शालू थे। वहीं रोजा थाने के उप निरीक्षक अंकित चौधरी ने बताया कि मेंहदी हसन व इशाक निवासी ऐठा हुसैनपुर थाना रोजा के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। टीम में सिपाही ओम प्रकाश, विकास बालियान, लोकेंद्र सिंह थे। इधर तिलहर थाना के उप निरीक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि महाराज सिंह के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

# अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाने के लिए टिमटिमाए हजारों दीप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **दीप यज्ञ के साथ नौ कुंडीय महायज्ञ का समापन**

● **टोली नायकों को दी गई भावभीनीं विदाई**


नौ कुंडीय यज्ञ में पूर्णाहुति देते गायत्री परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में निगोही में चल रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दीपयज्ञ के साथ समापन हो गया। गुरुवार को दीपयज्ञ में गायत्री परिजनों ने 2400 दीप प्रज्ज्वलित कर समाज और देश की उन्नति के लिए गायत्री मां से प्रार्थना की। वहीं, नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद टोली नायकों की भावपूर्ण विदाई दी गई।

अंतिम दिन गायत्री दीपयज्ञ के माध्यम से अज्ञान रूपी अंधकार को समाप्त कर ज्ञान रूपी प्रकाश प्रज्ज्वलित करते हुए सभी के सुखी और संपन्न होने की कामना की गई। लखीमपुर के टोली नायक माया प्रकाश ने दीपयज्ञ के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सद्साहित्य को घर-घर पहुंचाने का संकल्प सभी को लेना है। परिवार की एकता पर बल देते हुए आह्वान किया कि सभी लोग घर-घर गायत्री यज्ञ और घर-घर गायत्री मंत्र जप का संकल्प लेकर जाएं। जिला समन्वयक सूरज वर्मा एवं सह जिला समन्वयक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए।

जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन में जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य दुर्गेश सिंह, रंजीत वर्मा, मंजू, मनोरमा, शिवानी, जय, ऋतिक, आयोजक मंडल के विजय शर्मा, रमाकांत शर्मा, जगदीश, रामसरन शर्मा, राजेश, दिलीप, सूरज पाल आदि का सहयोग रहा।

### व्यसन से बचाओ-सृजन में लगाओ का संकल्प दिलाया

गायक अंबरीष ने प्रेरणादायक भजन सुनाए। संगीत में अंकित, हरिराम का सहयोग रहा। इसके बाद पूर्णाहुति में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे व्यसन मुक्त भारत अभियान का व्यसन से बचाओ-सृजन में लगाओ का संकल्प दिलाया गया।

# वन विभाग की हीलाहवाली से बरेली मथुरा राजमार्ग में फंसा पेंच

## 11 हजार नए पौधे लगाने को नहीं मिल पा रही जमीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बरेली मथुरा नेशनल हाईवे 530 बी का निर्माण कार्य शुरु होने में पेंच फंस गया है। पेड़ लगाने के लिए कार्यदायी संस्था को वन विभाग जमीन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। जिस जमीन को चिन्हित किया गया था वह पहले से ही सीमा विवाद में फंसी हुई है। ऐसे में जल्द काम शुरू होना मुश्किल है। जबकि सरकार की ओर से कार्य शुरू कराने के लगातार निर्देश मिल रहे हैं।

मथुरा से बरेली के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी का निर्माण कार्य चल रहा है। पहले चरण में मथुरा से हाथरस, दूसरे चरण में हाथरस से कासगंज, तीसरे में कासगंज से बदायूं और चौथे चरण में बदायूं से बरेली तक काम होना है। तीसरे चरण के लिए किसानों से जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। अब रोड को चौड़ा करने के लिए करीब 11 हजार से अधिक पेड़ काटे जाने हैं। जो पेड़ कटेंगे उनके स्थान पर कार्यदायी संस्था 1.10 लाख पौधे लगाएगी। पौधों को लगाने के लिए कार्यदायी संस्था को करीब 82 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है।

### 1085.47 करोड़ रुपये से पूरा होगा तीसरे चरण का काम

नेशनल हाईवे 530 बी पर कासगंज से बदायूं के बीच में 1085 .47 करोड़ रुपये से काम पूरा होना है। तीसरे चरण में 30 गांव के 4574 किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने का काम पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य से पूर्व बिजली विभाग के पोल हटाने और करीब 11 हजार अधिक पेड़ काटे जाने हैं। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो पाएगा। परंतु वन विभाग कार्यदायी संस्था को पेड लगाने लिए जमीन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

- **नए पौधे लगाने के लिए चिह्नित की थी जमीन, उसपर है सीमा का विवाद**
- **बरेली से मथुरा तक तीसरे और चौथे फेज में होना है काम शासन से मिल चुके हैं निर्देश**

भूमि उपलब्ध कराने के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा वन विभाग से मांग की है। वन विभाग ने दातागंज तहसील क्षेत्र में करीब 52 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया था। शेष जमीन की तलाश की गई थी। परंतु जमीन न मिलने पर उन्नाव जिले में जमीन को तलाशा गया था। दातागंज में जिस जमीन का वन विभाग ने चिन्हित किया था वह सीमा विवाद में फंसी हुई है। जिसमें कुछ हिस्सा शाहजहांपुर, बरेली और बदायूं में पड़ रहा है।

वहीं उन्नाव के अधिकारियों ने जमीन देने से मना दिया। कार्यदायी संस्था को पेड़ लगाने के लिए जमीन न मिलने की वजह से काम शुरू नहीं हो पा है। जबकि सरकार की ओर से कार्यदायी संस्था और प्रशासनिक अधिकारियों को बरेली मथुरा हाईवे पर तीसरे चरण का काम प्रारंभ करने के निर्देश मिल रहे हैं।

> पेड़ लगाने के लिए वन विभाग को जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी किया गया है। जल्द ही जमीन की तलाश कर ली जाएगी। हाईवे निर्माण पर काम शुरू करने के लिए पेड़ काटने का काम शुरू हो जाएगा।
>
> **प्रवर्धन शर्मा**, सिटी मजिस्ट्रेट

## आउट सोर्सिंग कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**बदायूं,अमृत विचार** : राजकीय मेडिकल कालेज में काम कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की दीपावली इस बार फीकी रहने वाली है। क्योंकि कई माह से उनका वेतन नहीं दिया गया है जिससे संविदा कर्मियों में एक बार फिर नाराजगी पनप रही है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अफसर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन के बजाए आश्वासन दे रहे हैं। कई बार काम बंद रखने के बाद कुछ कर्मचारियों को वेतन देकर शेष को कुछ दिनों में वेतन देने का आश्वासन मिलता आ रहा है। अगस्त माह से मिलता आ रहा यह आश्वासन अक्टूबर तक पहुंच गया है और अब दिवाली भी आने वाली है और कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। इससे एक बार फिर कर्मचारियों में असंतोष पनप रहा है। यह असंतोष दिवाली के समय पैदा होने पर मरीजों को दिक्कत हो सकती है। गुरुवार को एक स्टाफ नर्स ने बताया कि वेतन देने का आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन वेतन नहीं मिला है जिससे परेशानी हो रही है। अब दीपावली का त्यौहार सामने है ऐसे में बिना पैसे के दीपावली कैसे होगी। वेतन नहीं मिलने के कारण एक बार फिर आउटसोर्सिंग कर्मियों में अंदरखाने नाराजगी पनप रही है।

# 20 में से 2.83 करोड़ का यदु ने किया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **यदु शुगर मिल पर बकाया है बीस करोड़ 31 लाख**
- **न्यौली शुगर मिल भी दबाए बैठी है 6.62 करोड़ रुपये**

**अमृत विचार :** गन्ना विभाग के कड़े रुख के बाद यदु शुगर मिल ने गन्ना किसानों को दो करोड़ 83 लाख का भुगतान किया है फिर भी मिल पर अभी 20 करोड़ 31 लाख बकाया है। जबकि न्योली शुगर मिल पर 6 करोड़ 62 लाख 50 हजार का बकाया है।

शासन के निर्देश के बाद बिसौली की यदु शुगर मिल और न्योली शुगर मिल ने पूरा भुगतान नहीं किया। जिसके बाद जिला प्रशासन ने उक्त दोनो चीनी मिलों को 15 अक्टूबर तक शत प्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिए थे।

जिला गन्ना अधिकारी अशशर्फी लाल ने बताया कि बिसौली की यदु शुगर मिल पर गन्ना किसानों का करीब सौ करोड़ रुपये था। उक्त धनराशि में से अब तक 81 करोड़ 54 लाख का भुगतान हो चुका है। अभी तक मिल पर 20 करोड़ 31 लाख रुपया बकाया है। उक्त धनराशि का भुगतान जल्द करने को मिल पर दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि न्योली शुगर मिल पर कुल 20 करोड़ 21 लाख रूपया था। उसमें 13 करोड़ 58 लाख का भुगतान होने के बाद 6 करोड़ 62 लाख 50 हजार रूपया बकाया है। न्योली शुगर मिल को उक्त बकाया राशि का भुगतान करने को पत्र लिखा गया है। संभवत इसी महीने के अंत में भुगतान करा दिया जाएगा।

### कम होंगे सेंटर

चीनी मिलों के गन्ना सेंटर तैयार किए जा रहे हैं। अक्टूबर के अंत तक गन्ना किसानों का शत प्रतिशत भुगतान न होने पर यदु शुगर मिल और न्योली शुगर मिल के कुछ गन्ना सेंटर किए कम जा सकते हैं। यदि भुगतान पूरा हो गया तो गन्ना सेंटरों को कम नही किया जाएगा। उक्त चेतावनी विभाग द्वारा चीनी मिलों को दी जा चुकी है।

## 29 को होगा निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण

**बदायूं,अमृत विचार :** एक जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी। वहीं डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह जानकारी दी।

# मेडिकल कॉलेज में लगाई डाक्टरों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मेडिकल कालेज में हो रहे खेलकूद के बीच मरी थी बच्ची**
- **सुबह शाम मरीजों को देखेंगे चिकित्सक, नहीं होगी परेशानी**

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बदतर हो रही हैं। डॉक्टर मरीजों को नहीं देख रहे हैं। बुधवार को एक सात साल की बीमार बच्ची को किसी डॉक्टर ने नही देखा जिससे बच्ची की मौत हो गयी। बच्ची की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज में खलबली मच गयी। इसके बाद गुरुवार को यहां पर सुबह और शाम को डॉक्टर को अपनी ओपीडी में बैठने के निर्देश दिए गए। जिससे किसी मरीज को परेशानी न हो।

राजकीय मेडिकल कालेज में 22 अक्टूबर से वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं में एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों के साथ डॉक्टर भी हिस्सा ले रहे हैं जिससे मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य सेवाएं बदतर हो चुकी हैं। डॉक्टर ओपीडी में नहीं बैठ रहे हैं। बाहर से आने वाले मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। बुधवार को ब्लॉक जगत के ग्राम थल्लिया नगला निवासी नाजिम अपनी सात साल की बुखार डेंगू पीड़ित बच्ची को लेकर राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचा। बच्ची सोफिया की हालत नाजुक थी। नाजिम उसे डॉक्टर को दिखाने के लिए इधर उधर दौड़ता रहा। एक भी डॉक्टर नहीं मिला। बच्ची अपनी मां की गोद में दम तोड़ती रही। बच्ची की मौत के बाद वहां पर मौजूद तीमारदारों ने हंगामा किया। इस घटना के बाद देर शाम प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने निर्देशित किया कि जो डॉक्टर हैं वह ड्यूटी करेंगे। सुबह शाम को मरीज देखेंगे। किसी मरीज को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

प्राचार्य के उक्त निर्देश के बाद गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में डॉक्टर बैठे मरीज भी देखे गये। भर्ती मरीजों को देखा गया। जिससे मरीजों को कुछ राहत मिली। मेडिकल कालेज में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं।

यहां के चिकित्सकों की लापरवाही के चलते एक साल पूर्व यहां भर्ती एक मरीज की पैर की उंगली चूहा खा गया।

## एसपी देहात को सौंपा मांग पत्र, न्याय दिलाने की मांग

**बदायूं,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का धरना बीस दिन से चल रहा है। कार्यकर्ता प्रशासन की उपेक्षापूर्ण नीति से परेशान हैं जिसके बाद गुरुवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। उक्त पदाधिकारियों ने न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पदाधिकारियों ने एसपी देहात केके सरोज को दो मांग पत्र सौंपे और कार्यवाही करने की मांग की।

भाकियू चढ़ूनी के दो कार्यकर्ताओं पर अलापुर पुलिस ने झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। इसके विरोध में भाकियू चढ़ूनी गुट का 20 दिन से धरना चल रहा है। साथ ही कुंवरगांव में भाकियू कार्यकर्ता इरफान अहमद की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। उक्त किसानों की समस्याओं को सुनने को गुरुवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तराई मंडल, सुखजीत सिंह औलख सिंह व बरेली मंडल अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष सतीश साहू बिल्सी पहुंचे और बच्ची के परिजनों से मिले कहा आरोपी को फांसी की मांग की जाएगी। इस मौके पर जिला प्रभारी अजब सिंह राजपूत शिशुपाल सिंह यादव महावीर सिंह यादव , अजीत सिंह यादव निखिलआदि रहे।



एसपी देहात केके सरोज को मांग पत्र सौंपते भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारी।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236
नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।
यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें
• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।
डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प
2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन
दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त
सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रुपये,
एक्स-रे 50/- रुपये मात्र,
ECG 20/- रुपये मात्र व
सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रुपये मात्र
सिर का एम. आर. आई. 2000/- रुपये मात्र
वाह्य रोगी विभाग
की जांचों पर 50
प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचे 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय
सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर,ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीड़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

# बाजार में ई-रिक्शा की नो एंट्री, जाने पर होगा चालान

## त्यौहार में खरीदारी के मद्देनजर ई-रिक्शा और ऑटो के लिए डायवर्ट किए गए हैं रूट, जाम से मिल सकेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** त्यौहारों के मद्देनजर बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। कुछ बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं होती। ऐसे में बाजार के जाम से नितात दिलाने के लिए यातायात महकमा ने ई-रिक्शा और ऑटो का रूट डायवर्जन किया है। गुरुवार से बाजारों में ई-रिक्शा और ऑटो की नो एंट्री कर दी गई है। बाजार में जगह-जगह यातायात पुलिसकर्मी, थाना पुलिस के अलावा होमगार्डों की तैनाती की गई है। गलियों से होते हुए बाजार में जाने वाले ई-रिक्शा व ऑटो का चालान किया जाएगा।

त्योहार पर बाजारों में ई रिक्शा और आटो की वजह से लगने वाले जाम से दुकानदारों के साथ साथ ग्राहकों को भी परेशानी होती थी लेकिन अब दिवाली की खरीदारी करने आने वाले लोगों को बाजार में जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। यातायात विभाग ने गुरुवार से वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया है और बाजार में ई रिक्शा और आटो के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। व्यवस्था को लागू सख्ती से लागू


घंटाघर पर ई-रिक्शा को रोकता यातायात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

करने के लिए ई-रिक्शा को रुकवाने के लिए जगह-जगह पुलिसकर्मियों और होमगार्डों की तैनाती हुई है। पुलिस बैरियर लगाकर ई-रिक्शा और बड़े वाहनों का आवागमन रोक रही है।

दिवाली के लिए खरीदारी के लिए बाजार में भीड़ जुटनी शुरु हो गई है। गलियों से लेकर बाजार के मुख्य मार्गों पर दो पहिया वाहनों के अलावा आटो और ई रिक्शा के आने से परेशानी तो हो ही रही साथ ही दुकानों के बाहर ग्राहकों के वाहन खड़े होने से आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। धनतेरस पर सराफा बाजार, दीपावली से पहले झालर, खाद्य पदार्थ आदि के

- **0यातायात पुलिस ने जनता को राहत देने को लागू की व्यवस्था अब नहीं होगी परेशानी**

बाजारों में भीड़ पहुंचेगी।यातायात विभाग ने यहां ऑटो तो पहले ही प्रतिबंधित कर दिए हैं लेकिन अब ई-रिक्शा के बाजार में जाने पर रोक लगा दी गई है। बाजार में जाने के लिए ग्राहकों को ई-रिक्शा से पहले ही उतरकर पैदल बाजार में जाना होगा। टीएसआई राम लड़ैते ने बताया कि ई-रिक्शा का रूट डायवर्ट किया गया है। घंटाघर से आने वाले वाहन पास वाले सड़क से गुजरेंगे। गोपी चौक वाले ई-रिक्शा मथुरिया चौक और


बड़ा बाजार में ई-रिक्शा का संचालन बंद करने से आसानी से हो रहा आवागमन।


गोपी चौक पर ई-रिक्शा को दूसरे रास्ते से भेजता यातायात पुलिसकर्मी।

मथुरिया चौक से आने वाले वाहन लाबेला चौक से होकर गुजरेंगे। छह सड़का से ई-रिक्शा पनवाड़ी मोहल्ला की ओर से गुजरेंगे। त्यौहार की खरीदारी के चलते बाजार में गुरुवार से ई-रिक्शा का संचालन पूरी तरह से बंद किया गया है। पुलिसकर्मी ई-रिक्शा को रोक रहे हैं। बाजार जाने वाले लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## कभी भी धराशायी हो सकता है यात्री शेड

**बिल्सी,अमृत विचार :** कछला-शाहाबाद हाइवे स्थित बिजलीघर चौराहे पर बना एक यात्री शेड जनता के लिए कभी भी मुसीबत बन सकता है। क्योंकि वह काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। जो कभी भी धराशायी होकर गिर सकता है। इसको जनहित में हटाए जाने को लेकर पालिका के कुछ सभासदों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया है। पालिका के सभासद अजीत सिंह गुर्जर, उमेश बाबू, प्रखर माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी, ज्योति सागर आदि ने भेजे पत्र में कहा है कि उक्त यात्री शेड की दशा काफी जर्जर हो चुकी है। जो कभी भी धराशायी हो सकता है। यात्री शेड की जर्जर हालत से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए उसको हटाया जाए।

## बिल्सी में सांड़ के हमले में महिला घायल

**बिल्सीअमृत विचार :** बीती रात नगर के मोहल्ला संख्या दो साहूकारा बस्ती निवासी अनिल कुमार खासट की पत्नी नीलम माहेश्वरी टहलने के लिए अपने घर के बाहर ही निकली थी। तभी पीछे से आए एक आवारा सांड ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी कमर में गंभीर चोट आई है। परिवार के लोगों ने उन्हें आनन-फानन में बदायूं के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# पंचायती राज विभाग को मिले 26 ग्राम पंचायत अधिकारी


नए चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र देते सदर विधायक और डीएम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग में 26 ग्राम पंचायत अधिकारियों की नियुक्ति हुई है। इन्हें बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र दिए गए थे। जिन्हें गुरुवार को विभागीय अधिकारी ने ज्वाइन कराने की प्रक्रिया पूरी करनी शुरू कर दी है।

जिले में 58 ग्राम पंचायत अधिकारी कार्यरत हैं। ग्राम पंचायत अधिकारियों की कमी के कारण ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों सहित अन्य कामकाज प्रभावित होते हैं। अब नए सचिवों की तैनाती के बाद ग्राम पंचायतों का कामकाज में तेजी आ जाएगी। डीपीआरओ यावर अब्बास ने बताया कि नए नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को ज्वाइन कराया जा रहा है। समाज कल्याण अधिकारी ने भी विभाग को मिले पांच नए ग्राम विकास अधिकारी को ज्वाइन कराया गया है।

# कुंवर गांव में बुखार का कहर, 24 घंटे में तीन की मौत

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** कस्बे में बुखार से जूझ रहे तीन लोगों की चौबीस घंटे में मौत हो गयी। तीन मौतों से कोहराम मचा हुआ है। मौतों की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने आनन फानन में गांव पहुंच कर कैंप लगाया और बुखार पीड़ितों को दवाएं दी। लोगों ने स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही पर रोष प्रकट किया है।

नगर के वार्ड चार निवासी ज्ञानेन्द्र का 14 वर्षीय पुत्र अंशु को कई दिनो से बुखार आ रहा था। परिजन उसका इलाज एक प्राइवेट डॉक्टर से करा रहे थे। बुधवार को अंशु की हालत और बिगड़ गयी जिसके बाद परिजन उसे बरेली लेकर जा रहे थे। हालत बिगड़ने पर अंशु ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अंशु की मौत के बाद परिजन शव को लेकर घर आ गये।

इसी वार्ड के 42 साल के अमरजीत को भी कई दिनो से बुखार आ रहा था। परिजनों ने पहले तो उन्हे एक झोलाछाप को दिखाया


कैंप लगा कर दवा देते स्वास्थ्य कर्मचारी। ● अमृत विचार

उसके बाद हालत बिगड़ने पर परिजन गुरुवार को सुबह चार बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अमरजीत की बुखार से मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे तो सैकड़ो लोग उनके घर पर जमा हो गये।

इसी तरह प्रेमपाल 55 वर्ष को कई दिनो से बुखार आ रहा था। प्रेमपाल के परिजन भी कस्बे में ही कई दिन तक इलाज करते रहे। प्रेमपाल की हालत मे सुधार नहीं हुआ जिसके बाद गुरुवार को उसकी मौत हो गयी। प्रेमपाल की मौत की खबर मिलते ही सैकड़ों लोग उनके घर पहुंच गए। लगातार हो रहीं मौतों को लेकर लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष जताया। कस्बे में बुखार से सैकड़ों लोग जूझ रहे हैं। जिनमें कमलेश, उर्मिला, सुरजीत, नरेंद्र को भी कई दिनों से बुखार आ रहा है जो कस्बे के झोलाछापों से इलाज करा रहे हैं।

कस्बे में बुखार से हुई मौतों की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गयी। आनन फानन में घटपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी नरेंद्र पटेल कस्बे के वार्ड नंबर 4 में पहुंचे। जहां उन्होंने कैंप


मृतक अंशु।


मृतक अमरजीत।

- **दर्जनों बुखार पीड़ित ले रहे झोलाछापों से दवा, लोगों में भारी रोष**


मृतक प्रेमपाल।

लगाकर लोगों को दवा वितरण की।

एसीएमओ डॉ. मोहन झा ने बताया कि कुंवर गांव में तीन लोगों की मृत्यु हुई है। जिसमें 14 वर्षीय किशोर की बुखार से मौत हुई है जबकि अन्य दो लोगों की मौत किसी अन्य बीमारी के कारण होना पाया गया है। आज कस्बे में कैंप लगाकर सौ लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए हैं। किसी को डेंगू व मलेरिया नहीं मिला फिर भी कस्बे में फॉगिंग कराई गई है।

# दीपावली के लिए दिल्ली रोड पर बढ़ेंगी 20 बसें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **यात्रियों की असुविधा को देखते हुए परिवहन निगम ने लिया फैसला**
- **सोमवार से शुरू होगा संचालन, यात्रियों को नहीं होगी दिक्कत**

**अमृत विचार :** दीपावली के त्यौहार पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन विभाग ने बदायूं दिल्ली रोड पर बीस बसें अतिरिक्त लगाने का निर्णय लिया है। इन बसों का संचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा जो दस नवम्बर तक जारी रहेगा।

बदायूं दिल्ली रोड पर रोडवेज बसें सबसे अधिक चलती हैं। क्योंकि इस रोड पर हर समय सैकड़ों यात्री दिल्ली को आते जाते हैं। अब दीपावली का त्यौहार आ रहा है ऐसे में यात्रियों को बसों में भीड़ भाड़ से बचाने को परिवहन निगम ने बीस अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। यह बसें सोमवार से शुरू हो जाएंगी। और दस नवम्बर तक चलेंगी। 13 दिन तक अतिरिक्त बसें चलाने पर उपरोक्त अवधि में मानक किमी से अधिक यात्रा करने पर संविदा कर्मियों को 55 पैसे अतिरिक्त देय होगा। उक्त नियम सोमवार से ही लागू हो जाएंगे।

रोडवेज बस स्टेशन इंचार्ज राजीव सक्सेना ने बताया कि दीपावली के त्योहार पर दिल्ली में नौकरी मजदूरी करने वाले लोग अपने घरों को आते हैं इसलिए बसों में भीड़ बढ़ जाती है। भीड़ के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। अनेक लोग बस में यात्रा भी नहीं कर पाते हैं। इस समस्या को देखते हुए परिवहन निगम ने बीस बसें अतिरिक्त चलाने का निर्णय लिया है। जबकि पहले से चल रहीं बसें यथावत चलती रहेंगी। नई बसें 10 नवम्बर तक चलेंगी।

## रेलवे ने बढ़ाई अतिरिक्त ट्रेन, लगाएगी दो फेरे

**बदायूं,अमृत विचार :** गोरखपुर रेलवे प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ पूजा पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये दरभंगा-दौराई-दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन दरभंगा से 26 अक्टूबर शुरू किया जाएगा जो बरेली बदायूं होती हुई दौराई पहुंचेगी। एवं 2 नवम्बर, शनिवार को दौराई से चलकर 3 नवम्बर, रविवार को दरभंगा पहुंचेगी। यह ट्रेन दो फेरे लगाएंगी। 05273 दरभंगा-दौराई पूजा विशेष गाड़ी 26 अक्टूबर एवं 2 नवम्बर शनिवार को दरभंगा से दोपहर 1:15 बजे प्रस्थान करेगी। जो दूसरे दिन सुबह 7:14 बजे चल कर बदायूं पहुंचेगी। यहां से ट्रेन 6:45 बजे आगे को प्रस्थान करेगी। उसके बाद कासगंज मथुरा भरतपुर से गुजरती हुई दौराई पहुंचेगी। उक्त ट्रेन की वापसी यात्रा में 05274 दौराई-दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी 27 अक्टूबर एवं 3 नवम्बर रविवार को दौराई से प्रस्थान कर दूसरे दिन अजमेर, किशनगढ़ से होती हुई 10:53 बजे बदायूं पहुंचेगी, उसके बाद आगे निकल जाएगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 6 तथा शयनयान श्रेणी के 10 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

# होल्डर में बल्ब लगाते समय करंट से किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** खेत पर रोशनी के लिए नलकूप पर होल्डर में बल्ब लगाते समय किसान को करंट लग गया। वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव महरौली निवासी सुरजीत बुधवार रात वह खेत पर कटी हुई धान की फसल उठाने गए थे। अंधेरा ज्यादा था। जिसके चलते वह नलकूप पर बल्ब लगाने लगे। सुरजीत का छोटा भाई जितेंद्र नलकूप के पास ही खड़ा था। सुरजीत ने बल्ब लगाने के लिए होल्डर पकड़ा। उन्हें करंट लग गया। वह गंभीर रूप से झुलस गए। जितेंद्र नलकूप में भीतर पहुंचे। सुरजीत को बचाने का प्रयास किया लेकिन सुरजीत जमीन पर बेसुध पड़े थे। सूचना मिलने पर परिजन खेत पर पहुंचे। सुरजीत को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने सुरजीत को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड
बरेली 243006

# दातागंज में शादी के नाम पर 1.20 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बेटे की शादी के लिए गांव सुल्तानपुर निवासी नरेश पाल के पास आए थे दो लोगों के फोन**

**अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में शादी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। दो लोगों ने 1.20 लाख रुपये लेकर युवक की लड़की से कराई। युवक दुल्हन को साथ लेकर जा रहा था कि रास्ते में दुल्हन और उसके भाई ने शोर मचा दिया और भागने लगे। दुल्हे के परिजनों पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दुल्हन और उसके भाई को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। दुल्हे के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी नरेश पाल को अपने बेटे रवि की शादी करनी थी। बेटे की शादी के लिए वह अपने कई रिश्तेदारों से कह चुके थे। दातागंज क्षेत्र के रहने वाले दो लोगों ने नरेश पाल को फोन किया था। पूछा कि क्या बेटे की शादी करना चाहते हो। उनके पास कुछ लड़कियां हैं, शादी करा देंगे। अपने पास बुलाकर लड़की पसंद करने को कहा। नरेश पाल अपने बेटे रवि और कुछ रिश्तेदारों के साथ दातागंज पहुंचे। जहां दो लड़कियां मिलीं। रवि ने एक लड़की को शादी के लिए पसंद भी कर लिया। रवि और उस लड़की की शादी करा दी गई। नरेश पाल ने शादी कराने वाले दो लोगों को एक लाख 20 हजार रुपये दिए। रवि दुल्हन को अपने घर लेकर चला गया। उनके साथ में दुल्हन का भाई भी गया था। वह लोग कस्बा दातागंज से बाहर निकले। वैसे ही दुल्हन और उसके भाई ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चालक ने कार रोक ली। वह दोनों कार से बाहर उतरे और भागने लगे। लोगों ने पीछा करके दोनों को पकड़ लिया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैं अपने पुत्र मुजीव रजा खॉ व उसकी पत्नी इल्मा के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **गुलाम अहमद खां पुत्र जुम्मन खॉ निवासी - छावनी असरफ खॉ थाना प्रेमनगर जिला बरेली।**
जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे
सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743
**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मुनव्वर राना की बेटी ने धरने को दिया समर्थन

संवाददाता ककराला

**अमृत विचार :** नफरत की राजनीति को कांग्रेस शिकस्त देगी। भाजपा आरएसएस वोटों की फसल काटने को हिंसा की राजनीति का सहारा ले रहे हैं। उक्त बातें उर्दू दुनिया के ख्याति प्राप्त शायर स्व. मुनव्वर राना की बेटी उरूसा राना ने देर शाम ककराला पहुंच कर कांग्रेस के बेमियादी धरने को समर्थन देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में दंगा कराना चाहती है। लेकिन कांग्रेस भाजपा के मंसूबों को विफल कर देगी। वह गुरुवार को अठारहवे दिन ककराला में चल रहे धरने को समर्थन देने पहुंची।

उन्होंने कहा कि धरने पर कांग्रेस की मांगें जायज हैं। डबल इंजन की भाजपा सरकार लोगों को इलाज देने में विफल साबित हुई है। एक लाख की आबादी पर ककराला सीएचसी में मात्र एक डॉक्टर है। इस मौके पर प्रदेश सचिव अजीत यादव रफीउद्दीन खान, साजिद ठेकेदार , तौकीर खान, अशरफ गुलशन, मुहम्मद अंसारी, लबीब, डॉ. सोहराब खान, नुरुल हसन, फ़ैजियाब खान गफूर, हिलाल आदि रहे।

## संविलियन विद्यालय सर्वा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विवाद से परेशान

# प्रधानाध्यापक बोले - बीईओ साहब मैं घुट-घुट कर मर रहा हूं

कार्यालसंवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** एक स्कूल के इंचार्ज का मार्मिक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल पत्र बीईओ को लिखा गया है। जिसमें कहा गया कि स्कूल स्टाफ के द्वारा सहयोग न किए जाने की स्थिति में घुट घुट कर मर रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो उसकी मौत हो जाएगी और उसके बच्चे अनाथ हो जाएंगे।

शिक्षक ने बीईओ से स्कूल का निरीक्षण कर हालात जानने के लिए गुहार लगाई है। ब्लॉक जगत क्षेत्र के संविलियन स्कूल सर्वा में करीब आठ शिक्षक कार्यरत हैं। स्कूल में राजेद्र कुमार इंचार्ज प्रधानाध्यापक हैं। बताया जा रहा है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती है। शासन से संचालित योजनाओं का स्कूल में क्रियान्वयन करने में शिक्षकों का सहयोग नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से कई बार उन्हें अधिकारियों के कोप का भाजन बनना पड़ा है। जिससे आहत होकर इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बीईओ को मार्मिक पत्र लिखकर

- **बीईओ को दिया पत्र, कहा स्टाफ का सहयोग न मिलने से घुट रहे, हो जाएगी मौत**

स्कूल की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिक्षक ने बीईओ को लिखे पत्र में कहा कि वह स्कूल में अलग थलग पड़ गया है। विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन करने में अकेला कुछ नहीं कर सकता। वह एक धीमी मौत मर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो उनकी जल्द ही मौत हो जाएगी। उनके बच्चे भी अनाथ हो जाएंगे। शिक्षक ने लिखा है कि विद्यालय विभागीय अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं चल पा रहा है। इसके पीछे के क्या करण है इसकी निष्पक्ष जांच की जाए। शिक्षक द्वारा लिखा गया मार्मिक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चर्चा का विषय बना हुआ है।

> शिक्षक द्वारा लिखे गए पत्र की जानकारी है। मै इस समय बाहर हूं, लौटने पर स्कूल का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद ही सच्चाई सामने आएगी। निरीक्षण के दौरान किसी शिक्षक की कमी मिलेगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। **-ओम प्रकाश शर्मा**, बीईओ जगत

# सड़क हादसे में दो की मौत, 13 घायल

## सहसवान में बाइकों की हुई भिड़ंत, सिविल लाइन में ट्रॉली में पीछे से घुसा ऑटो

संवाददाता, सहसवान/बदायूं



घायल तौहीद।



घायल नाजिम।



घायल अल्फेज।

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान और सिविल लाइन क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में बच्ची समेत दो की मौत हो गई जबकि 13 लोग घायल हो गए। सहसवान में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हुई जबकि सिविल लाइन क्षेत्र में ऑटो सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई थी। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

सहसवान क्षेत्र के गांव भीकमपुर टप्पा जामनी निवासी नाजिम (32) पुत्र नाज मोहम्मद बीमार बेटी रिजवाना (5) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक को दिखाने के लिए पत्नी शाहिस्ता (30), बेटे तैमूर (3) के साथ सहसवान-कछला मार्ग होते हुए बाइक से जा रहे थे। वहीं गांव सालिक नगला निवासी तौहीद (20) पुत्र हसीन अपने मौसे भाई बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गोसाई निवासी अल्फेज

- **बीमार बेटी को सीएचसी में दिखाने को बाइक से जा रहे थे रास्ते में हुई आमने सामने भिड़ंत**

पुत्र ताहिर (22) के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव जौनेरा जा रहे थे। रास्ते में माहेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बीमार रिजवाना की मौत हो गई। जबकि शाहिस्ता, तैमूर और दूसरी बाइक सवार तौहीद, अल्फेज गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइक सवारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने रिजवाना की मौत की पुष्टि कर दी। बाकी घायलों का इलाज चल रहा है।

दूसरा हादसा सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव गभियाई के पास हुआ। शहर के मोहल्ला चौधरी सराय निवासी गुड्डू (38) पुत्र रामौतार समारोह में मिठाई बनाने का काम करते थे। अपने साथ लेबर को भी लेकर जाते थे। उन्होंने अलापुर कस्बा में लड्डू बनाने का ठेका लिया था। जिसके चलते वह अपने साथ आठ लोगों को ऑटो से काम कराने अलापुर ले गए थे। जहां काम निपटाने के बाद बुधवार देर रात ऑटो से वापस लौट रहे थे। ऑटो सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में गांव गभियाई के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में पीछे से टकरा गया। ऑटो सवार 9 लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सभी को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक ने गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर नन्हें को भर्ती किया गया है। बाकी का प्राथमिक उपचार करके वापस भेजा गया।

# डीएम एसएसपी ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा



ककोड़ा मेला की तैयारियों का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी एवं एसएसपी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मिनी महाकुंभ के नाम से जाना जाने वाला मेला ककोड़ा में चल रही तैयारियों का जायजा लेने को आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव और एसएसी वृजेश कुमार सिंह मेला स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने बैठक कर जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि समय पर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। मेले में आने वाले लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो।

ककोड़ा मेले की तैयारियां काफी दिनो से चल रही हैं। जिला पंचायत द्वारा लगाए जाने वाले इस मेले में कई जिला और राज्यों से लोग आते हैं। करीब बीस दिन तक

- **ककोड़ा मेला स्थल पर बैठक कर अधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी**

चलने वाले मेले की व्यवस्था बड़े स्तर पर की जाती है। मेला स्थल पर कच्ची सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने को गुरुवार को जिला अधिकारी और एसएसपी एसपी सिटी सीओ एसडीएम सदर मोहित कुमार नायब तहसीलदार हेमराज सिंह सभी अधिकारियों द्वारा मेला ककोड़ा में बैठक की गयी। जिसमें सभी अधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। जिला अधिकारी ने कहा कि ककोड़ा मेले में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

# युवा ही देश का भविष्य आयकर में करें योगदान




छात्र-छात्राओं को जागरूक करते आयकर अधिकारी अरुण कुमार जायसवाल।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आयकर विभाग के आउट रीच प्रोग्राम के अंतर्गत गुरुवार को नेहरू शिवनारायण दास मैमोरियल पीजी महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को आयकर के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता आयकर अधिकारी अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। वह आयकर में योगदान देकर देश की सच्ची सेवा कर सकते हैं। कहा कि किस प्रकार से आयकर को आमजन के लिए

- **एनएमएसएन दास पीजी महाविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

सरल बनाया जा रहा है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग आयकर विभाग से जुड़ सकें। देश निर्माण में योगदान दें। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सक्सेना और संचालन अर्चना ने की। कर सहायक बादल तोमर, एमटीएस सुमित कुमार, डॉ. मनवीर सिंह, विक्रांत, डॉ. अक्षत अशेष, आशीष गुप्ता उपस्थित रहे। अंत में आयकर अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

# कबड्डी में भगत सिंह टीम प्रथम, ऊंचे कूदे केशव

**बिल्सी ,अमृत विचारः** नगर के आदर्श जनकल्याण मनोकामना जूनियर हाईस्कूल में दूसरे दिन कबड्डी, खो-खो, ऊंची एवं लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं हुई। कबड्डी प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में खली टीम और प्राथमिक वर्ग भगत सिंह टीम अव्वल रही। इसी क्रम में लंबी कूद छात्र वर्ग में कुमारी शिवानी प्रथम, अनुष्का दूसरा एवं आराध्या तीसरा स्थान रहा। ऊंची कूद छात्रा वर्ग में केशव, शिवानी, निकिता क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी छात्रा वर्ग में द्रौपदी मुर्मू टीम विजय रही। जूनियर वर्ग ऊंची कूद में समर, अर्पित, विकास ने क्रमश पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान पाया। दो सौ मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में समर, अर्पित, सुधाकर एवं प्राइमरी वर्ग में सौरभ, दीपू, रिजवान ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया।सौ मीटर दौड़ में प्राइमरी वर्ग में निशु, मोनिका, गीता ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया। कीड़ा प्रभारी मुकेश बाबू एवं श्याम नरेश यादव ने सभी छात्राओं को खेल खिलाएं एवं उन्हें सभी नियमों के बारे में बताया।

# अधिकारियों को आई याद, एक्सपायर नमकीन से तेल निकालने की जांच शुरू

**खबर का असर**

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचारः** सील गोदाम के ताले खोलकर बिना अनुमति एक्सपायर नमकीन से तेल निकालने का धंधा फिर से शुरू हो गया। अवैध रुप से चल रहे कारखाने के विषय में अमृत विचार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। इसके बाद गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नमकीन से निकले तेल के सैंपल लिए गए जिसे जांच के लिए लखनऊ लैब में भेजा है। इधर एसडीएम बिसौली द्वारा भी जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है।

गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी औरछी चौराहे पर स्थित रियाज ट्रेडर्स के नाम से संचालित गोदाम पर पहुंचे। जहां एक्सपायरी डेट की नमकीन से तेल निकाले जाने का काम चल रहा था। अधिकारियों के पहुंचने पर वहां काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।



गोदाम में सैंपल लेने के बाद कार्रवाई पूरी करते खाद्य विभाग के अधिकारी


सील गोदाम के खुले ताले, एक्सपायरी डेट की नमकीन से निकाल रहे तेल

- **अमृत विचार में खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद औरछी चौराहे पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम**

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नमकीन से निकाले गए तेल सैंपल लिए हैं। जिन्हें जांच को लैब में भेजा गया है।

### गोदाम को एसडीएम ने किया था सील

इस्तेमाल की गई वस्तुओं से निकाले जा रहे तेल की जानकारी होने पर तत्कालीन एसडीएम ने छापेमारी कर गोदाम को सील कराया था। गोदाम दो साल तक बंद रहा था। अब कुछ महीनों से फिर से गोदाम खुल गया है। जिस इस्तेमाल की गई वस्तुओं से तेल निकाला जा रहा है।

### तेल से बन रहा बायो डीजल

अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने बताया कि जिस गोदाम में नमकीन से तेल निकाला जा रहा है। उसके संचालक के पास नमकीन निर्माताओं से अनुमति मिली हुई है। इस तेल की बिक्री बाजार में नहीं हो रही है। इस्तेमाल की गई वस्तुओं से निकाले जा रहे तेल से बायोडीजल बनाया जा रहा है। नामित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई खाद्य वस्तुओं से तेल निकालने के बाद संबंधित कंपनियों को ही भेजा जाता है। अगर उसके द्वारा बाजार में उसकी बिक्री जाती तो उसके खिलाफ न सिर्फ रिपोर्ट दर्ज करा दी जाती।

# राष्ट्रीय दिवस पर संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यों को बताया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के तत्वाधान में राष्ट्रीय दिवस का आयोजन कर संयुक्त राष्ट्र संघ का इतिहास, उद्देश्य और विश्व शांति की दिशा में उसके द्वारा किए गए प्रयासों व उपलब्धियां की समीक्षा की गई।

प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुए कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सामूहिक सुरक्षा, आर्थिक और सामाजिक न्याय, मानव कल्याण के लिए यूएनओ की प्रासंगिकता पर विचार विमर्श किया।

मुख्य वक्ता इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्माण की पृष्ठ भूमि को बताते हुए कहा कि यह ऐसा वैश्विक मंच है जहां सभी सदस्य



राजकीय महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

- **संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच पर युद्ध व शांति के मुद्दो को उठा सकते हैं**

देश युद्ध और शांति की समस्याओं सहित समस्त प्रकार के कठिन मुद्दों को उठा सकते हैं। प्राचार्य ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ मानवीय सहायता प्रदान कर सतत विकास के लिए कार्य करने वाला निरपेक्ष संगठन है परंतु महाशक्तियों के चंगुल से मुक्त नहीं हो पा रहा है। इस दौरान डॉक्टर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार जायसवाल है। राजनीति विज्ञान परिषद के संयोजक डॉ. दिलीप कुमार वर्मा ,डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. गौरव कुमार सिंह, अनूप सिंह यादव, वैभव मिश्रा, शमां उमर आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## निपुण बनाने संबंधी करें आंकलन, तालिका से जानें स्थिति

**बदायूं, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र सालारपुर के संविलियन विद्यालय लाही फरीदपुर में अक्टूबर महीने की शिक्षक संकुल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य गिरजेश चौधरी और विशिष्ट अतिथि डायट प्रवक्ता डॉ. अमित शर्मा ने बेहतर शिक्षण कार्य संबंधी चर्चा की। कहा कि हर विद्यालय निपुण बनने के संबंध में आंकलन करे। निपुण तालिका से छात्रों की वास्तविक स्थिति देखें। विषय वस्तु का टीएलएम का प्रयोग करके प्रदर्शित करना बेहतर है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को गणित किट का प्रयोग करते हुए समझाएं। मुख्य अतिथि ने संगोष्ठी की सराहना की। कहा कि यह शिक्षक संकुल संगोष्ठी नहीं बलकि उत्सव लग रहा है। इस दौरान निपुण छात्र को नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में एआरपी पूर्णिमा देवी, बीपी सिंह गौतम के अलावा संकुल के शिक्षक, लाखन सिंह, प्रधानाध्यापक अय्यूब खां मौजूद रहे।

# उसहैत में निकली श्रीराम बरात नगरवासियों ने की पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उसहैत रामलीला कमेटी की ओर से कस्बा में आयोजित हो रहे महोत्सव में गुरुवार को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह पुष्पवर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ध्रुवदेव गुप्ता, उसहैत के थाना प्रभारी वीके सिंह ने प्रभु श्रीराम का तिलक लगाया। हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना की। शोभायात्रा कस्बा के सभी प्रमुख मार्गों से गुजरी। नगरवासियों ने फूल बरसाए। नाग-नागिन झांकी के साथ महाकाल की झांकी को लोगों ने खूब सराहा। भक्तिमय माहौल में रोशनी व आतिशबाजी से माहौल उत्साहमय रहा। नगर पंचायत



श्रीराम बरात में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

चेयरमैन नवाब हसन, मेला कमेटी महामंत्री नरेश चन्द्र गुप्ता, अनुज गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, सुबोध गुप्ता, अचल गुप्ता, पूरन लाल गुप्ता, नरेश गुप्ता, छवि गुप्ता, अमन गुप्ता, अमरजीत भारद्वाज, बालजीत शाक्य, वेद प्रकाश, कृपाल, पप्पू सागर, मुकेश गुप्ता, सुनील वर्मा, रामदास वाल्मीकि, प्रमोद राज, लकी आदि उपस्थित रहे। श्रीराम बारात का संचालन पवन मिश्रा ने किया।

## सार-संक्षेप

### बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में हुई बुक मार्क मेकिंग प्रतियोगिता



**बिल्सी,अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को बुक मार्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा पीजी से पांच तक बच्चों ने भाग लिया । सर्वप्रथम शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बुकमार्क से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि बुकमार्क एक ऐसा टूल है जो महत्वपूर्ण जानकारी को सुरक्षित करता है। ताकि आप उसे बाद में आसानी से ढूंढ सकें, बच्चों ने अपनी पुस्तकों के लिए भिन्न-भिन्न तरीकों से रंगीन कागज, कार्डबोर्ड, ग्लू, स्टीकर आदि का प्रयोग करके विभिन्न डिजाइनों के आकर्षक बुकमार्क बनाये ।प्रतियोगिता में कक्षा- पीजी में प्रथम स्थान आन्या यादव, कक्षा एनसी में प्रथम स्थान। मिरहा, कक्षा-केजी में प्रथम स्थान संस्कार, कक्षा- 1 में प्रथम स्थान रिषित माहेश्वरी, कक्षा-2 में प्रथम स्थान अश्विका गौड़, कक्षा-3 में प्रथम स्थान इन्दू यादव, कक्षा -4 में प्रथम स्थान दीक्षा सिंह तथा कक्षा- 5 में प्रथम स्थान शिवांश माहेश्वरी ने प्राप्त किया ।

### विद्यार्थियों ने थाने का किया शैक्षिक भ्रमण

**उघैती ,अमृत विचार :** कॉलेज के पाठ्येतर गतिविधियों के हिस्से के रूप में आयोजित इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को पुलिस विभाग के कामकाज और कानून व्यवस्था बनाए रखने में इसकी भूमिका से परिचित कराना था ।जिसके अंतर्गत कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थी सम्मिलित रहे ।अपने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ आए छात्र छात्राओं का पुलिस कर्मचारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया, उन्हें स्टेशन का भ्रमण कराया। उन्हें नियंत्रण कक्ष, जांच विभाग, और हिरासत कक्षों सहित विभिन्न विभाग का भ्रमण कराया गया, इस भ्रमण के अंतर्गत उघैती थाना प्रभारी राजेश कौशिक एवं अन्य अधिकारियों ने पुलिस बल के प्रतिदिन के कार्यों शीघ्र रिपोर्टिंग का महत्व, महिला सुरक्षा ,यातायात नियमों और नागरिक जिम्मेदारी का महत्व का बताया भ्रमण का मुख्य आकर्षण एक संवादात्मक सत्र था, जिसमें विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने का अवसर मिला ।वे अपराध की रोकथाम आपात स्थितियों में पुलिस की भूमिका और आज की दुनिया में कानून प्रवर्तन के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे विषयों के बारे में जानकारी करने को उत्सुक थे । अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया ।

### एसडीएम व आबकारी टीम ने शराब दुकानें की चेक



**उघैती , अमृत विचार :** अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान जारी है। एसडीएम रिपुदमन सिंह बिल्सी सीओ उमेश चन्द्र व उघैती थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर शराब की दुकानों को चैक किया। अधिकारियों द्वारा स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य अभिलेख देखे। साथ ही बोतलों पर बार कोड भी देखा। गुरुवार की दोपहर एसडीएम उघैती के महानगर रोड पर स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकान में स्टॉक रजिस्टर को चेक किया। दुकान में शराब के स्टॉक व बिक्री का भी मिलान किया ग्राहकों से भी ओवरराइटिंग की जानकारी ली गई। सेल्समैन को वार्निंग दी गई ऑपरेटिंग अगर पकड़ी गई तो सख्त कार्रवाई होगी।

### अयोध्या पहुंचे राम, राज्याभिषेक किया गया



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर में गौशाला रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला के मंच पर लंकापति रावण पर विजय और असुरों का संहार करने के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता का अयोध्या आगमन हुआ। मंच को अयोध्या नगरी के रूप में भव्य ढंग से सजाया गया। अयोध्या लौटने पर वहां के लोगों ने पुष्प वर्षा और आरती उतार कर भगवान राम का स्वागत किया। महिलाओं ने राम दरबार के कलाकारों की आरती उतारी। मैदान पर रावण दहन के बाद नगर के मोहल्ला संख्या तीन स्थित रघुनाथ जी महाराज मंदिर पर श्री राम और भरत का मिलाप देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लंका पर विजय के बाद अयोध्या लौटने पर राम और भरत के मिलन को देख श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। इससे पहले नगर के मुख्य बाजार में भरत का भव्य ढोला निकाला गया। जो मोहल्ला संख्या तीन पंहुचा। इसके बाद रामलीला मंच पर भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष डा.श्रीकृष्ण गुप्ता, प्रबंधक विनोद पालीवाल, लवकुमार वार्ष्णेय, जितेंद्र कुमार वार्ष्णेय, मोहित गुप्ता, संजीव वार्ष्णेय, प्रखर माहेश्वरी, अखिल मालपाणी, उमेश बाबू आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर में 60 महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**बिल्सी ,अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को गर्भवती के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें करीब 60 से अधिक गर्भवती का टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री शर्मा एवं डॉ. प्रगति शर्मा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उन्हें पूरी नींद लेनी चाहिए। बहुत सी ऐसी महिलाएं होती हैं जो कामकाज के चक्कर में पूरी नींद नहीं ले पाती। खानपान का पूरा ध्यान रखना चाहिए। खाने में संतुलित आहार ही लें। शिविर का बरेली से आए आरसी आरए हसन एवं डीएमसी मुस्तकीन ने निरीक्षण किया। साथ ही शिविर के संबंध में विस्तार से जानकारी भी ली। इस मौके पर चिकित्साधिक्षक डा.अरविंद कुमार वर्मा, बृजेश कुमार, शशिवाला, सुमन शर्मा, शैलमुनी, सतेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे

### गुरु के सानिध्य से करनी चाहिए आध्यात्म की यात्रा



**बदायूं,अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थित धनवती देवी सरस्वती बालिका आवासीय इंटर कालेज में रामकथा का आयोजन हो रहा है। जिसके चतुर्थ दिवस कथा वाचक ने शांतनु महाराज ने गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण ने जनकपुरी में प्रवेश की लीला का वाचन किया। जिसे श्रोता सुनकर भाव विभोर हो गए। कथा वाचक ने कहा कि जनकपुरी विशेष प्रकार का नगर है। जिसमें साक्षात भगवती महारानी बैठी। और भगवान भक्ति को प्राप्त करने के लिए जा रहे हैं। इसलिए जब भी जीवन में भक्ति अध्यात्म की यात्रा करनी हो तो गुरु का सानिध्य चाहिए। भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुरी भ्रमण के लिए गुरु की आज्ञा से चले और इनके इस रूप को देखकर पूरे जनकपुरी में शोर हो गया। भगवान ने सब को दर्शन देकर आनंदित किया। इसके बाद राम और लक्ष्मण ने स्वयंवर में भाग लिया। श्रीराम ने गुरू की आज्ञा से धनुष को भंगकर सीता जी का वरण किया। गुरुवार की रामकथा में रवि जी समदर्शी महाराज,अंजू चौहान, जगपाल सिंह संजीव गुप्ता, कमलेश वार्ष्णेय,मंजू चौहान,वैभव चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शहर में आज

- सोरों तीर्थ नगरी के लहरा में श्री भगवान राम की लीलाओ का मंचन रात आठ बजे से।
- तीर्थ नगरी हरपदीय गंगा की महाआरती शाम छह बजे से।
- सुन्नगढी में बौद्ध कथा का आयोजन दोपहर दो बजे से।
- कछला गंगाघाट भगवत कथा का वाचन दोपहर दो बजे से।

## खेल प्रतियोगिता 28 और 29 अक्टूबर को

**कासगंज, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर बालिका वर्ग की जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता फरीदनगर सोरों जी स्थित स्टेडियम में 28 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से आयोजित की जाएगी। वहीं बालक वर्ग में खो खो एवं कबड्डी की प्रतियोगिता अगले दिन 29 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का वजन 70 किग्रा से अधिक नहीं होना चाहिए।उप क्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता रहने वाले खिलाड़ियों को खेल निदेशालय के मानकानुसार पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार की धनराशि सीधे खिलाड़ियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। सभी प्रतिभागी खिलाड़ी अपनी बैंक पासबुक और आधार कार्ड की प्रति अनिवार्य रूप से लेकर आए।

# चक्कर पर चक्कर... डीएपी के लिए किसान बने घनचक्कर

## अमांपुर में सहकारी समितियों पर नहीं मिल पा रही खाद

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार:** सहकारी समितियों पर डीएपी के लिए चक्कर लगा लगा कर किसान घन चक्कर बन गए हैं, लेकिन उन्हें डीएपी नही मिल पा रही है। सहकारी समितियों पर डीएपी की उपलब्धता नहीं है। मजबूरन किसान निजी दुकानों से ऊंचे दामों में डीएपी लेने के लिए विवश है।

वैसे तो जिले भर में ही सहकारी समितियों पर डीएपी की किल्लत है, लेकिन अमांपुर की सहकारी समितियां डीएपी से खाली पड़ी हैं। यहां उम्मीद में किसान सुबह से ही खडे.हो जाते हैं। शाम को बिना लिए ही बैंरग वापस हो जाते हैं। किसानों की माने तो वह सहकारी समितियों के चक्कर लगा लगा कर घनचक्कर बन गए हैं, लेकिन उन्हें डीएपी नहीं मिल पाती है। शाम को उन्हें बैंरग वापस लौटना पड़ता है। गेंहू, आलू, सरसों की बुआई का समय है। डीएपी की जरूरत है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। किसान ऊंची कीमतों पर डीएपी खरीदने के लिए विवश है। समिति के अधिकारी रोज कल की कहकर टाल रहे हैं।



अमांपुर में डीएपी खाद के इंतजार में सहकारी समिति पर खडे.किसान।

### क्या कहते हैं किसान

गेंहू की बुआई के लिए डीएपी की जरूरत है। सहकारी समितियों पर डीएपी उपलब्ध नहीं है।निजी खाद विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर डीएपी बैच रहे हैं।समितियों पर डीएपी मिलनी चाहिए। **– भूप सिंह**

कृषि विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन को चाहिए कि वह किसानों की समझते हुए सहकारी समितियों पर डीएपी की उपलब्धता कराएं। जिससे की किसान की समस्या का समाधान हो सके। **–किताब सिंह**

- **दुकानों से महंगी डीएपी खरीदने को मजबूर हैं किसान**

संभवत: 25 अक्टूबर को डीएपी की रैक आने की संभावना है। समितियों को डीएपी की उपलब्धता कराई जाएगी। उपलब्धता होते ही किसान को वितरण कराया जाएगा। **–दिनेश कुमार यादव**, सचिव।

## बाइक सवार से तीन युवकों ने लूटा नगदी भरा बैग

**कासगंज, अमृत विचार:** दुकान बंद कर गांव जा रहे बाइक सवार दुकानदार से राह चलते तीन युवकों ने नगदी भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए। मामले में पीडित ने अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

सोरों कोतवाली के गांव मिर्जापुर निवासी रवि कुमार की नगरिया में दुकान है। वह रोजाना गांव से नगरिया आते जाते हैं। बुधवार रात लगभग आठ बजे भाई सचिन के साथ दुकान बंद कर बाइक द्वारा गांव मिर्जापुर जा रहे थे, सचिन के हाथ 78800 रुपये की नगदी से भरा बैग था। रवि बाइक चला रहा था। वह नगरिया से कुछ ही दूर निकले थे। रास्ते में सड़क किनारे खडे. तीन युवकों ने झपट्टा मारकर बैग लूट लिया। जब तक बाइक सवारों ने शोर शराबा किया, तब तक आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई। लुटेरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गृह क्लेश के चलते युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

- **परिवार के अन्य लोग थे बाहर, तभी सुनील ने लगा लिया फंदा**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** थाना सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला बाबू में युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना का कारण गृह क्लेश बताया जा रहा है। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



सुनील( फाइल फोटो)

नगला बाबू निवासी रामबाबू का पुत्र सुनील (24) घर में आए दिन होने वाले क्लेश से परेशान था। बुधवार को भी परिवार में किसी बात को लेकर कलह हुई थी। उसके बाद से वह खिन्न हो गया था। गुरुवार शाम लगभग चार बजे घर के कमरे में गया।

परिवार के अन्य लोग बाहर थे। उसने गले में फंदा लगा लिया। जब काफी देर बाद परिजन कमरे में गए तो सुनील का शव लटके देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पोस्टमार्टम गृह पर गमगीन बैठे परिजन। ● अमृत विचार

### फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले की फोरेंसिक टीम गांव नगला बाबू में घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना से संबंधित फोटो ग्राफ और साक्ष्य एकत्रित किए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

नगला बाबू के सुनील ने खुदकुशी की है। मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, यदि परिजन कोई तहरीर देंगे, तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि गांव सलेमपुर बीबी में महिला द्वारा खुदकुशी करने के प्रयास की जानकारी पुलिस को नहीं है। **– भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर, सोरों कोतवाली।

### विवाहिता ने किया खुदकुशी का प्रयास

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरों कोतवाली के गांव सलेमपुर बीबी में सविता( 30) पत्नी कुलदीप ने गृहक्लेश के चलते फंदा लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया है। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार किया गया। उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल से हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

# तीन किसानों की डिबाई क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **पिकअप का टायर बदलने के लिए रुका था चालक, तेज रफ्तार कैंटर ने रौंदा**
- **सड़क किनारे खडे.थे चारों, धान बेचने के लिए जहांगीराबाद मंडी जा रहे थे किसान**

**अमृत विचार:** जिले के सिढपुरा और सहावर क्षेत्र के किसान धान बेचने के लिए जहांगीराबाद मंडी जा रहे थे। डिबाई थाना क्षेत्र में पिकअप का टायर फटने पर चालक ने वाहन को सड़क किनारे रोक दिया। किसान वाहन से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार कैंटर वाहन ने उन्हें रौंद डाला। जिससे तीनों की मौत हो गई, एक घायल हुआ है। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

थाना सिढपुरा के गांव हमीरपुर निवासी सतीश चंद्र( 42) पुत्र लेखराज, राम सिंह(18) पुत्र सीताराम गांव मोहन नगला निवासी, संजू (27) पुत्र लाल सिंह, सहावर क्षेत्र के गांव भूडा नगरिया निवासी विजय(35) पुत्र महेश पिकअप से धान बेचने के लिए जहांगीराबाद मंडी जा रहे थे। गुरुवार की सुबह लगभग चार बजे जब उनका वाहन नेशनल हाइवे पर डिबाई क्षेत्र में था, तभी वाहन का टायर फट गया।

टायर बदलने के बाद चालक ने सड़क किनारे वाहन को रोक लिया था। वाहन से उतर कर चारों किसान सड़क किनारे खड़े थे, तभी मार्ग से गुजरते तेज रफ्तार कैंटर वाहन ने चारों को रौंद डाला। जिससे सतीश, राम सिंह और संजू की मौके पर ही मौत हो गई। विजय गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक कैंटर चालक वाहन सहित मौके से भाग जा चुका था। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया। जहां से हायर सेंटर के लिए भेजा गया है।

सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। तीनों मृतक जिला कासगंज के रहने वाले हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग के आधार पर वाहन की तलाश की जा रही है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।– **शोभित कुमार**, सीओ डिबाई।

## एसडीएम के समक्ष रखीं किसानों की समस्याएं

**कासगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल ने नवागत उपजिलाधिकारी कोमल पवार से भेंट की। जिले की समस्याओं को लेकर उनसे बातचीत की। समस्याओं के निराकरण कराए जाने की मांग की। एसडीएम ने प्रतिनिधि मंडल को मांगों के प्रति आश्वस्त किया। अजब सिंह वर्मा, जयवीर सिंह, सुखवीर सिंह, बघेल, सुभाष चंद्र गुप्ता मौजूद रहे ।

## तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले वांछित आरोपी ने कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी अरबाज निवासी नई बस्ती बड्डू नगर को ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से अग्रिम कार्रवाई हुई है।

# माताओं ने संतान की रक्षा, दीर्घायु के लिए रखा निर्जला व्रत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गुरुवार को अहोई अष्टमी पर्व मनाया गया। माताओं ने निर्जला व्रत रख अहोई एवं स्याही माता की पूजा कर संतान की रक्षा एवं दीर्घायु की कामना की। देर रात तारों को अर्घ देकर उपवास तोड़ा। माताओं ने घरों में पकवान भी बनाए। बायना बुजुर्गों को दिया।

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अहोई अष्टमी पर्व मनाया गया। मान्यता है कि इस पर्व पर माताएं निर्जला व्रत रख अहोई एवं स्याही माता की पूजा करती है तो संतान को दीर्घायु की प्राप्ति होती है। अहोई एवं स्याही माता की आकृति बनाकर उसकी पूजा की और संतान की दीर्घायु एवं परिवार के कल्याण की कामना की। माताओं ने तारों की छांव में अपनी संतान का तिलक किया। तारों को अर्घ देकर मंगलकामना की। घरों में पकवान बनाए गए। मान्यता के अनुसार पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने बायना मंशा। घर के बुजुर्गों को देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं नव विवाहित महिलाओं ने इस व्रत को रखकर संतान उत्पत्ति की कामना की।



अहोई अष्टमी पर पूजा करतीं माताएं। ● अमृत विचार



शहर में पुत्र को तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना करती माता।

- **अहोई एवं स्याही माता की पूजा कर तारों को दिया अर्घ्य**



हमारे सनातन धर्म में अहोई अष्टमी का व्रत पुत्रवान महिलाओं के लिए अत्यंत विशेष फलदायक बताया गया है, बस मान्यता के अनुसार संतान के खुशहाल जीवन के लिए इस व्रत को कर रहे हैं। **– श्यामलता मिश्रा**



संतान की लंबी आयु और खुशहाली के लिए इस व्रत को करने का विधान है, जिससे प्रेरित होकर इस व्रत को नियमानुसार करते हैं। मान्यता है कि निसंतान भी पुत्र की कामना के लिए व्रत रखती है। **– आभा सिंह**

# घरों में होने लगी सजावट और साफ- सफाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** दीपोत्सव पर्व नजदीक आ गया है। लोग घरों की सजावट एवं साफ सफाई में जुट गए हैं। बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ रही है। दुकानदार भी उत्साहित हैं।

कार्तिक मास आरंभ होते ही त्योहारों की धूम शुरू हो जाती है। नवरात्रि, दशहरा, अहोई अष्टमी और फिर बहुप्रतीक्षित दीपावली। एक सप्ताह बाद ही दीपावली है जो हिंदुओं का एक प्रमुख और सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। मौज मस्ती, मिठाई पकवान, पटाखों की धूम और चारों तरफ जगमगाता माहौल हर किसी को रोमांचित कर देता है। इन दिनों चारों ओर उत्साह का माहौल है। साफ सफाई, रंग रोगन का दौर चल पड़ा है। लोग अपने अपने घरों में साफ सफाई करने में जुट गए हैं। पेंट्स की दुकानों में भी रौनक छाई हुई है। तरह तरह के रंग बिरंगे पेंट्स करा रहे हैं। बाजारों में भी साज सज्जा के सामानों की नई नई श्रृंखला मौजूद है जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं।



त्यौहार नजदीक आ गया है। बाजारों में लोगों की भीड़भाड़ दिखाई दे रही है। भीड़ देखकर दुकानदारों में उत्साह दिखाई दे रहा है। लोग घरों में रंग रोगन करा रहे हैं। **–सोनी बिदंल**, पेंट्स विक्रेता



बाजारों में इसी तरह रौनक रही तो व्यापार अच्छा होगा। त्योहार पर व्यापारियों को बेहतर धंधे की उम्मीद होती ही है। त्योहार खुशियां लेकर आया है। **–रहीस अहमद**, व्यापारी

## कंटेनर और ट्रैक्टर की भिड़ंत में बुजुर्ग घायल

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में एटा-मैनपुरी हाईवे स्थित नायरा पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की देर रात ट्रैक्टर और कंटेनर की जोरदार भिड़ंत में ट्रैक्टर सवार 70 वर्षीय चक्रपाल पुत्र नेपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। टीपी नगर पुलिस चौकी पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। ट्रैक्टर कंटेनर से टकराने के बाद चकनाचूर हो गया। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना देर रात की है और ट्रैक्टर रॉंग साइड आ रहा था। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक और कंटेनर चालक दोनों ही फरार हो गए हैं।वहीं कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत गांव गंगनपुर पुलिया के पास बुधवार की रात 10 बजे अज्ञात वाहन ने नंदपुर खौंडरा थाना रिजोर निवासी फौजी सुनील कुमार पुत्र सौदान सिंह को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फौजी को अस्पताल में भर्ती कराया।

# दीपावली और छठ पूजा पर रेलवे चलायेगा विशेष गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- **26 को दरभंगा और 27 अक्टूबर को दौराई से चलेगी गाड़ी, पूर्व उत्तर रेलवे ने जारी की समय सारिणी**

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत दरभंगा, दौराई और दरभंगा से विशेष पूजा गाड़ी का संचालन बाया गोरखपुर किया जाएगा। यह गाड़ी 26 औश्र दो नवंबर को दरभंगा से और 27 और तीन नवंबर को दौराई से चलेंगी।

रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत गाड़ी संख्या 05273 एवं 05274 दरभंगा-दौराई- दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर से किया जाएगा। यह गाड़ी 26 अक्टूबर व दो नंवबर को दरभंगा से और 27 अक्टूबर और तीन नवंबर को दौराई से दो फेरों के लिए चलेंगी। उन्होंने बताया कि 05273 दोनों तिथियों में दरभंगा से 13 बजकर 15 मिनट पर प्रस्थान करेंगी। सीतामंढी बैरल मियां, गोरखपुर, बस्ती होती हुई दूसरे दिन 11:40 मिनट पर कासगंज पहुंचेगी। यह गाड़ी कासगंज से हाथरस, मथुरा, भरतपुर होती हुई 22:30 पर दौराई पहुंचेगी। वापसी में निर्धारित तिथियों पर दौराई 23:45 मिनट पर चलेंगी। अजमेर, किशनगढ़, भरतपुर, मथुरा, हाथरस होते दूसरे दिन 9:10 मिनट पर कासगंज पहुंचेगी। कासगंज से बदायूं, शहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती होते हुए 6:50 मिनट पर दरभंगा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस गाड़ी में एसएलआरडी के दो, साधारण द्वितीय श्रेणी के छह, शयन श्रेणी दस सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

# बच्चों में खेल-कूद से होता है शारीरिक और मानसिक विकास



सोरों विकास खंड क्षेत्र के ब्रहम्मपुरी उच्च प्राथमिक विद्यालय में खिलाड़ियों से परिचय लेते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचार:** खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है इसलिए खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करनी चाहिए। यह संदेश अलग-अलग स्कूलों में हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में अथितियों ने दिया है। साथ ही विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

गुरुवार को प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए नायब तहसीलदार मुकेश गौतम ने बच्चों को खेलों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि खेलों को द्वेष या दुश्मनी की भावना से नहीं खेला जाता है। इस मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो और दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बालक-बालिकाओं को पुरस्कार वितरित करते हुए भोज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनुदेशक मोहर सिंह, प्रवीन सिंह एवं रूबी ने ईमानदारी के साथ खेलों का आयोजन कराया। प्राथमिक स्तर पर 50 मी दौड़ में कंपोजिट स्कूल नकढुरु से आशिक व नगला फुलू से जानवी प्रथम, प्यारमपुर से करन एवं गौसगंज से मधु द्वितीय, नगला लक्ष्मण से सुरजीत रामपुर से ललित तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर दौड़ में नकढुरु से अर्पित एवं नगला लक्ष्मण से शालू पहले और प्यारमपुर से अनिकेत रंपुरा से अंजलि दूसरे और तीसरे स्थान पर रंपुरा से सौरभ एवं नगला फुलू से सलोनी रही। 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर प्यारमपुर से करन एवं रंपुरा से अंजलि, नगला लक्ष्मण से अंकित एवं घोसगंज से प्राची दूसरे और तीसरे स्थान पर घोसगंज से रोहित एवं प्यारमपुर से मिंटी गौतम ने अपना दबदबा कायम रखा। 400 मी में प्रथम स्थान पर नगला लक्ष्मण से त्रिलोक नकढुरु से शिवा, रंपुरा से हर्वेंद्र घोसगंज से मधु दूसरे और प्यारमपुर से अनिकेत एवं रंपुरा से अंजलि तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान अमित द्विवेदी, प्रदीप यादव, दलपत सिंह, रितेश शर्मा, रतन प्रकाश, सुरजीत सिंह, जसवीर सिंह उर्फ दद्दा सहित दर्जनों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



पटियाली के स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का फीता काटकर आरंभ करते नायाब तहसीलदार मुकेश गौतम एंव अन्य।

- **न्याय पंचायत स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्‌घाटन**

### खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाडियों ने दिखाया दम खम

**कासगंज, अमृत विचार :** विकास खंड सोरों के उच्च प्राथमिक विद्यालय ब्रहमपुरी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि यशवीर सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रमुख कासगंज प्रीती गोयल, खंड शिक्षा अधिकारी सोरों ने किया।विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रिया कंपोजिट विद्यालय गुडगुडी एवं जूनियर स्तर पर प्रिया उच्च प्राथमिक विद्यालय ब्रहमपुरी चैंपियन रहीं। साथ ही खो खो, कबड्डी आदि खेलों में उच्च प्राथमिक विद्यालय ब्रहमपुरी, कंपोजिट विद्यालय गंगागढ़, कंपोजिट विद्यालय हरनाथपुर, कंपोजिट विद्यालय गुडगुडी, प्राथमिक विद्यालय पटना की टीमें विजेता रहीं। इस मौके पर ग्राम प्रधान जी ब्रहमपुरी, श्री वीरेंद्र सिंह जी जिला समन्वयक, मुनेश राजपूत जिला महामंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ, गजेंद्र प्रताप सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सोरों, अंकित पुंढीर जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ उपस्थित रहे।

## पांच वारंटियों को कोर्ट में पेश किया

**कासगंज, अमत विचार :** वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत ढोलना पुलिस ने वारंटी रामनिवासी निवासी बिलराम, गंजडुंडवारा पुलिस चिराग निवासी गंजडुंडवारा, कोतवाली सोरों पुलिस ने श्यामलाल, अशोक निवासी होडिलपुर एवं रुपेंद्र निवासी मुहल्ला रामसिंह पुरा कोतवाली सोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों को संबंधित पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया।

## दो वांछित गिरफ्तार जेल भेजे

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सहावर पुलिस ने आत्म हत्या के उकसाने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि आरोपी हेमा देवी निवासी चंडौला थाना हरदुआगंज अलीगढ़ हाल निवासी मामों और अजय निवासी मामों कोतवाली कासगंज को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने अग्रिम कार्रवाई की है।

# संग्रह शेल्टर होम में पड़ा ताला, खुले में रात बिता रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** नगर पालिका प्रशासन द्वारा वर्ष 2019 में संग्रह शेल्टर होम बनाया गया था, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते अब यहां ताला पड़ा हुआ है, जबकि बाहर से शहर में आने वाले यात्रियों को रात बिताने लिए लाले पडे हुए हैं। यात्री रात में खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे सोने को मजबूर हैं। बेसहारा और निराश्रित लोगों ने शेल्टर होम खुलवाए जाने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है।

निराश्रित एवं बेसहारा लोगों को आश्रय मुहैया कराने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने वर्ष 2019 में नावल्टी रोड पर शेल्टर होम बनवाया गया था। लाखों रुपये खर्च करके तमाम सारी सुविधाएं जुटाईं गईं। 50 बेड डलवाए गए। संचालन की जिम्मेदारी संस्था श्याम उद्योग छर्रा को सौंपी गई थी। पालिका इसके एवज में प्रति माह के हिसाब से 50 हजार रुपये का भुगतान करती थी, लेकिन दशहरा के बाद शेल्टर होम में ताले पडे हुए हैं।

रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से आने वाले निराश्रित और बेसहारा लोग ताला देखकर लौट रहे हैं। वह सड़क किनारे रात बिता रहे हैं। नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। लोगों ने शेल्टर होम में पडे. ताले को खुलवाए जाने की मांग नगर पालिका और जिलाधिकारी मेधा रूपम से की है, ताकि निराश्रित और बेसहारा लोग यहां रहकर रात गुजार सके।



नावल्टी रोड स्थित बने शेल्टर होम में पड़ा ताला। ● अमृत विचार

- **पालिका प्रशासन ने लोगों को राहत देने के लिए शुरू की थी सुविधा**
- **श्याम उद्योग छर्रा के चार्ज में था शेल्टर होम, पालिका देती थी 50 हजार रुपये**

नगर पालिका के शेल्टर होम पर अवैध अतिक्रमण था। पहले डूंडा से संचालित था। अब उसे हटवा दिया गया है। शुक्रवार को निविदा जारी की जा रही है। जल्द ही निविदा के माध्यम से संचालित किया जाएगा।– **पूजा श्रीवास्तव**, ईओ कासगंज।

### जनवरी से था पालिका के चार्ज में था शेल्टर होम

नावल्टी रोड स्थित बने शेल्टर होम जनवरी 2024 से नगर पालिका के चार्ज में पहुंच गया था, तभी से यहां ताले पडे हुए हैं। पालिका द्वारा कर्मचारी को तैनात नहीं किया गया है। शेल्टर होम होने के बावजूद भी लोग इधर उधर भटक रहे हैं।

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते ।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते ॥

प्राण त्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है । वह संकट पार कर जाता है ।

## संपादकीय

# पाकिस्तान के इशारे पर

एक दशक बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि जम्मू कश्मीर में शांति की बहाली होगी और विकास की गति तेज होगी। चिंता की बात है कि सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी। पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। टीआरएफ के मुखिया पाकिस्तान में बैठकर घाटी में दहशत फैलाने की साजिश रचते हैं। पाकिस्तान इस आतंकी संगठन को फंडिंग भी करता है। इस संगठन का नाम ही इसके मकसद को ज़ाहिर कर देता है। हकीकत तो ये है कि आईएसआई ने टीआरएफ को एक अलग तरह की रणनीति के तहत बनाया है, जो अन्य आतंकवादी संगठनों से बिल्कुल अलग है।

जम्मू कश्मीर में दूसरे राज्यों से आकर काम करने वालों पर हमले का सिलसिला जारी रहने से प्रवासी नागरिकों में दहशत का माहौल है। उन कश्मीरी पंडितों में भी डर पैदा हो गया है जो प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं। इसके बावजूद राज्य में दहशत फैलाने की कोशिशों पर रोक लगा पाना जटिल चुनौती बनकर उभरा है। अभी भी वहां बड़ी संख्या में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस कारण वहां से प्रवासी श्रमिकों व कश्मीरी पंडितों का पलायन तेज होगा जो कि चिंता की बात है। नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। सीमा पार से पाकिस्तान टीआरएफ के जरिए कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की साजिशें कर रहा है, जिनसे निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। साथ ही जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

# लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है । लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई । देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है । लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं ।

भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व-समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव-संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है।

उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोकविश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। विभक्त चेतना, विभक्त मानस। व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है। लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है। लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है आराम की जिंदगी नैतिकता पर बाजार के मुनाफे का प्रभाव, मूल्य हीनता का प्रसार।

भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। फिर भी लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है, जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है।

आवश्यकता निरन्तर बढाते रहना। मैं उपभोक्ता हूं, बाकी सब कुछ मेरे लिए है। प्रकृति हो या मनुष्य! एक ओर तो विश्व बाजारवाद के रूप में मनुष्य की कहीं भी और कभी भी समाप्त न होने वाली तृष्णा है, जो मनुष्य को केवल उपभोक्ता के रूप में देखती है और चराचर-प्रकृति को कच्चामाल समझती है, उसके परिणाम-स्वरूप पर्यावरण का संकट है, जो पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए एक सवाल बन गया है, और इसी के साथ समाज में जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा की तरह नित-नित बढ़ने वाली विषमता है। दूसरी ओर मानव-सभ्यता के आकाश में आतंक की घनघोर घटाएं मंडरा रही हैं। आतंकवाद की जडें कितनी गहरी हैं, कितनी व्यापक हैं और कितनी दूर-दूर तक फैल चुकी हैं, इसका अन्दाज किसे है? उपभोक्ता है, कंज्यूमर। प्रकृति उसके लिए कच्चा माल है वह विकास जिसके लिए धनी आदमी उपभोक्ता और निर्धन आदमी तथा यह समस्त प्रकृति (नदी-समुद्र-पहाड़) कच्चामाल है? बाजार का वैश्वीकरण हो गया किन्तु समाज का वैश्वीकरण नहीं हुआ। दुनियां के सेठ तो एक हो गए, दुनियां के मजदूर एक नहीं हो सके। बाजार और उपभोक्ता-संस्कृति जीवन के हर क्षेत्र में हावी होती जा रही है। मानव-सभ्यता ज्ञान विज्ञान के शिखर की ऊंचाइयों पर चढ़ रही है तो दूसरी ओर मानव-सभ्यता के सामने संकट भी बहुत बड़े हैं। संसार के सभी धनकुबेर एक जगह संगठित हो गए हैं, धन की शक्ति राज करेगी, धन इंसान का नियामक होगा। जो जितना बड़ा धनकुबेर होगा, वह निर्बल से धन छीन लेगा। उसकी नजर में विराट-प्रकृति उपभोग्य-सामग्री है।

> असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़। सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है।

विश्व बाजारकी नजर में उपभोग आनन्द है और यह आनन्द एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनन्द स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनन्द और अधिक पैसा अधिक आनन्द। ये बता रहे हैं कि देह-सुख और इन्द्रिय आनन्द ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिलावात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय-संस्कृति ही नहीं, विश्व संस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है। आज आधुनिक-सभ्यता ने जो दिशा ली है,उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। शरीर आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छेद हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है, मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छिन्न हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान-साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। भोग परायण और विज्ञापन की संस्कृति।

भूमंडलीकरण के नाम पर बाजार का जो साम्राज्य बिछा है, उसमें लोक संस्कृति का भी समावेश हो चुका है। सौंदर्य-प्रतियोगिताओं से लेकर त्योहारों, पर्वों, धार्मिक-आयोजनों, कथा-भागवत तथा मानवीय-संबंधों में भी बाजार आज नियामक की भूमिका में आ गया है। आज संबंधों में आत्मीयता का स्थान लाभ-हानि के गणित ने ले लिया है। स्थानीय-उत्पादन आज प्रतियोगिता से बाहर हो चुका है। खान-पान, वेशभूषा से लेकर भाषा भी बेदखल हो गई।

भांगड़ा की पहचान वैसाखी जैसे त्योहार से हुआ करती थी। आज वही भांगड़ा पंजाब के खेतों से निकल कर दिल्ली व मुंबई के डिस्कोथेक में पहुंच चुका है। लोकनृत्य अपने परिवेश से विच्छिन्न हो चुके हैं। संचार माध्यम किसी न किसी निहित-स्वार्थ के अधिकार में होते हैं और कुल मिलाकर बाजार अर्थव्यवस्था से जुड़े होते हैं, वही परोसते हैं जो प्रच्छन्न रूप में उनके लिए लाभकारी होता है। नयई पीढ़ी उनकी चमक-दमक से विभ्रमित हो जाती है। परिणाम अपसंस्कृति और अपनी भाषा एवं परंपराओं से अलगाव के रूप में सामने आता है। देवी-जागरण भी डिस्को कल्चर से प्रभावित हुआ है। एक बात यह भी उल्लेखनीय है कि लोक कलाओं को वैश्विक मंच भी मिला है। बिहार की मधुबनी-कला, छत्तीसगढ़ की पंडवानी, राजस्थान की कठपुतली, कालबेलिया का बीन वादन और सर्प नृत्य कला ने विश्व बाजार में अपना स्थान बनाया है। वह छोटे क्षेत्र से निकलकर विश्व फलक पर आई है लेकिन लोकसंस्कृति के व्यावसायीकरण में डालर की कमाई का लोभ है। लोकनृत्य अपने मूल गुण-धर्म को छोड़ कर मनोरंजन की सामग्री बन चुके हैं।

असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़। सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मनुष्य रहेगा और मनुष्यता भी रहेगी। कारण बड़ा स्पष्ट है कि मनुष्य सामाजिक-प्राणी है, अकेला जी नहीं सकता, समाज उसके लिए अनिवार्य है और समाज के लिए सामाजिकता अनिवार्य है। मनुष्यता इस सामाजिक-भाव की ही देन है। व्यष्टि और समष्टि का द्वंद्व चलता रहता है, इतिहास के अंधेरे युगों से लेकर आज तक यह द्वन्द्व चलता आ रहा है और भविष्य के युग-युगान्तर तक यह द्वन्द्व चलता ही रहेगा। द्वंद्व चलेगा तो उसके साथ समायोजन और सामरस्य भी चलता रहेगा। वर्तमान संदर्भ में भी हम लोकसंस्कृति को इसी जीवनक्रम के अंतर्गत निरख-परख सकते हैं।

भूमंडलीकरण और बाजारवाद कोई दूसरी चीज नहीं है, वह व्यष्टिसत्ता का ही विराट रूप है। जो व्यष्टिसत्ता कल राज्य-संस्था के आयुधों के साथ साम्राज्यवाद के रूप में थी, वही व्यष्टिसत्ता नयी तकनीक को लेकर आज बाजार-सत्ता के रूप में प्रकट हुई है। नई वैश्विक अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक समृद्ध देश वर्चस्व प्राप्त कर लेता है। शक्ति की वही आदिम-होड़ चल रही है, वैसे ही युद्ध चल रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक-शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीक्रणकी प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है-जिसकी लाठी उसकी भेंस।

## प्रसंगवश

# अब तो देखें न्याय की नई देवी

अदालतों में लगी न्याय की नई देवी की आंखों की पट्टी खुल गई है। कुछ बातें, जो पहले जनता तो देखती थी, पर वे नहीं देख पाती थीं, क्योंकि आंखों में पट्टी बंधी थी। अब उन्हें देख लेना चाहिए। जिला अदालतों में पीठासीन अधिकारी के बगल में बैठा पेशकार मुकदमों की पेशी में नीचे से पैसे लेता रहता है, जो दस्तूरी मान्य है। तारीख देने तक के पैसे होते हैं। बोलचाल की भाषा में इसे 'सुविधा शुल्क' कहते हैं। उसका कनिष्ठ बाबू, जिसे 'अहलमद' कहते हैं, कार्याधिक्य वश कई बाहरी लोगों को नौकर रखकर काम करवाता है, जिनसे सरकार का कोई लेना देना नहीं है। इन्हें "एडीशनल हैण्ड्स" कहते हैं। उनकी न्यायालय-पत्रावलियों तक पूरी पहुंच होती है। उन पर लिखा पढ़ी भी वे करते हैं। उनकी तनख्वाह कहां से निकलती है? जाहिर है कि ऊपरी आमदनी से ही निकलती होगी। देवी जी यह भी देखें कि उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में बड़े राजनीतिक प्रकरणों तथा नामी गिरामी वकीलों द्वारा प्रस्तुत मामले तुरंत सुन लिए जाते हैं, शेष आम आदमियों के करोड़ों वाद शायद ही कभी सुनवाई हेतु लगते हों, जबकि कानून और न्याय की दुनियां का एक प्रसिद्ध सिद्धांत है "वीकर फर्स्ट" (कमजोर को पहले)। एक अंतिम बात वे देवी जरूर देखने का कष्ट करें कि सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सुप्रीमकोर्ट के जज सरकार द्वारा प्रदत्त कोई पद जैसे गवर्नर, राज्यसभा सदस्य आदि न ग्रहण कर सकें। ऐसा प्रतिबंध कम से कम दो वर्ष के लिए जरूर हो, चाहे कानून बनाकर या सुप्रीमकोर्ट के निर्णय द्वारा।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

न्यायिक शुचिता का तो यही तकाज़ा है। ऐसा न होने पर जनता यह सोचने लगती है कि ये जज महोदय सेवाकाल में निष्पक्ष कैसे रहे होंगे! सरकार इन्हें क्यों उपकृत कर रही है? निकट विगत में यह उपकार कुछ ज्यादा ही हुआ है। अयोध्या के मंदिर/मस्जिद मामले का निर्णय देने वाले पांच जजों में चार रिटायर हो चुके हैं। उन सबको रिटायर होते ही सरकारी पदों का उपहार दिया गया। पांचवे जज वर्तमान मुख्य न्यायमूर्ति हैं, जो चंद दिन बाद रिटायर हो रहे हैं। उदाहरण और भी हैं, किंतु विस्तार देना आवश्यक नहीं है।

# हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठी कांग्रेस


नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

> कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है। यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही। यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है। लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई।

देश की सियासत का रुख़ क्षत्रपों की ताकत बढ़ा रहा है और राष्ट्रीय दल बैकफुट पर आ रहे हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी और ताकतवर भाजपा की केंद्र सरकार क्षत्रपों के सहारे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा भाजपा का इतना बड़ा चेहरा और सबसे बड़े जनाधार के बावजूद भाजपा को लोकसभा चुनाव में अकेले बूते पर सरकार बनाने का बहुमत नहीं मिला। यूपी में भी भाजपा जाति पर आधारित छोटे-छोटे सहयोगी दलों के दबाव में है।

इसी तरह देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जो देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल है, इसे भी क्षेत्रीय दलों के दबाव से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के बावजूद कांग्रेस ने सहयोगी समाजवादी पार्टी से उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में नौ में पांच सीटें मांगी, फिर तीन पर आई गई, किंतु सपा ने कांग्रेस को यहां एक भी सीट नहीं दी। अब यहां नौ की नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ेगी और पंजा साईकिल पर हाथ पर हाथ रख कर सिर्फ बैठा रहेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को बैकफुट पर ले लिया, लेकिन कांग्रेस यानी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अकेले पीडीए की ताकत पर चुनाव लड़ना इसलिए मुनासिब नहीं समझा क्योंकि कांग्रेस का साथ छोड़ने से मुस्लिम और दलित कांग्रेस में छटक सकता था।

कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है। यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही। यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है। लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई। इंडिया गठबंधन की सबसे कामयाब टेरीटरी यूपी ही रही जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन की केमिस्ट्री हिट और फिट बैठी। यहां लोकसभा चुनाव 2024 में सबसे बड़े विपक्षी दल सपा ने बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए कांग्रेस को सत्तरह सीटें दी थी और कांग्रेस को छह पर जीत हासिल हुई और छह सीटों पर करीबी मुकाबले में हार हुई। सूबे में इस गठबंधन की जीत के पीछे एक कारण ये भी सामने आया कि दलित समाज का एक हिस्सा जो भाजपा से नाखुश है और बसपा की निष्क्रियता से नाराज है, उसने कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन पर विश्वास किया। यूपी में सपा की सरकारों में यादव-दलित में इतनी तल्खियां पैदा हो गई थी कि दलित यहां सपा के बजाय कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन की ताकत बनता नजर आया था। कांग्रेस और सपा का एक साथ होने से मुस्लिम वोट भी बिखराव से बच कर एकजुट रहा। इस सफलता के बाद भी सपा ने उप चुनाव में कांग्रेस को बैकफुट पर लिया।

"जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी"। ये विपक्षियों का नारा है। सपा, कांग्रेस और ख़ासकर यूपी में अखिलेश यादव का पीडीए इस सिद्धांतों पर केंद्रित है। सामाजिक न्याय और कमजोर को हक देना सपा का सिद्धांत है।

समतामूलक मूल्यों वाला समाजवाद अंतिम पंक्ति में बैठे किसी कमजोर से कमजोर को उसका हक़ देने के लिए संकल्पित है। कमजोर को उसका हक दीजिए तो हर कमजोर ताकतवर बन जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी की ऐसी मूल भावना पर अमल किया होता तो यूपी के उपचुनाव में कमजोर कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में उसकी हिस्सेदारी ज़रूर दी होती। मरता क्या ना करता! इस कहावत को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय दल कांग्रेस को क्षेत्रीय दल सपा के आगे झुकना पड़ा और पंजा हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठने को तैयार हो गया। अब देखना ये होगा कि लोकसभा चुनाव की तरह नौ सीटों पर होने वाले उप चुनाव में दलित समाज का एक हिस्सा दुबारा इंडिया गठबंधन का साथ देता है या पंजा गायब होने और सिर्फ साइकिल का निशान देखकर भड़क जाता है।

## सोशल फोरम

# अच्छा आदमी और बुरा आदमी

बहुत लोग कहते सुने जाते हैं कि मैं अच्छों के लिए अच्छा और बुरों के लिए बुरा हूं। वे चाहे अच्छे हों, चाहे बुरे, ग़लतबयानी कर रहे होते हैं। अच्छा आदमी डींग मार रहा होता है और बुरा अपना बचाव करने की तैयारी कर रहा होता है। क़ुदरत आदमी की शख़्सियत में ऐसे दो फाड़ करती ही नहीं-अच्छा आदमी सब के लिए अच्छा होता है और बुरा सबके लिए बुरा। हां, जब अच्छा आदमी बुरा करता दिखे तो जान लो कि किसी बुरे ने उसे इतना उकसा दिया है कि वह फ़िलहाल आपे में नहीं है। फिर आ जाएगा।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अच्छा नहीं बन सकता, न अच्छा आदमी बुरा बन सकता है। किसी चुनाव के तहत नहीं, बस मजबूरी। तो दांत क्यों पीसते हैं? नफ़रत भी किसलिए? वश में ही नहीं है उसके तो क्या करे!

सारे धर्म, सारी विचारधाराएं इसी चट्टान से टकराकर चूर होती रही हैं। आगे भी होंगी। सिद्धांत और व्यवहार के बीच द्वंद्व का यही मूल तत्त्व है। बल्कि जितना उदात्त धर्म, जितनी महान विचारधारा, व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति। धूर्तों का यही काम है। उदात्त और महान की आड़ में ही उनकी कला परवान चढ़ती है और धूर्तता बुरे आदमी का विशेषाधिकार है।

आप यह भी जान लो कि तम का आयतन सत्त्व से हमेशा ज्यादा ही होना है। कई गुना। क़ुदरत ऐसी ही है। कभी किसी भले आदमी को ठगे जाते नहीं सुना गया (चिट फंड कंपनी द्वारा भी नहीं)। होता क्या है कि बड़ा ठग छोटे ठग को ही ठगता है। जो इस हुनर में माहिर होते हैं कि भले आदमी और ठग आदमी में तमीज़ कर सकें, वही इस धंधे में फलते-फूलते हैं। उन्हें यह जानने की भी तमीज़ होती है कि कहीं सामने वाला उनका भी बाप तो नहीं...अगर लोग लालची न हों तो ठगी के धंधे में लगे लोग भूखों मर जाएं।

कुछ देर भेद भरी निगाह से देखने के बाद उन्होंने फिर कहा-भला आदमी और बुरा आदमी और कुछ नहीं, बस मज़बूत आदमी और कमज़ोर आदमी है। न कोई भला, न कोई बुरा।

-फेसबुक वॉल से

# 'एका आंदोलन' के महानायक मदारी पासी

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक एका आंदोलन के प्रणेता और किसान आंदोलन के अग्रदूत क्रांतिकारी मदारी पासी जिनका जन्म 24 अक्टूबर 1860 को हुआ। ये अनुमानित तिथि है, क्योंकि जिस समाज में जन्मे वहां जन्मकुंडली नहीं बनवाई जाती थी और जन्मकुंडली बनाने वाले परहेज भी रखते थे। मदारी पासी का इतिहास आरपी सरोज पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक के प्रयास व शोध के कारण मदारी पासी के निधन के 68 वर्षों बाद सामने आया। इतिहाकार राजकुमार के अनुसार क्रांतिवीर मदारी पासी का जन्म ग्राम मोहनखेड़ा, मजरा इटौंजा, तहसील संडीला जनपद हरदोई स्वाभिमानी पासी परिवार में हुआ था। पिता मोहन पासी थे, ये वो दौर था समाज में छुआछूत, ऊंचनींच, जातीपांत का बोलबाला था इसीलिए मदारी पासी में अन्याय, शोषण, व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध विद्रोह की भावना का बीज अंकुरित हुआ।

> मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट-पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थी। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी। वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था उनका धनुष बाण अब तक ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर सुरक्षित है।



मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थीं। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे। तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था। उनका धनुष बाण ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर अब भी सुरक्षित है।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

मदारी पासी के 'एका आंदोलन' की पृष्ठभूमि में उस समय का व्यापक किसान आंदोलन था। गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी की अवध के प्रति हड़प नीति सन 1856 एवं सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसरों ने अवध के किसानों का सबसे ज्यादा दमन किया। जमीनें छीनकर अंग्रेजों के दलाल जमींदारों के अधीन कर दी गईं और वे जमींदार अंग्रेजों के एजेंट के तौर पर काम करते थे। अंग्रेजो के अतिरिक्त स्थानीय महाजनों, साहूकारों और जमींदारों ने कभी बेगार के बदले उनके खेत व जेवर छीनने शुरू कर दिए। किसानों की बहु बेटियों की इज्जत भी इन जमींदारों की क्रूरता में शामिल थी। ऊपर से नगदी लगान के कारण साहूकारों व जमींदारों के समक्ष जमीन जायदाद गिरवीं रखते गए बल्कि खुद को भी गिरवीं रख देते। किसानों के भीतर ताल्लुकेदारों और अंग्रेजों के निजाम और गांव के भीतर परंपरागत ढांचे के खिलाफ गुस्सा फूट रहा था। अंग्रेजों की नई बंदोबस्त प्रणाली के कारण किसान मजदूर बनते जा रहे थे। जुल्म की इंतहा थी, लगान नगदी के कारण बेहाल हो रहे थे। 1918 में किसान सभाओं का गठन होना शुरू हुआ। 1920 तक किसान आंदोलन हरदोई, सीतापुर, बहराइच, लखनऊ, उन्नाव , फर्रुखाबाद , प्रतापगढ़, आदि जनपदों में केंद्रित हुआ जो एका आंदोलन के रूप में प्रचलित व प्रख्यात हुआ। एका आंदोलन पूरे मनोयोग व संवेदनशीलता से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ रहा था। इस आंदोलन ने थोड़े ही समय में जड़ें जमा लीं, जिसकी कमान मदारी पासी के हाथ थी।

मदारी पासी के प्रभाव के कारण तत्कालीन संयुक्त सरकार ने 1921 में रैय्यतों को सुविधा देने के उद्देश्य से अवध राजस्व अधिनियम में संशोधन किया गया। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य था जमींदारों की मनमानी और अत्याचार रोकना, उनकी बेगारी न करना, स्वीकृत लगान के अलावा नजराना, शुकराना आदि न देना, एका की सभाओं में प्रतिज्ञा ली जाती, लगान को छोड़कर कुछ भी न देने की। मदारी पासी को लोग गांधी कहते वे कहते भले ही मुझे लोग गांधी कहें मैं न तो गांधी बाबा हूं न ही उनका आदमी हूं वैसे उनसे हमारा कोई बैर नहीं है। हम चाहते हैं अंग्रेज मुल्क से चले जाएं लेकिन हमारा खून तो हमारे भारतीय ही चूस रहे हैं, खेत हम जोतें और फसल ले जाएं सेठ साहूका। जमींदार और बेगार भरें सो अलग, किसान आंदोलन का नेता स्वतंत्रता आंदोलन का योद्धा दलित होने के कारण साहित्यकारों की कलम का विषय न बन सका।

# बैंकों में घट रहे कर्मचारी

राष्ट्रीयकृत बैंकों और निजी बैंकों में घट रही कर्मचारियों की संख्या न केवल चिंता का विषय बन रही है बल्कि बैंक यूनियन के एक बड़े अखिल भारतीय बैंक संगठन एआईबीईए ने इस बार पुरजोर तरीके से इस मांग को उठाया भी है। कुछ माह पहले ग्रामीण बैंकों, यूनियन बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के बैंकवार संगठनों ने कर्मचारियों की भर्ती को लेकर आंदोलन भी किए थे। परंतु कोई खास परिणाम न निकलने से अब अखिल भारतीय बैंक संगठन के महामंत्री सीएच वेंकटचलम ने इंडियन बैंक एसोसिएशन को चेतावनी दी है कि बेहतर ग्राहक सेवा और कर्मचारियों पर बढ़ रहे काम के बोझ को देखते हुए पर्याप्त भर्ती शुरू की जाए,उन्होंने बैंक के जोखिम भरे काम को देखते हुए अस्थाई और कैजुअल वर्कर से काम न लिए जाने की भी मांग की है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उन्होंने ऋण प्रबंधन को दुरुस्त करने की भी मांग करते हुए डिफाल्टर की सूची प्रकाशित करने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि ऋण न चुकाने वालों में बड़ा हिस्सा कारपोरेट घरानों का है न कि व्यक्तिगत कर्जदारों का।

उल्लेखनीय है हाल में ही बैंको में एक्जिक्यूटिव की नई पोस्ट तो क्रिएट की गई हैं, लेकिन सफाई कर्मचारी, चपरासियों और लिपिकों के करीब एक लाख पद भरे जाने की ओर बैंक और इंडियन बैंक एसोसिएशन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। देश में एक ओर बेरोजगारी की समस्या चरम पर है, क्या बैंक यूनियन की मांग पर सरकार ध्यान देगी?

# दीपावली विवाद

इस विषय में पंडितों ने बहुत विद्वत्तापूर्ण चर्चा की है। इस विषय में मेरा अध्ययन नहीं है। सामान्य नियम है कि जिस दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या होगी उस दिन दीपावली होगी। दीप सूर्यास्त के बाद ही जलते हैं। विवाद तब होता है जब दो क्रमागत दिनों में सूर्यास्त के समय अमावस्या हो। ऐसा केवल पूर्व भारत में हो रहा है। पश्चिम भारत में देर से सूर्यास्त होगा, वहां केवल 31 अक्टूबर को ही सूर्यास्त समय अमावस्या है। अतः वहां कोई शंका नहीं है। पूर्व भारत में 1 नवंबर को भी सूर्यास्त काल में अमावस्या है। अधिक तिथि या अधिक मास का सामान्य नियम है कि प्रथम दिन/ मास को अधिक तथा द्वितीय को शुद्ध मानते हैं।


अरुण कुमार उपाध्याय
सेवानिवृत्त आईपीएस

एक पंडित ने ऐसा ही नियम दीपावली के लिए उद्धृत किया है। उसके अनुसार 31 अक्टूबर तथा 1 नवंबर दोनों दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या है तो 1 नवंबर ही दीपावली होगी। तिथि गणना के लिए सूर्य- चंद्र की सापेक्ष गति लेते हैं, अतः अयनांश के कारण अन्तर नहीं होगा। सूक्ष्म गणना से किसी नगर के पश्चिम भाग में 31 अक्टूबर तथा उसके पूर्व भाग में 1 नवंबर को दीपावली हो सकती है। शास्त्रीय विवाद भूल कर भारत की राजधानी में जिस दिन दीपावली है, उसी दिन पूरे भारत में होनी चाहिए। भारतीय समय के लिए भी यही आधुनिक नियम है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का समापन

## बैच 2022 और 2020 की टीम ने जीता रोमांचक क्रिकेट मैच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिकोत्सव खेलकूद का आज चौथा दिन काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंतिम दिन कई प्रतियोगिताएं कराई गयीं।

गुरूवार को सुबह से ही खेल के मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसका कारण एमबीबीएस बैच-2020 व बैच-2022 का क्रिकेट फाइनल मैच रहा। जिसे प्राचार्य डा. अरूण कुमार की उपस्थिति में फेस्ट प्रेसीडेंट डा. मुकत्याज हुसैन, डॉ .सुचेता यादव व डा. पुनीत कुमार द्वारा टॉस कराकर शुरू कराया गया।

आज खेले गए मैच में 2022 बैच की छात्र टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 85 रन बनाये। जिसका पीछा करते हुए बैच-2020 की टीम 11.1 ओवर में ऑल आउट हो गयी तथा 21 रन से मैच गंवा दिया। दूसरे फाइनल क्रिकेट मैच 2020 व 2021 बैच की छात्रा क्रिकेट टीम के बीच हुए मुकाबले में 2020 बैच की टीम ने बाजी मारी। जिसमें 2021 बैच की छात्रा टीम अपने 6 ओवर के निर्धारित मैच में 4 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 34 रन पर ही सिमट गयी। बैडमिंटन एकल पुरुष मैच में उत्कर्ष तालियान (2021 बैच) प्रथम, रूद्र तोमर (2022 बैच) द्वितीय रहे। बैडमिंटन पुरुष युगल में रूद्र तोमर व आर्यन ढाका (2022 बैच) प्रथम, तथा उत्कर्ष तालियान (2021 बैच) व सारंग बुद्धराजा (2021 बैच) द्वितीय रहे। बैडमिंटन महिला युगल में अवंतिका चौधरी व यामिनी भारद्वाज (2020 बैच) प्रथम, तथा सोनल गुप्ता (बैच-2019) व अनुष्का चंद्रा (2021 बैच) द्वितीय रहे। बैडमिंटन मिश्रित युगल में उत्कर्ष तालियान (2021 बैच) व अनुष्का चंद्रा (2021 बैच) प्रथम तथा अवंतिका चौधरी (2020 बैच) व उत्कर्ष कौशिक (2020 बैच) द्वितीय स्थान पर रहे। देर शाम खेले गये कबड्डी एवं फुटबॉल मैच भी काफी रोमांचक रहे।


क्रिकेट मैच जीतने के बाद मैदान पर खड़ी टीम। ● अमृत विचार

### प्राथमिक स्कूल के सामने बन रहा यात्री शेड, खतरे में बच्चों की सुरक्षा

**मुजरिया ,अमृत विचार:** मुजरिया चौराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने यात्री शेड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका विरोध करते हुए प्रधानाध्यापक ने जिलाधिकारी से शिकायत कर यात्री शेड निर्माण रुकवाने की मांग की है।

दिल्ली हाईवे पर मुजरिया चौराहे पर स्थित परिषदीय स्कूल की चारदीवारी विगत वर्ष पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण के वक्त तोड़ दी थी। तब से चहारदीवारी आज तक नहीं बनी। जिससे बच्चों को सड़क किनारे विद्यालय में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि चारदीवारी न होने से विद्यालय के ठीक सामने स्कूल गेट के आगे यात्री शेड का निर्माण कराया जा रहा है। यात्री शेड न बनाए जाने को लेकर कई बार मना किया जा चुका है। इसके बाद भी ठेकेदार नहीं माना। छुट्टी के समय में शेड का ढांचा खड़ा कर दिया। विद्यालय स्टाफ ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी से यात्री शेड निर्माण रुकवाने की मांग की है।

### बरेली से आगरा के लिए एसी बस सेवा शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली से आगरा के लिए गुरुवार सुबह एसी शताब्दी बस सेवा को अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया |रउत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने बरेली रीजन के पुराने बस अड्डे से बरेली डिपो की बरेली से आगरा के लिए एसी शताब्दी बस सेवा शुरू की है | बरेली डिपो के एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आगरा के लिए प्रतिदिन सुबह 9 :01 पर बस रवाना होगी। बरेली से बदायूं का किराया 98 रुपये, कासगंज का 219 रुपये और एटा का 271 रुपये और आगरा का 428 रुपये होगा। वापसी में एसी शताब्दी आगरा आईएसबीटी से शाम 5 बजे संचालित की जाएगी।

# संचारी रोग नियंत्रण : बरेली और शाहजहांपुर पहले पायदान पर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण के मामले में बरेली और शाहजहांपुर जिले ने पहला स्थान प्राप्त किया है। शासन की ओर इस संबंध में स्कोरिंग रिपोर्ट जारी की गई है।इससे स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने राहत की सांस ली है।

दरअसल, जिले में मलेरिया और डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। मलेरिया के मामलों में बरेली प्रदेश में टॉप पर रह चुका है। इस वजह से यहां निगरानी शासन स्तर से भी की जा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घरों में मच्छरों के प्रजनन अनुकूल स्थिति, नालियों की साफ सफाई, जल भराव की समस्या का निस्तारण समेत कई मानक शामिल हैं।

**इन जिलों को भी मिला पहला स्थान**

शासन की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 13 जिलों को पहला स्थान मिला है, जिनमें बरेली के अलावा शाहजहांपुर, अमेठी, अमरोहा, बागपत, भदौही, चंदौली, गाजियाबाद, गाजीपुर, हरदोई, जौनपुर, कानपुर देहात, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, सहारनपुर, संभल, शामली, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी शामिल है।

● **शासन ने जारी की स्कोरिंग रिपोर्ट, स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने ली राहत**

## सार-संक्षेप

### खेत पर जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**बदायूं,अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर दातागंज कोतवाली क्षेत्र के कटरी क्षेत्र के खेत में दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। एक पक्ष के दो सगे भाई और दूसरे पक्ष के एक युवक को गोली लगी थी। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों पक्ष ने तहरीर दी थी। पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए। तीनों को जेल भेजा गया है। गांव करीमगंज में 22 अक्टूबर की रात एक पक्ष के सुनील, संजीव, दुर्वेश, अवनीश पुत्र कृष्णपाल, जगपाल, राजकुमार, टंकारी उर्फ रजिस्टर, शैलेष असलाह लेकर खेत पर गए थे। दूसरे पक्ष के वीरेंद्र, बबलू, सुरजीत, सर्वजीत, अखिलेश, अमरजीत, रवेंद्र, राकेश, पुष्पेंद्र, मोहरपाल, जुगेंद्र से विवाद करने लगे थे। दोनों पक्ष में फायरिंग हुई थी। सुनील व संजीव पुत्र कृष्णपाल और दूसरे पक्ष अमरजीत पुत्र वीरेंद्र को गोली लगी थी। पुलिस ने अखिलेश, जुगेंद्र, दुर्वेश को मुढ़ा धीमरपुरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ, अपराध निरीक्षक कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक सुम्मेर सिंह, सिपाही हरीश कुमार, विश्वजीत, नितिन कुमार, रोहित कसाना, प्रमोद कुमार, प्रशांत कुमार, शीलेंद्र सिंह रहे।

### सड़क हादसे में घायल की बरेली में इलाज के दौरान मौत

**बदायूं,अमृत विचार :** जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रफतपुर सुमाली निवासी जुगल किशोर पुत्र कल्यान सिंह मंगलवार को किसी काम से कस्बा नाधा गए थे। काम निपटाने के बाद शाम के समय वापस लौट रहे थे। रास्ते में गांव मिर्जापुर चौराहे के पास विपरीत दिशा से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जुगल किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायल को पास के अस्पताल ले गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात युवक ने दम तोड़ दिया।

### अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**बदायूं,अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी 25 अक्टूबर को मेडिकल कालेज में धरना प्रदर्शन करेगी। इसकी जानकारी देने को पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल प्राचार्य से मिला। राजकीय मेडिकल कालेज में 23 अक्टूबर को एक सात साल की बच्ची की मौत हो गयी। बच्ची को किसी ने नहीं देखा मां की गोद में ही बच्ची ने प्राण त्याग दिए । कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता मे गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचा। यहां अव्यवस्था को देख कर 25 अक्टूबर को मेडिकल कालेज में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

### राजस्थान में हुए सड़क हादसे में घायल मजदूर की मौत

**उझानी/कछला ,अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव खजुरारा निवासी जौनी कश्यप (35) पुत्र मुकुट सिंह राजस्थान के गंगा नगर में रहकर ईंट भट्टे पर मजदूरी करते थे। 17 अक्टूबर को वह राशन लेने के लिए बाइक से गए थे। रास्ते में किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल को बीकानेर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर 22 अक्टूबर चिकित्सक ने दिल्ली के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने जौनी कश्यप को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बुधवार देर रात इलाज के दौरान जौनी की मौत हो गई।

### ईओ ने जल विद्युत प्रभारी किया निलंबित

**बदायूं,अमृत विचार :** कार्य में लापरवाही बरतने पर और लगातार शिकायतें आने पर अधिशासी अधिकारी ने प्रभारी को निलंबित कर दिया है। अधिशासी अधिकारी अब्दुल सबूर ने बताया कि नफीस सैफी गत कई दिनों से कार्य में लापरवाही बरत रहे थे। उनकी शिकायतों की लिस्ट भी काफी लंबी हो चुकी थी। कार्य में लापरवाही बरतने और आदेशों का पालन करने पर लिपिक को निलंबित कर दिया है। उनका प्रभार सफाई व खाद्य निरीक्षक हरीश कुमार त्यागी सौंपा गया है।

### डेंगू के 6 और मलेरिया के निकले 27 मरीज

**बदायूं,अमृत विचार :** गंदगी और बढ़ते मच्छरों के प्रकोप के चलते मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को मलेरिया विभाग द्वारा लगाए गए 11 गांवों में स्वास्थ्य शिविरों में जांच के बाद 6 मरीज डेंगू के सामने आए जबकि 26 मलेरिया पीवी और एक मरीज मलेरिया पीएफ का निकला है। साथ ही बुखार के 624 मरीज सामने आए। सभी मरीजों को गांवों में ही दवा दी गयी। साफ सफाई से रहने की हिदायत दी गयी। मलेरिया निरीक्षकों ने कई गांवों में मच्छरनाशक दवा का छिड़काव कराया और घरों में फॉगिंग कराई।

# कॉलेज में छात्रों को दी करियर काउंसलिंग की जानकारी


रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को कैरियर काउंसलिंग एवं रोजगार शिविर लगाया गया। जिसमें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे को लेकर व्याख्यान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजधन द्वारा छात्राओं को कैरियर के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रवक्ता डॉ सुशीला द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में समय नष्ट ना करते हुए सही उत्तर पहचाना और उन्हें इंगित करना जैसी आवश्यक व अहम जानकारी प्रदान की गई। मुख्य वक्ता के रूप कृष्ण इंस्टीट्यूट से पधारी डॉ सुचित्रा गुप्ता ने सरकारी सेवा में एवं अनेकों पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने से पूर्व अर्हता परीक्षा एवं पात्रता परीक्षा के संबंध में जानकारी विद्यार्थियों को जानकारी दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जगतुआ वि.खं. इस्लामनगर बदायूं**

**अल्पकालीन निविदा** दिनांक: 24.10.2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेन्ट, रेता, बजरी, बजरफुट, ईट, सरिया, पेंट, रोड़ा आदि) को सूचित किया जाता है कि केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग / मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 ग्राम धनराशि से ग्राम पंचायत जगतुआ वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख के अंदर सामग्री की दरें बन्द लिफाफें में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 29.10.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। उसी दिन चार बजे निविदायें प्रधान/सचिव व प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनु.धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | कृष्णपाल के घर से केहरी के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 2. | कुंवरसेन सागर के घर से पप्पू यादव की बैठक तक CC नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनु. |
| 3. | पप्पू यादव के घर से गजराम के घर तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 4. | सुदर्शन के घर से वाने के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 5. | राजू सागर के घर से मेन सी.सी. रोड तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 6. | हरिओम की बैठक से सोनू के घर तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 7. | रामप्रकाश के घर से काली सड़क तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 8. | प्राथमिक विद्यालय जगतुआ गेट निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 9. | प्राथमिक विद्यालय गंगापुर सराय में गेट निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 10. | प्राथमिक विद्यालय सैद सराय में गेट निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 11. | ग्राम पंचायत में सचिवालय में गेट निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 12. | रमेश यादव के घर से प्रश्नजीत के घर तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 13. | मेन सी.सी. रोड से मोहन लाल के घर तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 14. | मेन सी.सी. रोड से विनोद के घर तक सी.सी. नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 15. | मेन सी.सी. रोड से विज्रपाल चौहान के घर तक CC नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 16. | मेन सी.सी. रोड से मनवीर सिंह के मकान तक CC नाली नि. कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 17. | विभिन्न स्थानों पर मिट्टी भराव कार्य। | प्राक्कलन के अनु. |
| 18. | कृपाल सिंह के घर से राम रहीस की बैठक तक CC नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनु. |

ग्राम प्रधान सचिव



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर पीलीभीत।**

पंत्राक 2713/अंकिक/क्षेत्र पंचायत/2024-25 दिनांक:-23-10-2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत पूरनपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु विकास खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदायें इस कार्यालय द्वारा जारी शर्तो एवं अनुबन्धों के साथ दिनॉक 11.11.2024 की अपरान्ह 01.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी / मनोनित अधिकारी द्वारा गठित समिति के समक्ष सांय 03.00 बजे, खोली जायेगी। निविदादाता निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र कार्यालय अवधि में प्रकाशन की तिथि से दिनॉक 08.11.2024 की अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

| क0सं0 | कार्य का नाम | मप / संख्या | योजना का नाम | लागत (लाख में) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कपूरपुर मेला स्थल के प्रांगण में इण्टरलांकिग कार्य। | 694.19 SQM | पंचम राज्य वित्त | 999000.00 | 725+GST |
| 2 | ग्राम पंचायत अजीतपुर बिल्हा में पकके रोड से नेतराम के बाग तक मिट्टी व खण्ड़जा कार्य। | 490.00 | पंचम राज्य वित्त | 959000.00 | 725+GST |
| 3 | ग्राम पंचायत अजीतपुर बिल्हा में रामनाथ के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 1 NOS | 15वॉं वित्त टाइड | 628000.00 | 725+GST |
| 4 | ग्राम पंचायत गजरौलाखाश में बेचेलाल के घर से अयोध्याप्रसाद के घर तक नाली / इण्टरलाकिग कार्य। | 139.00 | पंचम राज्य वित्त | 998000.00 | 725+GST |
| 5 | सिमरा ता0 घुंघचिहाई में शमशान घाट की बॉउण्ड्री वॉल का कार्य। | 145.00 | पंचम राज्य वित्त | 895000.00 | 725+GST |
| 6 | आसाम रोड गढ़ा पचपेड़ा में पिंकी के घर से लालपुर की हद तक खण्ड़जा कार्य। | 514.00 | 15वॉं वित्त अनटाइड | 999000.00 | 725+GST |
| 7 | ग्राम पंचायत ढकियाकेसरपुर में राजपाल के घर से सियाराम के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। | 99.00 | पंचम राज्य वित्त | 622000.00 | 725+GST |
| 8 | ग्राम कुरैया खुर्द के मुनेन्द्र सिंह के मोटर से रामदीन वर्मा के घर तक खण्ड़जा कार्य। | 514.00 | पंचम राज्य वित्त | 999000.00 | 725+GST |
| 9 | ग्राम पंचायत हरिपुरकलॉ मौजा सन्दरपुर में गुरूबक्श सिंह के घर से सुन्दरपुर खण्ड़जा तकं इण्टरलांकिग कार्य। | 200.00 | 15वॉं अनटाइड | 999000.00 | 725+GST |
| 10 | ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर में गुरूदेव सिंह के यहॉं से पिपरिया घाट पुलिया तक खण्ड़जा कार्य। | 514.00 | 15वॉं अनटाइड | 999000.00 | 725+GST |
| 11 | ग्राम पंचायत जटपुरा में अवनीश के से हरिओम के खेत तक खण्ड़जा। | 500.00 | 15वॉं अनटाइड | 994000.00 | 725+GST |
| 12 | ग्राम पंचायत सिद्धनगर में मेन रोड से तरसेन सिंह के खेत तक खण्ड़जा कार्य। | 457.00 | पंचम राज्य वित्त | 999000.00 | 725+GST |
| 13 | ग्राम पंचायत सिद्धनगर में सामुदायिक शौचालय के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 1 NOS | 15वॉं टाइड | 719000.00 | 725+GST |
| 14 | ग्राम पंचायत शास्त्रीनगर से शास्त्रीनगर पुरानी मस्जिद तक खण्ड़जा कार्य। | 456.00 | पंचम राज्य वित्त | 999000.00 | 725+GST |
| 15 | ग्राम रामनगर में छविनाथ के घर से जयराज की आबादी तक इण्टरलांकिग कार्य। | 66.00 | 15वॉं वित्त अनटाइड | 645000.00 | 725+GST |
| 16 | केशरपुर गुरूद्वारा से परशुरामपुर गौशाला तक खण्ड़जा मरम्मत कार्य। | 850.00 | पंचम राज्य वित्त | 996000.00 | 725+GST |
| 17 | ग्राम केशरपुर में सुच्चा सिंह के पुलिया से कालेपुल तक खण्ड़जा कार्य। | 514.00 | पंचम राज्य वित्त | 999000.00 | 725+GST |
| 18 | ग्राम चतीपुर में शमशान घाट की बॉउण्ड्री वॉल का कार्य। | 125.00 | 15वॉं अनटाइड | 898000.00 | 725+GST |
| 19 | ग्राम पंचायत नारायनपुर जगन्नाथपुरम् में लिंक रोड से दक्षिण साइड में गुड्डू सिंह के घर की तरफं इण्टरलांकिग कार्य। | 58.00 | 15वॉं अनटाइड | 725000.00 | 725+GST |
| 20 | ग्राम रामनगर में सत्य सूदन से सेंसरपाल के खेत तक खण्ड़जा कार्य। | 456.00 | पंचम राज्य वित्त | 998000.00 | 725+GST |
| 21 | मुरैना गॉधीनगर में कोमिल के खेत से शैलेन्द्र सिंह के खेत तक खण्ड़जा कार्य। | 456.00 | 15वॉं अनटाइड | 998000.00 | 725+GST |
| 22 | भीमपुर नौंगवा में शमशान घाट की बॉउण्ड्री वॉल का कार्य। | 143.00 | 15वॉं अनटाइड | 879000.00 | 725+GST |
| 23 | गौतमनगर में वीरूसिंह के घर से विनोद सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 66.00 | पंचम राज्य वित्त | 410000.00 | 725+GST |
| 24 | ग्राम पंचायत शेरपुरकलॉ में हाजी अली कुरैशी के खेत से सरकारी नलकूप होते हुये घनाराघाट रोड तक खण्ड़जा कार्य। | 400.00 | पंचम राज्य वित्त | 821000.00 | 725+GST |
| 25 | नवदिया धनेष कली नगर मार्ग से फाजिलपुर माइनर नहर पर अमर सिंह पासवान के खेत से गुरूद्वारा तक खण्ड़जा कार्य। | 452.00 | पंचम राज्य वित्त | 892000.00 | 725+GST |
| 26 | ग्राम पंचायत शेरपुरकलॉ में हाजी जफर खॉ की बाग से हाजी बत्ती कुरैशी के खेत तक खण्ड़जा कार्य। | 400.00 | पंचम राज्य वित्त | 821000.00 | 725+GST |
| 27 | ग्राम पंचायत नारानपुर ज0 पूरनपुर में ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात से गुरूद्वारे वाली पक्की सड़क से बहादुर सिंह के प्लाट तक दोनों तरफ नाली व इण्टरलाकिंग कार्य। | 80.00 | 15वॉं अनटाइड | 597000.00 | 725+GST |
| 28 | टंडोला में बनारसी के घर से स्कूल की पुलिया से होते हुये कलन्दर वाली पुलिया तक 180 मी0 इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 185.00 | पंचम राज्य वित्त | 991000.00 | 725+GST |
| 29 | ग्राम पंचायत रम्पुरा फकीरे किसान सेवा समिति में इन्टरलॉकिग कार्य | 673.60 SQM | पंचम राज्य वित्त | 999000.00 | 725+GST |
| 30 | ग्राम मुजफ्फरनगर में वोडा टावर से शहीद उद्यान तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 230.00 | 15वॉं टाइड | 984000.00 | 725+GST |
| 31 | गुलरिया भूपसिंह में राजकीय आर्युवेदिक अस्पताल के पास बरगद के पेड़ से लेकर ऋषिराज सिंह के खेत तक इण्टरलांकिग कार्य। | 170.00 | पंचम राज्य वित्त | 996000.00 | 725+GST |
| 32 | ग्राम पंचायत नदहा में जसवीर सिंह के घर से सुरेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। | 160.00 | पंचम राज्य वित्त | 994000.00 | 725+GST |
| 33 | दिलावरपुर में शमशान घाट की बॉउण्ड्री वॉल का कार्य। | 138.00 | पंचम राज्य वित्त | 856000.00 | 725+GST |
| 34 | सी0ओ0 आवास के प्रांगण में इण्टरलांकिग कार्य। | 340.20 SQM | पंचम राज्य वित्त | 580000.00 | 725+GST |
| 35 | महादेव माती में सतनाम सिंह के झाले से नीरज गुर्जर के खेत तक खण्ड़जा कार्य। | 510.00 | पंचम राज्य वित्त | 990000.00 | 725+GST |

नियम व शर्ते

1. तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग कार्य वार डाली जायेगी।
2. तकनीकी बिड के फार्म के साथ उपरोक्त तालिका के में लागत की 2.00 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना आवश्यक है। इसके अभाव में निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अवशेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी, जो खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर के पदनाम से बन्धक हो।
4. कोई भी निविदा पंजीकृत डाक से स्वीकृत नही की जायेगी।
5. निविदा बिना किसी शर्त के ही स्वीकृत होगी।
6. तकनीकी बिड के साथ सम्बन्धित को नियमानुसार 100.00 के स्टाम्प पर स्व–घोषणा पत्र एवं 10.00 रू0 के स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र अवश्य संलग्न करना होगा।
7. उपक्तानुसार निर्धारित कार्यो की संख्या कम एवं ज्यादा हो सकती है। इसके लिए कोई दावा प्रस्तुत नही किया जा सकता है।
8. उक्त सभी कार्यो पर जी0एस0टी0 / टी0डी0एस0 / लेबर सेस / रायल्टी आदि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
9. एक अथवा समस्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. तकनीकी बिड एवं फाइनेन्शिल बिड पृथक–पृथक डाली जायेगी। जिसके लिफाफे का कार्य का नाम एवं फर्म का नाम तथा तकनीकी बिड / फाइनेन्शिल बिड अवश्य लिखा जाये।
11. कार्य प्राक्कलन में निर्धारित मानक के अनुसार कराया जाये। जिसका परीक्षण समय–समय पर अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) द्वारा किया जायेगा। अवर अभियन्ता के परीक्षणोंपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
12. भुगतान में बिलम्ब के लिए विभाग उत्तदायी नही होगा, जिसके लिए कोई दावा नही किया जा सकता है।
13. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य 03 माह में कार्य पूर्ण कराना आवश्यक होगा।
14. निविदा की अन्य शर्ते निविदा तकनीकी बिड के साथ उपलब्ध करायी जायेगी।

शिरीष वर्मा
खण्ड विकास अधिकारी,
पूरनपुर।

मानसी सिंह
ब्लाक प्रमुख,
पूरनपुर।

# त्योहारों का समय संवेदनशील, उपद्रवियों को उन्हीं की भाषा में मिले जवाब

## मुख्यमंत्री का निर्देश- अलर्ट रहे टीम यूपी, सोशल मीडिया पर हर जिले में होगी निगरानी, फेक न्यूज़ फैलाई तो कार्रवाई तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुरक्षातंत्र को स्पष्ट हिदायत दी है कि आने वाले सभी पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों। इसके लिए चिन्हित उपद्रवियों, अराजक तत्वों को पाबंद करें। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, यह हर्ष और उल्लास का समय है, इसमें उपद्रव स्वीकार नहीं किया जा सकता। उपद्रवियों को उनकी भाषा में ही जवाब देना उचित होगा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेशस्तरीय बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के सुचारु आयोजन, स्वच्छता, बेहतर कानून व्यवस्था आदि विषयों पर शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (ज़ोन), सभी पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, आदि वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।


मुख्यमंत्री गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक करते हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गणों से त्योहारों के मद्देनजर उनकी विभागीय तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, आने वाले दिनों में धनतेरस, अयोध्या दीपोत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, देवोत्थान एकादशी, वाराणसी देव दीपावली और छठ महापर्व जैसे त्योहार हैं। इसके अलावा अयोध्या में पंचकोसी, 14 कोसी परिक्रमा, कार्तिक पूर्णिमा स्नान आदि मेलों का आयोजन भी इसी अवधि में है। शांति, सुरक्षा और सुशासन के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। पिछले अनुभवों से सीख लें। पर्व- त्योहारों के इस समय में पुलिस और प्रशासन सहित पूरी टीम यूपी को हर पल सतर्क रहना होगा। सोशल मीडिया पर चौकसी बढाएं। हर जिले में ऐसी टीम होनी चाहिए जो सोशल मीडिया पर निगरानी करती रहे।

यहां फेक अकाउंट बनाकर माहौल खराब करने वाली अफवाह, फेक न्यूज़ प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। दीपावली पर माता लक्ष्मी और काली की प्रतिमा स्थापना की भी परंपरा है। प्रतिमा स्थापना कराने वाली संस्थाओं, समितियों से संवाद करें। इस अवसर पर हर आय वर्ग का परिवार कुछ न कुछ खरीदारी करता है। बाजारों में चहल-पहल अधिक होगी। इस बीच सभी जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान यह सुनिश्चित करें कि कहीं से भी व्यापारियों के उत्पीड़न की शिकायत न आए। व्यवस्था बनाने में उनका सहयोग लें और उन्हें अपेक्षित सहयोग दें।

### पटाखों के अवैध भंडारण पर हो कठोर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि, दीपावली के लिए पटाखों की दुकानों, गोदामों का आबादी से दूर होना तय करें। जहां पटाखों का क्रय-विक्रय हो, वहां फायर टेंडर के पर्याप्त इंतज़ाम किए जाएं। पटाखों की दुकान खुले स्थान पर हो। इन्हें लाइसेंस, एनओसी समय से जारी कर दिया जाए। पटाखों के अवैध भंडारण पर कठोर कार्रवाई की जाए। उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को दीपावली से पहले नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाए।

### घटना की सूचना पर खुद पहुंचे डीएम एसपी

पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास-उमंग और आह्लाद में होता है। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। छोटी सी घटना लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर बिना विलंब किए, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे। संवेदनशील प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारी लीड करें।

### चौबीस घंटे होती रहे बिजली आपूर्ति

योगी आदित्यनाथ के अनुसार उल्लास और उमंग के इस अवसर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे अनवरत बिजली आपूर्ति हो। पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा इस संबंध में आवश्यक तैयारी कर ली जाए। इतना ही नहीं, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं, ट्रॉमा सेवाएं अनवरत रूप से चलती रहनी चाहिए। गांव हो या नगर हर जगह चिकित्सकों की सुलभ उपलब्धता होनी चाहिए। साथ ही, खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए। किंतु जांच के नाम पर उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। नेपाल राष्ट्र से सीमा साझा करने वाले जिलों की संवेदनशीलता को देखते हुए यहां इंटेलिजेंस को और बेहतर करने का प्रयास हो।

## सार-संक्षेप

### 37 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, आज अंतिम दिन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में गुरुवार को सभी सीटों पर कुल 37 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मुजफ्फनगर की मीरापुर सीट से सपा से संबुल राना व बसपा से शाह नजर, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से सपा से मोहम्मद रिजवान, गाजियाबाद से बसपा के परमानंद गर्ग, कानपुर की सीसामऊ से बसपा के वीरेंद्र कुमार शुक्ला, प्रयागराज की फूलपुर सीट से बसपा से जितेंद्र कुमार सिंह और मिर्जापुर की मझवां सीट से सपा से ज्योति बिंद व बसपा से दीपक तिवारी ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक कुल 71 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को बाकी प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी। 30 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। 13 नवंबर को मतदान होगा। मीरापुर सीट से छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुरादाबाद की कुदंरकी सीट के लिए पांच प्रत्याशियों, गाजियाबाद सीट से चार व खैर (अजा) सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। करहल सीट से दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सीसामऊ सीट से दो प्रत्याशियों, फूलपुर सीट पर नौ, कटेहरी के लिए तीन व मझवां सीट के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

### आयुष पीजी की दूसरी काउंसिलिंग में मेरिट सूची जारी

**लखनऊ,अमृत विचार :** यूपी आयुष पीजी की दूसरी काउंसिलिंग में 740 अभ्यर्थियों की विभागवार मेरिट सूची जारी कर दी गयी है। जारी सूचियों में आयुर्वेद में 443, होम्योपैथिक में 148 और यूनानी कॉलेजों में दाखिले के लिए 149 अभ्यर्थी शामिल हैं। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी क्रमवार संबन्धित विभाग के कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे, जिसके बाद 25 अक्टूबर को सीट आवंटन किया जाएगा।

### नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म में सेवादार गिरफ्तार

**बुलंदशहर, एजेंसी :** जिले में एक सत्संग भवन के एक सेवादार को दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि पीड़िताओं के परिजनों की शिकायत पर स्याना कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक सत्संग भवन के सेवादार मोहन लाल (75) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पीड़िताओं की उम्र 13 साल है और वे एक ही गांव की रहने वाली हैं। पुलिस के मुताबिक एक किशोरी के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। किशोरी ने परिजन को बताया कि सत्संग भवन के सेवादार ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है। उसने बताया कि सेवादार पर उसी गांव की एक अन्य किशोरी के साथ भी दुष्कर्म करने का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रसाद के मुताबिक, आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### टैंकर ने सड़क के किनारे खड़े लोगों को कुचला, 3 की मौत

**बुलंदशहर,एजेंसी :** जिले के डिबाई क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े होकर अपने वाहन का टायर बदल रहे कुछ लोगों को एक टैंकर ने कुचल दिया जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य जख्मी हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार ने बताया कि बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात चार लोग एक गाड़ी पर धान लादकर उसे कासंगज से जहांगीराबाद मंडी में बेचने जा रहे थे तभी अलीगढ़-अनूपशहर मार्ग पर रात करीब तीन बजे उनके वाहन का टायर पंक्चर हो गया। इसके बाद वह लोग वाहन को सड़क किनारे लगाकर उसका टायर बदल रहे थे तभी एक टैंकर ने उन्हें कुचल दिया।

### परीक्षा संबंधित मांगों को लेकर छात्र आज करेंगे घेराव

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय का छात्र शुक्रवार को घेराव करेंगे। इसके लिए छात्रों ने सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से एक दूसरे से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। छात्रों की मांग है कि दर्जन भर लंबित परीक्षाओं को जल्दी सम्पन्न कराया जाए। इसके अलावा पिछले आठ वर्षों से नहीं आई लोवर सबआर्डिनेट की रिक्तियों को शीघ्र निकाला जाए। छात्र यह भी मांग कर रहे हैं कि जिन परीक्षाओं की प्रक्रिया न्यायालय में विचाराधीन है, उनमें प्रभावी पैरवी कर शीघ्र निर्णय कराया जाए।

# रिटायर्ड आईएएस से 1 करोड़ ठगने वाला जालसाज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कद काठी का फायदा उठाकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी बनकर फंसाया था

**अमृत विचारः** अंग्रेजी शराब की तीन दुकानों का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर सेवानिवृत्त आईएएस हरि प्रसाद सिंह से 1 करोड़ रुपये ठगने वाले आरोपी को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर है। पुलिस अब आरोपी की पत्नी की भी भूमिका जांच रही है। दावा है कि कद काठी का फायदा उठाकर आरोपी ने खुद को रिटायर्ड पुलिस अधिकारी बनकर सेवानिवृत्त आईएएस को फंसाया था। पुलिस आरोपी के खाते का सिजरा खंगाल रही है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि विपुलखंड निवासी हरि प्रसाद सिंह 2017 में विशेष सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। मई 2024 में उनकी मुलाकात चिनहट के गणेशपुर निवासी राकेश शर्मा से हुई थी। उसने खुद को पूर्व पुलिस अधिकारी बताया था। साथ ही उनका मोबाइल नंबर और घर का पता ले लिया था। अगले ही दिन कॉल करके वह पत्नी शकुंतला शर्मा के साथ उनके घर पहुंच गया था।

राकेश ने हरिप्रसाद को बताया था कि पुलिस की नौकरी छोड़कर शराब का कारोबार शुरू किया है। उसके पास शराब की 84 दुकानें हैं। आबकारी विभाग में अच्छी पकड़ का झांसा देकर आरोपी ने शाहनजफ रोड पर दो और वृंदावन योजना रायबरेली रोड पर शराब की एक दुकान का लाइसेंस दिलाने के नाम पर पूर्व आईएएस से 22.62 लाख का चेक और 75.50 लाख रुपये नकद ऐंठ लिए थे। बुधवार को पीड़ित हरिप्रसाद सिंह की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### जालसाज राकेश पर दर्ज हैं और भी मामले



डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि आरोपी राकेश के खिलाफ हजरतगंज और वजीरगंज कोतवाली में तीन मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 में मड़ियांव निवासी राजकुमार यादव ने मकान और जमीन का पट्टा दिलाने व भतीजी और उनकी पत्नी की सचिवालय में नौकरी के नाम पर 65 लाख ऐंठे थे। वर्ष 2023 में इंडियन बैंककर्मी प्रीति निवासी वृंदावन कालोनी से 3 लाख ठगे थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी नकद रुपए लेकर लेकर पीड़ित के खाते में कुछ कैश ट्रांसफर कर ब्लैकमेल करता था।

# केंद्रीय नेतृत्व के फैसले के बाद भी इंडिया गठबंधन में दरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में सभी नौ सीटों पर सपा के चुनाव चिन्ह पर लड़ने के फैसले के बाद भी गुरुवार को इंडिया गठबंधन में दरार नजर आई। दो सीटों पर कांग्रेस नेताओं ने पर्चा दाखिल कर दिया। पर सपा व कांग्रेस नेताओं का कहना है कि दोनों दल केंद्रीय नेतृत्व के फैसले के अनुसार चुनाव लड़ेंगे।

प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि सभी सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जाएगी।सूत्रों के अनुसार प्रयागराज की फूलपुर सीट से कांग्रेस के गंगापार अध्यक्ष सुरेश यादव ने नामांकन किया। बताया जा रहा है कि उन्होंने गोपनीय तरीके से कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इसी तरह, मझवां सीट से कांग्रेस नेता अखिलेश ने नामांकन किया। प्रदेश मुख्यालय में ये जानकारी पहुंचते ही नेताओं में हड़कंप मचा रहा। पर कांग्रेस नेताओं का कहना था कि नामांकन करने वाले नेताओं का यह निजी फैसला है। पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। मालूम हो कि बुधवार देर रात प्रदेश कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए सपा पर दबाव बनाए रही। कांग्रेस नेता अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय दिल्ली में डटे रहे, पर सपा प्रमुख की राहुल गांधी से बातचीत के बाद चुनाव मैदान में केवल सपा प्रत्याशियों को उतारने व कांग्रेस का उन्हें समर्थन करने का फैसला लिया गया।कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के फैसले के अनुसार दोनों दल साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेताओं ने कहा कि सभी सीटों पर सपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश कांग्रेस सपा प्रत्याशियों का समर्थन करेगी।

### हमारा मकसद सत्ता पक्ष को हराना है-अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन को लेकर हो रही चर्चाओं पर विराम लगाते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का फोटो साझा किया। इसमें कहा गया है कि 'हमने ये ठाना है 'संविधान, आरक्षण, सौहार्द बचाना है'। 'बापू-बाबा साहब-लोहिया' के सपनों का देश बनाना है। सपा प्रमुख ने स्पष्ट किया कि दोनो दलों का उद्देश्य प्रत्याशी उतारना नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष को हराना है, इसलिए पीडीए की सुरक्षा के लिए हम लोग एकजुट हैं।

### खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान : अखिलेश

**लखनऊ,अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में जिलों में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी हो रही है। किसानों को आलू, गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए डीएपी, यूरिया और अन्य खादें नहीं मिल रही हैं। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पिछले एक पखवारे में मैनपुरी, कन्नौज समेत कई जिलों के किसानों ने डीएपी की कमी को लेकर प्रदर्शन किया था। बीते सोमवार को चित्रकूट में डीएपी न मिलने से परेशान किसान ने अपने खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सरकार को किसानों की समस्याएं नहीं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गये हैं। झूठ और लूट का बोलबाला है।

# पूर्व कोतवाल और चौकी इंचार्ज को 5 साल की सजा

**कानपुर देहात, अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने गुरुवार को तत्कालीन शिवली कोतवाल और मैथा चौकी प्रभारी को 5-5 साल की सजा दी। साथ ही 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनियां थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने की रिपोर्ट लिखाई थी। इस मामले में तत्कालीन शिवली कोतवाली इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, एसआई संपत सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, व आरक्षी जय कुमार आदि के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की कोर्ट ने 19 अक्तूबर को तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय को दोषी ठहराते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट ने गुरुवार को राजेश कुमार सिंह और ज्ञानप्रकाश पांडेय को 5-5 साल की सजा सुनाई।

# नियमितिकरण और पदोन्नति की बाट जोह रहे 2324 कर्मचारी

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

- एसआईटी जांच में क्लीनचिट मिलने के बाद भी सेवा शर्तों को पूरा नहीं कर रहा सहकारिता विभाग

**अमृत विचारः** सहकारिता विभाग में बरसों से कार्यरत 2324 कर्मचारी आज भी नियमितिकरण और पदोन्नति की बाट जोह रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों की छानबीन कर रही एसआईटी से क्लिनचिट मिलने के बाद इन कर्मियों सेवाएं जारी रखी गईं, लेकिन वेतन वृद्धि से लेकर सेवा की अन्य शर्तों को विभाग पूरा नहीं कर रहा। स्थिति यह है कि अपनी समस्या को लेकर शासन की चौखट तक पहुंचने का प्रयास कर रहे कर्मियों को विभागीय स्तर से बर्खास्त करने की चेतावनी मिल रही है।

वर्ष 2015 से 2017 के बीच सहकारिता विभाग की सात अलग-अलग संस्थाओं में 2324 पदों पर भर्तियां की गईं थीं। इसके लिए उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल की तरफ से विज्ञापन जारी कर बाकायदा परीक्षा आयोजित कराई गई थी। परीक्षा पास करके चयनित हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई थी। 2017 में भाजपा सरकार बनने के साथ ही इस भर्ती में घोटाले की आशंका जताकर जांच की जिम्मेदारी विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई। करीब चार साल की पड़ताल में एसआईटी ने चयनित अभ्यर्थियों को क्लिनचिट देते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों को दोषी माना गया। एसआईटी ने सेवामंडल के तत्कालीन चेयरमैन ओमकार यादव, अध्यक्ष रामजतन यादव, सचिव भूपेन्द्र विश्नोई, तत्कालीन प्रबंध निदेशक यूपी कोऑपरेटिव बैंक आरके सिंह सहित एक दर्जन से अधिक विभागीय अधिकारियों के खिलाफ 20 मई 2021 को प्राथमिकी दर्ज करा दी गई।

वर्ष 2022 में एसआईटी ने सभी दोषियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया। इधर, एसआईटी जांच में क्लिनचिट मिलने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को उनके पदों पर सेवारत रखने का आदेश शासन की तरफ से जारी हो गया। करीब नौ साल से सभी कर्मचारी उसी वेतन और पर पद पर कार्यरत हैं जिसपर उनकी नियुक्ति हुई थीं। इस दौरान खाली हुए पदों के सापेक्ष उन्हें पदोन्नति तक का लाभ नहीं दिया गया। यहां तक कि, एसआईटी जांच पूरी होने के बावजूद अभी तक इन कर्मचारियों के नियमितिकरण पर कोई विचार नहीं किया।


## वर्ग पहेली-232

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना; थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना; जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



### वर्ग पहेली -231 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 शु | ■ | 2 झ | ■ | 3 स |
| 4 मे | जा | ■ | न | ■ | ना |
| ■ | 5 अ | भि | क | थि | त |
| ■ | त | ■ | म | ■ | न |
| ■ | ■ | 6 मा | न | स | ■ |
| ■ | 7 जी | र | क | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 2 | 8 | | | 9 |
| | 1 | 2 | | 6 | | 8 | | |
| 8 | 4 | | | | 7 | | | 3 |
| | 6 | | | 3 | | 2 | | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 8 | | 1 | | | 7 | |
| 3 | | | 7 | | | | 6 | 8 |
| | | 7 | | 8 | | 3 | 1 | |
| 1 | | | 5 | 4 | | 7 | | |

### सुडोकू - 144 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 26 अक्टूबर 03 .22 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग



**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 07 .40 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** – आज दांपत्य संबंधों में अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। घर में नकारात्मकता हावी रहेगी। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें।

**वृष** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना बन रही है। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**मिथुन** – आज कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**कर्क** – आज नया कार्य शुरु करने में आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**सिंह** – आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**कन्या** – आज बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हांथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

**तुला** – आज जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। व्यापार में नया निवेश होने की संभावना है। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर में धार्मिक वातावरण हो सकता है। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**धनु** – आज अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आज आपको अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर सन्तुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबन्ध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

**कुंभ** – आज परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी।

**मीन** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुद्धिमानी के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मेला – सुबह : 11.00
शंकर – रात : 07 .00

**&pictures**
हमारा दिल आपके पास है – सुबह : 11 .17
मिस्टर एवं मिसेज माही – रात : 08 .00

**Sony Pix**
ब्राइटबर्न – सुबह : 11 .07
स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
सोचा न था – सुबह : 10 .30
काला सोना – रात : 07 .45

**Zee Action**
इंटरनेशनल राउडी – सुबह : 10 .47
जाल द ट्रैप – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

कैसे मनाएं इको फ्रेंडली दिवाली,
आप भी जान लिजिए
सबसे पहले रसोई में खड़े हो जाएं।
पत्नी द्वारा बनाई गई दिवाली की मिठाई,
उनके सामने ही चट कर जाएं।
फिर हाथ साफ करते हुए फरमाएं...
भई जो भी हो, हमारी अम्मा के हाथ की मिठाई की बात ही कुछ और होती थी।
...बस फिर क्या इको फ्रंडली आतिशबाजी का आनंद ले...।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1780, फ़ॉर्चून कि. 2215, रविन्द्रा 2360, फॉर्चुन ली. 2035, जय जवान 1975, सचिन 2070, सूरज 2000, अवसर 2080, राग गोल्ड 2185, गृहणी ली 2050, क्लासिक (किलो) 2175, मोर 2170, चक्र टिन 2230, ब्लू 2220, आशीर्वाद मस्टर्ड 2220, स्वास्तिक 2430 ।किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी– डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

# निवेश के लिए सबसे आदर्श जगह है भारत : प्रधानमंत्री

## कोरियाई विनिर्माता हुंदै के पुणे में संयंत्र पर दिखाए उत्साह को मोदी ने सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरियाई वाहन विनिर्माता हुंदै मोटर के पुणे में आगामी संयंत्र को लेकर दिखाए उत्साह को सराहते हुए गुरुवार को कहा कि भारत निवेश के लिए एक आदर्श स्थान है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि कुछ दिन पहले यूइसुन चुंग से मिलकर खुशी हुई है। भारत वास्तव में निवेश के लिए सबसे आदर्श स्थान है। मुझे पुणे में संयंत्र को लेकर हुंदै का उत्साह देखकर खुशी हुई। महाराष्ट्र भारत का आर्थिक केंद्र है और इस तरह के बड़े निवेश से राज्य के लोगों को बहुत लाभ होगा। हुंदै मोटर समूह के कार्यकारी चेयरमैन यूइसुन चुंग ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। चुंग ने प्रधानमंत्री मोदी को पुणे में हुंदै के संयंत्र के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि यह कंपनी के लिए बड़ा बदलाव लाने वाला निवेश होगा। हुंदै की भारतीय इकाई हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) ने एक्स पर कई पोस्ट में कहा कि कंपनी भारत के विविधतापूर्ण बाजार और सुधारवादी दृष्टिकोण की वजह से उसके साथ मिलकर काम करने को बहुत प्राथमिकता देती है।



● हुंदै मोटर समूह के कार्यकारी चेयरमैन ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी से की थी मुलाकात

### कंपनी मेक इन इंडिया पहल में प्रमुख खिलाड़ी होगी

भारतीय शेयर बाजार में कदम रखने वाली हुंदै मोटर इंडिया ने कहा कि कंपनी मेक इन इंडिया पहल में प्रमुख खिलाड़ी होगी। जैसे-जैसे भारत अपने विकसित भारत 2047 संकल्प की ओर बढ़ेगा, हुंदै इस यात्रा में विश्वसनीय भागीदार के रूप में खड़ी रहेगी। हुंदै मोटर इंडिया 27,870.16 करोड़ का आईपीओ लेकर आई थी। इसका शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।

# नेशनल फंड्स : विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान

नेशनल फंड्स एक महत्वपूर्ण वित्तीय साधन हैं, जो सरकारी और सार्वजनिक विकासात्मक परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने का कार्य करते हैं। इनमें निवेश करके आप न केवल अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि देश के विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। हालांकि, निवेश करते समय कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार का उतार-चढ़ाव और लिक्विडिटी के मुद्दे। सही जानकारी और रणनीति के साथ, आप नेशनल फंड्स में सफलतापूर्वक निवेश कर सकते हैं और इसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आइए इसके बारे में जानें...

### नेशनल फंड्स क्या है?

नेशनल फंड्स आमतौर पर सरकारी या सार्वजनिक संस्थानों की ओर से प्रबंधित फंड होते हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के लिए पूंजी जुटाना होता है। ये फंड्स अलग-अलग सेक्टरों में निवेश कर सकते हैं, जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, और पर्यावरण।

### कैसे करें निवेश?

- **फंड का चयन :** सबसे पहले, विभिन्न नेशनल फंड्स की जानकारी प्राप्त करें और अपनी जरूरतों के अनुसार एक फंड चुनें।
- **प्रवेश प्रक्रिया :** फंड में निवेश करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करें। इसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड और बैंक विवरण शामिल हो सकते हैं।
- **ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन :** कई फंड्स में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा होती है। आप वेबसाइट पर जाकर या संबंधित कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।
- **निवेश की राशि :** निर्धारित राशि का निवेश करें।



### निवेश के लाभ

- **विकास में योगदान :** नेशनल फंड्स में निवेश करने से आप विकासात्मक परियोजनाओं का हिस्सा बनते हैं।
- **कर लाभ :** कुछ नेशनल फंड्स में निवेश करने पर कर में छूट भी मिल सकती है।
- **स्टेबल रिटर्न :** अक्सर ये फंड्स स्थिर और सुरक्षित रिटर्न प्रदान करते हैं।

### निवेशक रखें सावधानी

- **बाजार का उतार-चढ़ाव :** जैसा सभी निवेशों में होता है, नेशनल फंड्स में भी उतार-चढ़ाव का जोखिम होता है।
- **लिक्विडिटी का मुद्दा :** कुछ फंड्स में राशि तुरंत वापस नहीं मिल सकती, इसलिए लिक्विडिटी का ध्यान रखें।
- **सिस्टमेटिक रिस्क :** अगर देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, तो फंड्स पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### जोखिम से कैसे बचें

- **अच्छी रिसर्च :** फंड के बारे में अच्छे से जानें और उसकी परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें।
- **विविधता :** अपने निवेश को विभिन्न फंड्स में बांटें ताकि जोखिम कम हो।

# त्योहारों के मद्देनजर कुछ शहरों में जोमैटो, स्विगी ने बढ़ाया मंच शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

● दोनों प्रतिद्वंद्वी कंपनियां मंच शुल्क के तौर पर ले रहीं 10 रुपये

खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो और स्विगी ने कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाने की गुरुवार को घोषणा की। दोनों प्रतिद्वंद्वी अब दिल्ली में मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में उस खबर पर स्पष्टीकरण दिया, जिसमें कहा गया था कि त्योहारों के मद्देनजर मंच ने शुल्क को 10 रुपये तक बढ़ा दिया है। जोमैटो ने कहा कि हमने वास्तव में कल (बुधवार) कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाया है। कंपनी अब दिल्ली में त्योहारी सीजन मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही है। जोमैटो ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किन शहरों में मंच शुल्क में कितनी वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि मंच शुल्क में ऐसे बदलाव नियमित व्यावसायिक प्रक्रिया है और ऐसा समय-समय पर होता है। यह (शुल्क) हर शहर में अलग होते हैं। इसी तरह, स्विगी ने भी अपने मंच शुल्क में वृद्धि की है, लेकिन कंपनी से इस संबंध में किए सवालों का खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं दिया।

# विश्व बैंक अध्यक्ष से वितमंत्री ने की चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मिलीं और अन्य मुद्दों के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की। विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों ने वैश्विक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से जुड़े मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा व बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से विकास बैंकों में सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का अनुरोध किया। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 2023 में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने विकास बैंकों में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की है। इसके तीन तत्व गरीबी समाप्त करना, साझा समृद्धि बढ़ाना व वैश्विक वस्तुओं के लिए ऋण तीन गुना बढ़ाने और तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना शामिल है।



● विकास बैंकों में सुधारों पर की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा

● सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का किया अनुरोध

### कोई भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता

निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की प्राथमिकता प्रभुत्व स्थापित करना नहीं बल्कि अपने प्रभाव को बढ़ाना है। अमेरिका हो या चीन कोई भी देश आज भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। सीतारमण ने सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के आयोजित ब्रेटन वुड्स एट 80 : प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डेकेड में परिचर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

# भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना बनाएंगी एनवीडिया और रिलायंस

मुंबई, एजेंसी

● रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का करेगा उपयोग

कृत्रिम मेधा (एआई) चिप की प्रमुख वैश्विक कंपनी एनवीडिया कॉर्प के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने गुरुवार को कहा कि उनकी कंपनी ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और नवाचार केंद्र बनाने के लिए मुकेश अंबानी से समझौता किया है। रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का उपयोग करेगा। एनवीडिया की भारत में छह स्थानों पर पहले से मौजूदगी है। अमेरिकी कंपनी अपने त्वरित कम्प्यूटिंग स्टैक द्वारा संचालित एआई अवसंरचना बनाने को उद्यमों, क्लाउड प्रदाताओं और स्टार्टअप इकाइयों के साथ काम करती है, जिसमें इसके हजारों उन्नत जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट), उच्च प्रदर्शन नेटवर्किंग और एआई सॉफ्टवेयर मंच और उपकरण हैं। एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन-2024 में अंबानी और हुआंग ने एआई में भारत की क्षमता और इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में इसकी उभरती भूमिका पर चर्चा की।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### ड्रग तस्करी में गिरफ्तार पूर्व विधयक भाजपा से निष्कासित

**चंडीगढ़।** भाजपा ने फिरोजपुर की पूर्व विधायक सतकार कौर को ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के बाद छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश महासचिव अनील सरीन ने गुरुवार को पत्र जारी कर उनकी बर्खास्तगी की घोषणा की। कौर को पुलिस उनके भतीजे के साथ मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले आई थी। जब उनसे उनके घर से किसी भी तरह की बरामदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की बरामदगी से इनकार किया।

### राजस्थानः दुर्घटना में एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो महिलाओं तथा एक बच्ची समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य महिला घायल हो गई। कोतवाली के थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि यह हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा राजमार्ग पर हुआ जब एक तेज रफ्तार कार टायर फटने के कारण पलट गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार लोग गुजरात से फलौदी से जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में प्रताप (53), उनकी पत्नी उषा (48), रामूराम (50), पूजा (25) और आशु (11 माह) की मौत हो गई तथा एक अन्य महिला घायल है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कोयला घोटाला : मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में अपनी दोषसिद्धि पर रोक का अनुरोध किया है, ताकि वह आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीश मामले की फाइल पर गौर नहीं कर पाए हैं, क्योंकि वे उन्हें देरी से भेजी गई थीं, इसलिए मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

### झारखंड में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** पलामू जिले में वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रांची से 165 किमी दूर उरुर जंगल के पास बुधवार रात हादसा हुआ। वाहन पलटने से चार की मौत हो गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नहीं आईं सेबी प्रमुख, पीएसी की बैठक स्थगित

## एकतरफा निर्णय का आरोप लगाकर भाजपा ने की लोस अध्यक्ष से वेणुगोपाल की शिकायत

● पीएसी अध्यक्ष पर असंसदीय आचरण का भी लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच के गुरुवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थता जताने पर समिति प्रमुख केसी वेणुगोपाल ने बैठक स्थगित कर दी। भाजपा ने वेणुगोपाल पर एकतरफा निर्णय लेने और असंसदीय आचरण करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की।

कांग्रेस नेता वेणुगोपाल का कहना है कि बुच ने गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे सूचित किया कि वह निजी कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी, जिसके बाद बैठक स्थगित करने का फैसला किया गया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत बड़ा विषय है। स्वतः संज्ञान लेते हुए फैसला किया गया। आपने कैसे निर्णय लिया? पीएसी का काम सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना है। अलग-अलग संस्थाओं के कामकाज को देखने के लिए संबंधित विभागों की स्थाई समितियां हैं। बाद में भाजपा नेताओं ने वेणुगोपाल के आचरण को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विरोध दर्ज कराया। भाजपा ने कहा कि कानून द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को शामिल करने के समिति के फैसले का कोई विरोध नहीं था, लेकिन बुच को बुलाने का वेणुगोपाल का निर्णय सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को पसंद नहीं आया।





पीएसी बैठक स्थगित होने के बाद केसी वेणुगोपाल व भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद

### बुच को बचाने के मंसूबे के पीछे कौन : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच द्वारा पीएसी के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थता के बाद सवाल किया कि आखिर उन्हें पीएसी के प्रति जवाबदेह होने से बचाने के मंसूबे के पीछे कौन है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार अपने कारनामों को सेबी प्रमुख को ढाल बनाकर छिपा नहीं सकती। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि बुच पीएसी के समक्ष जवाब देने में क्यों अनिच्छुक हैं? खरगे ने कहा कि पीएसी को अधिकार है कि वो किसी सरकारी जांच में किसी भी अधिकारी को तलब कर सकती है।

# महाराष्ट्र विस चुनाव : कांग्रेस ने 48 नाम किए घोषित

● पटोले और चहाण समेत कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टिवार सहित कई वरिष्ठों के नाम हैं। कांग्रेस की पहली सूची में 25 विधायकों पर फिर विश्वास जताया गया है।

पटोले साकोली से तो चव्हाण कराड दक्षिण से फिर उतारे गए हैं। वडेट्टिवार को ब्रह्मपुरी, पूर्व मंत्री अमित देशमुख को लातूर शहर और असलम शेख को मलाड पश्चिम से टिकट मिला है। पूर्व मंत्री नितिन राउत और बालासाहेब थोराट को क्रमशः नागपुर उत्तर और संगमनेर से, ज्योति एकनाथ गायकवाड़ को धारावी और धीरज देशमुख को लातूर ग्रामीण से उतारा गया है। अमित और धीरज देशमुख पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के पुत्र हैं। आरिफ नसीम खान को चांदीवली, रंजीत कांबले को देवली और विकास ठाकरे को नागपुर पश्चिम, जलगांव के रावेर से विधायक शिरीष चौधरी के बेटे धनंजय चौधरी, मुजफ्फर हुसैन को ठाणे जिले के मीरा भयंदर से चुनावी मैदान में उतारा गया है। भोकर में तृप्ति कोंडेकर का मुकाबला भाजपा की सृजया चव्हाण से होगा, जो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की बेटी हैं। अशोक चव्हाण कुछ महीने पहले भाजपा में शामिल हुए थे। चव्हाण की रिश्तेदार मीनल को कांग्रेस ने नायगांव से उतारा है, जबकि प्रफुल्ल गुडाधे नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को टक्कर देंगे।

### एमवीए में सीट पर अंतिम समझौते की घोषणा आज

पुणे। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के सीट-बंटवारे को लेकर अंतिम समझौते की घोषणा शुक्रवार सुबह की जायेगी। पटोले ने कहा कि पार्टी ने अपने उन कुछ उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करने को कहा है, जिन्हें 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिलना तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की घोषणा कल सुबह तक कर दी जाएगी। कई दिन के गतिरोध के बाद विपक्षी गठबंधन ने घोषणा की थी कि कांग्रेस, राकांपा (एसपी) व शिवसेना (यूबीटी) 85-85 सीट पर चुनाव लड़ेंगे तथा शेष सीट के लिए बातचीत जारी है।

# न्याय की देवी की नई प्रतिमा पर सुप्रीम कोर्ट बार ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट बार ने कहा-नहीं किया गया विचार-विमर्श

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने उसके साथ विचार-विमर्श किए बगैर न्याय की देवी की प्रतिमा और अदालत के प्रतीक चिह्न में किए आमूलचूल बदलावों पर आपत्ति जताते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। न्यायालय में न्यायाधीशों के पुस्तकालय में न्याय की देवी की छह फुट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित हुई है, जिसके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में तलवार की जगह संविधान है। सफेद पारंपरिक पोशाक पहने न्याय की देवी की नई प्रतिमा की आंखों पर पट्टी नहीं बंधी हुई है और सिर पर मुकुट है।

एससीबीए अध्यक्ष कपिल सिब्बल और कार्यकारी समिति के अन्य सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव में उस स्थान पर प्रस्तावित संग्रहालय पर भी आपत्ति जताई है, जहां उन्होंने बार के सदस्यों के लिए कैफे-लाउंज बनाने की मांग की थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि न्यायालय बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने पाया है कि हाल ही में न्यायालय ने बार से परामर्श किए बिना प्रतिमा में बदलाव किए हैं।

# 3 आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की अनुमति नहीं मिली

1984 दंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख दंगों के मामले में 27 साल से अधिक की देरी के बाद तीन आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की सरकार को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को कहा कि उसे जान-माल के बड़े पैमाने पर हुए नुकसान के बारे में जानकारी है, लेकिन वह अभियोजन पक्ष द्वारा अपील दायर करने में किये गये लंबे विलंब की अनदेखी नहीं कर सकती।

# चुनाव में अजित को घड़ी चिह्न के प्रयोग के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



● उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार खेमें की याचिका पर अजित पंवार को जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री में घड़ी चिह्न के प्रयोग का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार नीत खेमे की एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। साथ ही, पीठ ने अजित को एक नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने 19 मार्च और चार अप्रैल को अजित पवार नीत खेमे को अंग्रेजी, हिंदी और मराठी भाषा के अखबारों में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर उसमें यह उल्लेख करने का निर्देश दिया था कि घड़ी चिह्न का आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि अजित पवार खेमा को मामले में निर्णय आने तक इस चिह्न के उपयोग की अनुमति होगी। गुरुवार को कार्यवाही के दौरान पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर गौर किया। वह शरद पवार खेमे की ओर से पेश हुए। सिंघवी ने दलील दी कि विरोधी समूह को घड़ी चिह्न का इस्तेमाल करने से रोका जाए क्योंकि इसने अपनी प्रचार सामग्री में डिस्क्लेमर का उपयोग नहीं किया और मतदाताओं को गुमराह किया है।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए मोदी से मिले उमर

**नई दिल्ली।** जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पद संभालने के बाद दिल्ली दौरे के दौरान गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनाव में अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीट प्राप्त कर सरकार बनाई है। नई सरकार ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया। बाद में, इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंजूरी दे दी थी। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के बाद मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पैरवी करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र के साथ बातचीत करने का अधिकार दिया गया है।

# केरल : जीएसटी विभाग ने 104 किलो सोना किया जब्त

**त्रिशूर (केरल)।** सोने के व्यापार के लिए मशहूर त्रिशूर में केरल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर छापेमारी कर बेहिसाबी 104 किलोग्राम सोना जब्त किया, जिसका बाजार मूल्य 75 करोड़ रुपये है। इस अभियान को टोरे डेल ओरो नाम दिया गया है। यह नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है सोने की मीनार। बुधवार शाम शुरू हुआ अभियान गुरुवार को भी जारी रहा और 700 से अधिक अधिकारियों ने मध्य केरल में विनिर्माण इकाइयों और जौहरियों के घरों सहित 78 स्थानों पर छापेमारी की। विभाग की खुफिया शाखा छह माह से निर्माताओं द्वारा की जा रही कथित जीएसटी धोखाधड़ी की जांच कर रही है।

# सोरेन, बाउरी सहित 50 से अधिक ने किया नामांकन

रांची, एजेंसी

झारखंड चुनाव

झारखंड विस चुनाव के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री व झामुमो नेता हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता अमर बाउरी और 50 से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन किए। मुख्यमंत्री ने बरहेट क्षेत्र जबकि उनकी विधायक पत्नी कल्पना ने गांडेय से नामांकन किया। भाजपा विधायक अमर बाउरी ने चंदनकियारी क्षेत्र से नामांकन किया, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। गठबंधन में कांग्रेस के 4 मंत्रियों रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और बन्ना गुप्ता समेत कई ने नामांकन किया।



नामांकन करते झारखंड के मुख्यमंत्री व झामुमो उम्मीदवार हेमंत सोरेन।

# ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह इन याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते। शीर्ष अदालत ने कहा कि तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को अदालत में आने दें। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त किया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं होगा। वकील ने कहा कि आदेश स्पष्ट था कि इस अदालत की अनुमति के बिना तोड़फोड़ नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था।



● राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका को शीर्ष अदालत ने किया खारिज

### आरोपी पत्रकार पर दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में महिला पत्रकार के खिलाफ दर्ज चार प्राथमिकियों में उन पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पत्रकार ममता त्रिपाठी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया है। त्रिपाठी ने दावा किया कि ये प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने के प्रयास में दर्ज हुई हैं। पीठ ने कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता पर कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाये।

## खेल डायरी

### पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया। रानी ने आज कहा कि उनके हॉकी करियर की यात्रा शानदार रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पर्दापण किया था। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया था।

### साजिद के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 पर समेटा




**रावपिंडी।** पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच में पहली बार अलग तरह की गेंदबाजी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड को 267 पर समेटने के बाद 73 रन पर तीन विकेट गवां कर बैकफुट पर है। इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 10वें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (14) को आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद 13वें ओवर में जैक लीच ने सईम अयूब (19) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद कामरान गुलाम (तीन) को गस ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को 46 के स्कोर पर तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 73 रन बना लिये थे और शान मसूद (नाबाद 16) और साउद शकील (16) क्रीज पर मौजूद थे। आज इससे पहले साजिद खान (छह विकेट) और नोमान अली (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहली पारी को 267 के स्कोर पर समेट दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पूरी टीम 68 .2 ओवर में 267 पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 29 .2 ओवर में 128 रन देकर (छह विकेट) लिए और नोमान अली ने 28 ओवर में 88 रन देकर (तीन विकेट) झटके। जाहिद महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### रबाडा की गेंदबाजी से द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को हराया

**मीरपुर।** अनुभवी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (दूसरी पारी में 39 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में गुरुवार को यहां चौथे दिन बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त देकर 1-0 की बढ़त बना ली। रबाडा की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले के सत्र में 22 ओवर में तीन विकेट पर 106 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। बांग्लादेश की पहली पारी 106 रन पर सिमटी थी जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाकर 202 रन की बढ़त हासिल की थी। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन से आगे से की लेकिन रबाडा और वियान मुलडर ने दूसरी नयी गेंद से बल्लेबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। रबाडा ने दिन की शुरुआती ओवर में नईम हसन को पगबाधा कर टेस्ट पारी में 15वीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने इसके बाद मेहदी हसन मिराज (97) को शतक पूरा करने से पहले चलता कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टोनी डि जॉर्जी ने 41 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 30 रन बनाए।

# डब्ल्यूएफआई ने टीम को विश्व चैंपियनशिप से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



- यूडब्ल्यूडबल्यू को सरकारी हस्तक्षेप की शिकायत, अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो नहीं होंगे ये सभी मुद्दे

भारतीय कश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया और विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को सूचित किया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 12 गैर ओलंपिक वर्गों में 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में आयोजित होगी।

डब्ल्यूएफआई ने हाल में अंडर 23 और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल की घोषणा की थी और प्रदर्शनकारी पहलवानों ने चयन ट्रायल की वैधता पर सवाल उठाते हुए अदालत की अवमानना के तौर पर चुनौती दी थी। डब्ल्यूएफआई ने चयन ट्रायल नोटिस वापस ले लिया और अदालत ने 4 अक्टूबर को अवमानना याचिका पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल में अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि डब्ल्यूएफआई पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाया जाना चाहिए। यह सब मंत्रालय के निलंबन के कारण हो रहा है।निलंबन बनाए रखने का कोई आधार नहीं है। अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो ये सभी मुद्दे नहीं होंगे।

### डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हो रहा हस्तक्षेप

खेल मंत्रालय ने नए अधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान के तुरंत बाद 24 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच को पत्र में लिखा दुर्भाग्य से खेल मंत्रालय का डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करना जारी है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई के दैनिक प्रशासन का काम बंद करने और रोकने का आदेश दिया और भारतीय ओलंपिक संघ (भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) को डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया। आईओए ने फरवरी में यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा डब्ल्यूएफआई पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद इस साल मार्च में महासंघ का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल को भंग कर दिया था।

# राधा की फिरकी में उलझी न्यूजीलैंड की महिला टीम

- भारत ने पहला एकदिवसीय मैच 59 रन से जीता, शृंखला में 1-0 की बनाई बढ़त

अहमदाबाद, एजेंसी

बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले महिला एकदिवसीय मैच में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को 59 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली

भारत के 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम राधा (35 रन पर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी साइमा ठाकोर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 40.4 ओवर में 168 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा (35 रन पर एक विकेट) और अरुंधति रेड्डी (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले अमेलिया और जेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को 44.3 ओवर में 227 रन समेटा। लेग स्पिनर अमेलिया ने चार जबकि जेस ने तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को नियमित अंतराल पर झटके दिए।

# सुंदर के शिकंजे में फंसे कीवी बल्लेबाज

## वाशिंगटन ने झटके सात विकेट, 259 पर सिमटी न्यूजीलैंड

पुणे, एजेंसी




<< न्यूजीलैंड की पारी का अंतिम विकेट लेने के बाद सुंदर को बधाई देते जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर (59 रन पर सात विकेट) की शानदार ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड की पहली पारी को 259 रन पर समेटने के बाद स्टंप्स तक एक विकेट पर 16 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने पर शुभमन गिल नाबाद 10 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नाबाद छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टिम साउथी ने अपने दूसरे ओवर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया।

कुलदीप यादव की जगह टीम में जगह बनाने वाले सुंदर ने लगभग ढाई साल के बाद टेस्ट टीम में वापसी पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनके नाम चार टेस्ट में छह विकेट थे। भारत के लिए अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय सरजमीं पर यह पहली बार है जब किसी टेस्ट मैच में सभी 10 विकेट दायें हाथ के ऑफ स्पिनरों ने झटके हो। अश्विन डेवोन कोन्वे को आउट कर अपने विकेटों की संख्या 531 तक पहुंचाकर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन से आगे निकल गए। न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कोन्वे ने 76, रचिन रविंद्र ने 65 और मिचेल सेंटनर ने 33 रन का योगदान दिया। कुलदीप की जगह टीम में शामिल करने के फैसले को सही साबित करते हुए सुंदर ने अपने 14वें ओवर में पिछले मैच के शतकवीर रविंद्र को आउट कर पहली सफलता हासिल करने के बाद अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।




रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते टिम साउथी व अन्य। ● एजेंसी

### टीम में तीन बदलाव, घबराहट भरा फैसला : गावस्कर

**पुणे।** पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत ने घबराहट में अंतिम एकादश में कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किए। उन्होंने मोहम्मद सिराज और लोकेश राहुल की जगह क्रमश : आकाश दीप और शुभमन गिल टीम में शामिल करने के साथ कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन को मौका दिया। गावस्कर ने टॉस के बाद कहा यह भारतीय टीम का घबराहट भरा फैसला लगता है। आप अक्सर टीम में तीन बदलाव नहीं करते हैं। पिछले सप्ताह पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बाद भारत तीन मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे है। गावस्कर ने कहा जब तक चोट की चिंता न हो, मैं बहुत सी टीमों को तीन बदलाव करते नहीं देखता।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 259/10 (79.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा अश्विन | 15 | 22 | 2/0 |
| डेवोन कोन्वे का पंत बो अश्विन | 76 | 141 | 11/0 |
| विल यंग का पंत बो अश्विन | 18 | 45 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो वाशिंगटन | 65 | 105 | 5/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा सुंदर | 18 | 54 | 0/0 |
| टॉम ब्लंडेल बो सुंदर | 3 | 12 | 0/0 |
| ग्लेन फिलिप्स का अश्विन बो सुंदर | 9 | 31 | 0/0 |
| मिचेल सेंटनर बो सुंदर | 33 | 51 | 3/2 |
| टिम साउदी बो सुंदर | 5 | 8 | 1/0 |
| एजाज पटेल बो सुंदर | 4 | 9 | 1/0 |
| विलियम ओ'रोउर्के नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : बुमराह 8-2-32-0, आकाश दीप 6-0-41-0, अश्विन 24-2-64-3, सुंदर 23 .1-4-59-7, जडेजा 18-0-53-0

**भारत पहली पारी : 16/1 (11 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 6 | 25 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउथी | 0 | 9 | 0/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 10 | 32 | 1/0 |

गेंदबाजी : साउथी 3-1-4-1, ओ'रोउर्के 3-2-5-0, पटेल 3-1-5-0, सेंटनर 2-0-2-0

### मैच के दौरान पानी की कमी पर भड़के प्रशंसक, एमसीए ने मांगी माफी

**पुणे।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान पानी की बोतलें पहुंचने में देरी के कारण एमसीए स्टेडियम में अफरा-तफरी मच गई और प्रशंसकों ने संघ के खिलाफ नारे लगाए। बाद में मेजबान संघ ने इस चूक के लिए माफी मांगी। गुरुवार को शुरू हुए मुकाबले के लिए लगभग 18 हजार दर्शक मैदान पर पहुंचे। एमसीए के अधिकांश हिस्से में छत नहीं है और धूप में बैठे प्रशंसक जब पानी लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि पानी की बोतलें उपलब्ध नहीं हैं।

# लीवरपूल ने लीपजिंग को हराया, मैनचेस्टर सिटी और बार्सीलोना ने दर्ज की बड़ी जीत

बार्सीलोना, एजेंसी



**सीएल राउंडअप**

- मैनचेस्टर सिटी ने लीग के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का बनाया रिकॉर्ड

यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल में इंग्लैंड के क्लबों के साथ बार्सीलोना ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत से दबदबा कायम किया। प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज लीवरपूल ने लगातार तीसरी जीत के बाद चैंपियंस लीग में शीर्ष पर काबिज एस्टोन विला से अंकों की बराबरी की तो वहीं मैनचेस्टर सिटी ने प्रतियोगिता के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का नया रिकॉर्ड बनाया।

डार्विन नुनेज के गोल से लीवरपूल ने लीपजिंग को 1-0 से हराया। एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से सिटी ने स्पार्टा प्राग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। कप्तान राफिन्हा की हैट्रिक की से बार्सीलोना आखिरकार बायर्न म्यूनिख को शिकस्त देने में सफल रहा। टीम ने 4-1 की एकतरफा जीत दर्ज की। बार्सीलोना ने जर्मनी की इस टीम के खिलाफ लगातार छह हार के बाद जीत का स्वाद चखा है। तीन दौर के मैचों के बाद लीवरपूल और एस्टोन विला के पास तालिका में शीर्ष पर मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल पर दो अंकों की बढ़त है। बार्सीलोना की बायर्न म्यूनिख पर 2015 के बाद पहली जीत में राफिन्हा के अलावा दिग्गज रोबर्ट लेवांडोवस्की ने भी गोल दागा। लेवांडोवस्की ने बायर्न म्यूनिख का प्रतिनिधित्व किया है। बायर्न के इस इस मैच का इकलौता गोल हैरी केन ने किया। मैनचेस्टर सिटी ने स्पार्टा प्राग को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड को अपने नाम किया। सिटी पिछले 26 मैचों से अपराजेय है।

# स्विस इंडोर्स : वावरिंका ने मन्नारिनो को हराया, रुबलेव आगे बढ़े

बेसल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी




<< अपने मैच के दौरान शॉट लगाते स्टैन वावरिंका। ● एजेंसी

स्टैन वावरिंका ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 3-6, 7-5 से हरा स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज मैच विजेता बन गए। घरेलू दर्शकों के सामने 39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत है।

वावरिंका को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अब 22 वर्षीय बेन शेल्टन से भिड़ना होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो टैबिलो को 7-6 (3), 6-1 से हराकर सत्र के अपने 13वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया तो वहीं दो बार के गत चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने सेबेस्टियन बेज को 7-5, 6-1 से मात दी। डेविड गोफिन और पेड्रो मार्टिनेज भी जीत के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

### पेरिस मास्टर्स से हटे जोकोविच

**पेरिस।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया है। रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि मुझे उन सभी लोगों के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा।

### एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने वियना प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**वियना।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एर्स्टे बैंक ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल यहां मार्कोस गिरोन को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के इस खिलाड़ी की यह मौजूदा साल की 61वीं जीत है। इससे उन्होंने 2018 में दर्ज 60 जीत की अपनी रिकॉर्ड में सुधार किया। ज्वेरेव के सामने क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो मुसेटी की चुनौती होगी। गेल मोनफिल्स के बीमारी के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से हटने से मुसेटी ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। ग्रिगोर दिमित्रोव ने झांग झिझेन को हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को रिलीज होगी। 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक पुष्पा 2 : द रूल पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर शेयर किया है। चिल्लम पीते हुए पुष्पाराज अपने हाथ में पकड़े बंदूक को निहार रहे है। वह नोटों की गड्डी के सामने खड़े हुए हैं। अल्लू अर्जुन ने हैशटैग में पुष्पा 2 : द रूल ऑन 5 दिसंबर लिखा है। पुष्पा 2 : द रूल पुष्पा राज की दिलचस्प यात्रा को पेश करेगी, जब वह स्मगलिंग और शक्ति की जोखिम भरी दुनिया में प्रवेश कर रहा होगा। अल्लू अर्जुन ने इस किरदार को निभाया है, और इस बार कहानी में ज्यादा गहराई होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2 :द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### हिंदी और तमिल में बनेगी गजनी 2, स्क्रिप्ट पर हो रहा काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनाई जा सकती है। 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा ।साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज भी किया जाएगा। हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनाई जा सकती है ।गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे। उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है। अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

### द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है। द साबरमती रिपोर्ट का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है ।यह मोशन पोस्टर काफी दिलचस्प और शक्तिशाली लग रहा है, जिसमें एक जलती हुई अखबार की कतरन और बैकग्राउंड में गुस्से से भरी आंखें दिख रही हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे ज़ी स्टूडियोज द्वारा पूरी दुनिया में रिलीज किया जायेगा। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।

# हॉकी में भारत ने जर्मनी को 5-3 से हराया पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी ने जीती ट्रॉफी

नई दिल्ली, एजेंसी



गोल दागने के बाद एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

भारत ने गुरुवार जर्मनी को हॉकी के दूसरे मैच में 5-3 से हरा कर पहले मैच को बदला ले लिया। जीत के बावजूद भारतीय को उस समय मायूसी हाथ लगी जब सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।

आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम ने पहले मैच में जर्मनी से 2-0 से हार के बावजूद नई स्पूर्ति के साथ मैदान में उतरी। पहले क्वार्टर में माजकोर ने भारतीय गोलकीपर को छकाते हुए गोल दाग दिया और अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। उसके बाद दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अपना पहला गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कप्तान के गोल से अगले मिनट ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत सिंह ने फिर से गोल दागते हुए टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई।

भारत के लिए सुखजीत सिंह (34वें और 48वें मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (42वें और 43वें मिनट में) और अभिषेक (45वें मिनट में) ने गोल किए। जबकि हॉकी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के लिए इलियन मैजकर (7वें और 57वें मिनट में) और हेनरिक मर्टगेन्स (60वें मिनट में) ने गोल किए। सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारतीय समुदाय की आभारी है राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा: स्ट्रीटिंग

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक दिवाली समारोह में हुए शामिल



ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि ब्रिटिश राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) भारतीय समुदाय की बहुत आभारी है व भारत के साथ साझेदारी से ब्रिटेन को भविष्य में देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के आधुनिकीकरण के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

बुधवार शाम लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक दिवाली समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर उन्होंने आने वाले समय में अपने विभाग में व्यापक सुधारों की आशा व्यक्त की। स्ट्रीटिंग ने कहा यदि मैं, पिछले 76 वर्षों में एनएचएस को आकार देने के तरीके के बारे में बात करूं तो हम ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा प्रवासी भारतीयों ने 1948 में एनएचएस की स्थापना में मदद की थी और आज हम देखते हैं कि उनके बच्चे, नाती-नातिन व परपोते-परपोतियां इसका भविष्य तय कर रहे हैं। मंत्री ने भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रिटेन इस मामले में भारत से सीख सकता है।

## चिली की राजधानी में स्कूल में विस्फोट 35 लोग घायल

**सैंटियागो।** चिली की राजधानी में एक स्कूल के अंदर विस्फोटक उपकरणों के इस्तेमाल के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 35 छात्र घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। सैन्यीकृत पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल फर्नांडो अल्बोर्नोज़ ने बताया कि बुधवार की सुबह, बैरोस अराना नेशनल बोर्डिंग स्कूल में छात्रों का एक समूह विरोध प्रदर्शन के लिए विस्फोटक उपकरण तैयार कर रहा था, तभी एक उपकरण में विस्फोट हो गया। घायल छात्रों को अस्पतालों में ले जाया गया, और एक शिक्षक को चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी। म्युचुअल डी सेगुरिदाद अस्पताल के चिकित्सा निदेशक राफेल बोर्गोनो ने कहा अस्पताल में भर्ती पांच मरीजों में से वर्तमान में विभिन्न जलने के कारण चार की हालत गंभीर है।

# ओडिशा पहुंचा चक्रवात दाना, तटीय इलाकों में भारी बारिश

## प्रभावित क्षेत्रों के करीब तीन लाख लोगों को आश्रय स्थलों पर पहुंचाया, उखड़े पेड़, मार्ग अवरुद्ध

भुवनेश्वर, एजेंसी



भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' गुरुवार दोपहर ओडिशा तट के नजदीक पहुंच गया तथा इसके प्रभाव के चलते राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के साथ ही तेज हवाएं चल रही हैं वहीं समुद्र भी अशांत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने तटीय जिलों में लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के प्रयास भी तेज कर दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बालासोर, भद्रक, भितरकनिका और पुरी के कुछ इलाकों से पेड़ उखड़ने की खबरें मिली हैं, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं।

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से एक भी व्यक्ति हताहत नहीं हो। चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है और हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक तक रह सकती है। आईएमडी ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान दाना पिछले छह घंटे के दौरान 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ा है और यह पारादीप (ओडिशा) से लगभग 210 किमी दक्षिणपूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 310 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। तूफान दाना के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने तथा 24 की मध्य रात्रि से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट को पार करने का अनुमान है।

### 7,285 चक्रवात आश्रय केंद्र स्थापित किए गए

माझी ने बताया कि करीब तीन लाख लोगों को विभिन्न चक्रवात आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है और यह अभियान जारी है। अब तक कुल 7,285 चक्रवात आश्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं और 91 चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को स्थानांतरित करने और अवरुद्ध सड़कों को साफ करने के लिए अधिकारियों ने एनडीआरएफ के 19 दल, ओडीआरएएफ के 51 दल और अग्निशमन सेवा कर्मियों को भी लगाया है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले चार घंटों में पारादीप में सबसे अधिक 62 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर में 24 मिलीमीटर बारिश हुई। उसने बताया कि दिन के दौरान भद्रक, बालासोर, जाजपुर, कटक, खुर्दा, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा और पुरी जिलों के कुछ हिस्सों में 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चलने के साथ मध्यम से तीव्र बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान के बाद में थोड़ा पश्चिम और पश्चिम-दक्षिण दिशा में मुड़ने की संभावना है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति भवन परिसर में फिर गिरे कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में गुरुवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी।


### बुशरा बीबी तोशाखाना मामले में जमानत पर हुईं रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में करीब नौ महीने तक सलाखों के पीछे रहने के बाद बृहस्पतिवार को जमानत पर जेल से रिहा हो गईं। इस रिहाई से एक दिन पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपये के मुचलके बांड पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। पीटीआई ने व्हाट्सऐप संदेश में बुशरा की रिहाई की पुष्टि की।

# एलएसी पर जमीनी स्थिति होगी बहाल

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा- इसको लेकर व्यापक सहमति बनी, समझौते को महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गयी है जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024 में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया, जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है।

सिंह ने कहा भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता के बाद समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। सिंह ने कहा इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में चरागाह गतिविधियों को अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत की बदौलत संभव हुआ है, क्योंकि देर-सवेर समाधान निकल ही जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने पर भारत-चीन समझौते का बुधवार को समर्थन किया तथा विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को बहाल करने के निर्देश जारी किए, जो 2020 की सैन्य झड़प से प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत देते हैं। रूस के कजान में, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित करीब 50 मिनट की बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उचित तरीके से निपटाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता को भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि परस्पर विश्वास, एक-दूसरे का सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता संबंधों का आधार बने रहना चाहिए।

### कजान में मोदी व शी की बैठक द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए अत्यधिक महत्व रखती है: चीन

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में बुधवार को हुई बैठक अत्यधिक महत्व रखती है क्योंकि वे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा वे चीन-भारत संबंधों में सुधार और इन्हें विकसित करने पर महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे तथा द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने का मार्ग प्रशस्त किया। इस सवाल पर कि बीजिंग बैठक के नतीजे को कैसे देखता है, लिन ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखने तथा आगे बढ़ने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। लिन ने कहा कि चीन संचार और सहयोग बढ़ाने, पारस्परिक रणनीतिक विश्वास वृद्धि, मतभेदों को दूर करने और द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने के लिए भी तैयार है।

### विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए : जयशंकर



**कजान।** संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटने को आज के समय की विशेष जरूरत बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये करना चाहिए और एक बार सहमति बन जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए। एक अधिक समतामूलक वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए पांच सूत्री मंत्र देते हुए जयशंकर ने वैश्विक अवसंरचना में विकृतियों को सुधारने पर जोर दिया जो औपनिवेशिक कालखंड की विरासत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ यह किया जाना चाहिए। जयशंकर ने रूस के कजान में ब्रिक्स के आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शामिल होते हुए यह बात कही। सम्मेलन के मेजबान रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन हैं। उन्होंने कहा, हम कठिन परिस्थितियों में मिल रहे हैं। विश्व को दीर्घकालिक चुनौतियों पर नए सिरे से सोचने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारा यहां एकत्रित होना इस बात का संदेश है कि हम ऐसा करने के लिए वाकई तैयार हैं। जयशंकर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा, यह युद्ध का युग नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटना आज के समय की विशेष जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। एक बार सहमति हो जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए।

# कनाडा ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा, खालिस्तान के नाम पर चल रहा अपराध का कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने एक साक्षात्कार में किया खुलासा



कनाडा के व्यवहार को अत्यंत घटिया बताते हुए वहां से वापस बुलाए गए भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा कि ऐसे देश ने, जिसे हम मित्रवत लोकतांत्रिक देश मानते हैं, भारत की पीठ में छुरा घोंपा और सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि मुट्ठीभर खालिस्तान समर्थकों ने इस विचारधारा को एक आपराधिक उपक्रम बना दिया है जो मानव तस्करी और हथियार तस्करी जैसी अनेक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस सबके बावजूद कनाडाई अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी हैं क्योंकि कट्टरपंथी स्थानीय नेताओं के लिए वोट बैंक होते हैं।

कनाडा ने अपने नागरिक और भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी घोषित किए गए हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में हत्या के मामले में कहा था कि वर्मा इस मामले में जांच के तहत 'निगरानी की श्रेणी' में हैं। इस मामले में कनाडा आगे कोई कार्रवाई करता, उससे पहले भारत ने वर्मा और पांच अन्य राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया। वर्मा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक किया और वह एक परमाणु विज्ञानी हैं। वह जापान तथा सूडान में भारत के राजदूत रह चुके हैं। क्या उन्होंने अपने 36 साल के राजनयिक कॅरियर में कभी इस तरह का कुछ देखा है, इस सवाल पर वर्मा ने कहा यह अत्यंत घटिया बात है। यह द्विपक्षीय संबंधों के प्रति सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया है। अगर वे मानते हैं कि यह उनके लिए भी एक व्यापक रिश्ता है तो राजनयिक के पास अन्य कूटनीतिक साधन होते हैं। चीजों का संतोषजनक समाधान निकालने के लिए इन साधनों का इस्तेमाल किया जा सकता था। बुधवार को पीटीआई के नई दिल्ली स्थित स्टूडियो में अनेक विषयों पर बातचीत करते हुए वर्मा ने कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन, स्थानीय नेताओं से राजनीतिक लाभ के लिए खालिस्तान समर्थकों को मिल रही सहायता और खालिस्तानियों की आपराधिक गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी।

# गाजा में स्कूल पर हमला, 16 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी



मध्य गाजा में शरणार्थी शिविर के रूप में उपयोग में लाये जा रहे एक विद्यालय पर गुरुवार को इजराइली हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अवदा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि यह हमला नुसीरात के एक शरणार्थी शिविर पर हुआ। इस हमले में 32 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया।

इजराइली सेना ने तत्काल इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है। इजराइल ने हाल के महीनों में ऐसे शरणार्थी शिविरों (विद्यालयों) पर यह कहते हुए कई हमले किये हैं कि वह आम नागरिकों के बीच छिपे हमास आतंकवादियों को निशाना बनाता है। इन हमलों में अक्सर महिलाओं और बच्चों की जान चली जाती है। हमास की अगुवाई वाले आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर 2023 को इजराइल में हमला करने, 1200 लोगों को मौत के घाट उतार देने तथा 250 अन्य को अगवा करने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई थी। 100 बंधक अब भी गाजा में ही हैं और माना जाता है कि उनमें एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

### इजराइल ने गाजा में अल जजीरा के छह पत्रकारों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी होने का लगाया आरोप

**रामल्ला (वेस्ट बैंक)।** इजराइली सेना ने गाजा में जारी युद्ध को कवर करने वाले अंग्रेजी समाचार पत्र अल जजीरा के छह पत्रकारों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी होने का बुधवार को आरोप लगाया। हालांकि, अल जजीरा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इजराइली सेना ने आरोप लगाया कि अल जजीरा के छह पत्रकार फिलिस्तीन के आतंकवादी समूह से पूर्व में या वर्तमान में जुड़े रहे हैं और वे इसके लिए काम करते थे तथा इसके बदले उन्हें भुगतान भी किया जाता था।

## बर्गर खाने से संक्रमण फैलने के आरोप के बाद मैकडोनाल्ड्स ने कहा- रेस्तरां सुरक्षित हैं

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका में मशहूर खाद्य श्रृंखला मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैलने का आरोप लगने के बाद कंपनी ने बुधवार को ग्राहकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उसके रेस्तरां सुरक्षित हैं। दूसरी ओर, अमेरिका के संघीय जांचकर्ता इस बात की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं कि मैकडोनाल्ड्स का 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर' खाने से ही ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैला है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने मंगलवार को बताया था कि 'मैकडोनाल्ड्स' का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया का संक्रमण फैल गया है जिससे 10 राज्यों में कम से कम 49 लोग बीमार पड़ गए हैं और इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर में प्याज के कारण ई.कोली बैक्टीरिया संक्रमण फैलने का संदेह है। मैकडोनाल्ड्स' ने कहा कि वह ताजा प्याज उपलब्ध कराने के लिए नये आपूर्तिकर्ता की तलाश कर रहा है। इस बीच, ई.कोली बैक्टीरिया से प्रभावित राज्यों के साथ-साथ अन्य राज्यों के कुछ हिस्सों में स्थित 'मैकडोनाल्ड्स' से 'क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर' को हटा दिया गया है।

# राष्ट्रपति बनने के लिए अयोग्य हैं ट्रंप: हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश का नेतृत्व करने के लिए अयोग्य हैं। हैरिस ने वाशिंगटन में अपने आधिकारिक आवास पर बुधवार को कहा कि हमें पता चला कि डोनाल्ड ट्रंप के चीफ ऑफ स्टाफ रहे जॉन केली ने इस बात की पुष्टि की है कि ट्रंप जब राष्ट्रपति थे तब वह चाहते थे कि उनके पास वैसे जनरल हों, जैसे एडॉल्फ हिटलर (जर्मन तानाशाह) के पास थे।

उन्होंने कहा, ट्रंप ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह नहीं चाहते कि सेना अमेरिकी संविधान के प्रति निष्ठावान हो। वह ऐसी सेना चाहते हैं जो उनके प्रति वफादार हो। वह ऐसी सेना चाहते हैं जो व्यक्तिगत रूप से उनके प्रति निष्ठावान हो, जो उनके आदेश माने, चाहे इसके लिए उसे उनके कहने पर कानून तोड़ना पड़े।

### देशवासियों को बार-बार अंदरूनी दुश्मन कहा

हैरिस ने कहा, बीते सप्ताह के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने देशवासियों को बार-बार अंदरूनी दुश्मन कहा और यह तक कहा कि वह अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ सेना का इस्तेमाल करेंगे। इससे एक दिन पहले केली ने कहा था, निश्चित रूप से, पूर्व राष्ट्रपति (ट्रंप) दक्षिणपंथी विचारधारा के हैं।

## फिलीपीन में तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटना में 23 लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपीन के पूर्वी उत्तर क्षेत्र में गुरुवार को उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और कई कारें बह गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई लोग फंस गए और कुछ लोगों ने घरों की छतों पर शरण ली, जिन्हें बचाने के लिए अधिकारियों को मोटरबोट की मदद लेनी पड़ी। देश के उत्तरपूर्वी प्रांत इसाबेला में मध्यरात्रि के बाद उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' ने दस्तक दी जिसके बाद सरकार ने आपदा प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कर्मियों को छोड़कर स्कूलों और कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। मुख्य द्वीप लूजोन में दूसरे दिन भी स्कूल और कार्यालय बंद रहे। तूफान के प्रभाव से इफुगाओ के पर्वतीय प्रांत के एगुइनाल्डो शहर में सुबह के समय 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तेज हवाएं चलीं। सरकारी मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार, हवाओं का रुख पश्चिम की दिशा में है और गुरुवार को बाद में इसके दक्षिण चीन सागर में प्रवेश करने का अनुमान है। पुलिस और प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर की मौत बुरी तरह प्रभावित बिकोल क्षेत्र और निकटवर्ती क्यूजोन प्रांत में तूफान के कारण आई बाढ़ की वजह से हुई है।

# तुर्की ने सीरिया और इराक में पीकेके के 32 ठिकाने किए नष्ट

इस्तांबुल, एजेंसी

- सरकारी विमान निर्माता कंपनी पर हमले का बदला लिया



तुर्की की वायु सेना ने बुधवार को उत्तरी सीरिया और इराक में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के कम से कम 32 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। टीआरटी हैबर प्रसारक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह रिपोर्ट दी। तुर्की की राजधानी अंकारा में सरकारी विमान निर्माता कंपनी तुर्किश एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (यूएसएएस) के कारखाने पर बम से हमला किया गया, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि हमले में चार लोग मारे गये हैं। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कुछ घंटों बाद बताया कि मृतकों की संख्या को संशोधित कर पांच कर दिया गया है, जबकि 22 अन्य घायल हैं। तुर्की के अधिकारियों का मानना है कि आतंकवादी हमला संभवतः पीकेके सदस्यों द्वारा किया गया था। प्रसारक की रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु सेना की कार्रवाई में बड़ी संख्या में पीकेके आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। गौरतलब है कि पीकेके और तुर्की के बीच सशस्त्र संघर्ष 1984 में शुरू हुआ और 2015 में फिर से भड़क गया।

## जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई का किया आग्रह

**लाहौर।** पाकिस्तान के ईसाई नेताओं ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर कहा है कि ईसाई धर्म पर अनुचित टिप्पणी करने को लेकर इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार के निमंत्रण पर एक महीने की यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे नाइक ने कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे शहरों में विवादास्पद व्याख्यान दिए। तीन दशकों में यह उसकी पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह 1992 में पाकिस्तान आया था। धनशोधन और नफरत भरे भाषणों के जरिए चरमपंथ भड़काने के आरोप के चलते नाइक ने 2016 में भारत छोड़ दिया था। उसे मलेशिया सरकार द्वारा वहां स्थायी निवास की अनुमति दी थी।

खगोल विज्ञान | हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए हुआ है खुलासा

# जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90

संवाददाता, नैनीताल



हबल द्वारा ली गई आकाशगंगा मेसियर 90 की तस्वीर।

**अमृत विचार:** आकाशगंगाओं का जीवन भी निश्चित नही है, जो कभी भी खत्म हो सकता है। एक ऐसी ही आकाशगंगा का पता चला है, जो विलुप्त के कगार पर जा पहुची है। इस आकाशगंगा का नाम मेसियर 90 है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए इसका खुलासा हो पाया है। ब्रह्मांड हमारी कल्पनाओं से परे की वस्तु है। जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक विशाल व रहस्यमय है।

चार शताब्दी गुजर चुकी हैं, ब्रह्मांड को समझने में, लेकिन अभी तक हमारी समझ एक सीमित सीमा तक ही पहुच पाई है। यह जानकर आश्चर्य होता है कि किसी आकाशगंगा का अस्तिव भी मिट सकता है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अपनी आकाशगंगा में हमारी पृथ्वी का कितना स्थान है, जो एक कण जितना भी नही है और अविरल असाधारण अनंत में फैली हमारी आकाशगंगा भी एक दिन समाप्त हो जाएगी। इससे जाहिर है कि ब्रह्मांड की थाह पाना आसान नही है और अब एक आकाशगंगा के विलुप्त होने की खबर मिलना हैरत मे डालता है। विलुप्त होने जा रही मेसियर 90 नामक आकाशगंगा सर्पिल है। जिसकी ताजा तस्वीरें हबल दूरबीन ने ली हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई तस्वीरें आश्चर्यजनक हैं। इसके चारों ओर धूल भरी डिस्क और एक गैसीय प्रभामंडल है। इसके चमकीले कोर का संपूर्ण दृश्य नजर आता है। डिस्क के आंतरिक क्षेत्र तारों का निर्माण स्थल हैं। एम90 अपेक्षाकृत निकटवर्ती कन्या समूह की आकाशगंगाओं के बीच स्थित है और इसकी कक्षा लगभग 300 मिलियन वर्ष पहले क्लस्टर के केंद्र के निकट एक पथ पर एम90 को ले गई थी। इस दौरान विपरीत तेज हवा आकाशगंगा में भारी पड़ गई। जिस कारण आकाशगंगा से भारी मात्रा में गैस निकल गई और नए तारे बनाने के क्षमता खत्म हो गई। परिणामस्वरूप सर्पिल आकाशगंगा अंततः लुप्त हो रही है।

### हमारी दिशा में बढ़ रही आकाशगंगा

नैनीताल : एम90 पृथ्वी से 55 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह हमारे करीब आ रही है। आकाशगंगाओं में से एक है। विर्गो क्लस्टर के कारण इसकी कक्षा में गति बेहद तेज हो गई है। जिस कारण यह पूरी तरह से क्लस्टर से बाहर निकलने की प्रक्रिया में है। संयोगवश यह हमारी दिशा में आगे बढ़ रही है।